


बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 26 मार्च 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 8 | अंक - 57 | मूल्य - 5 रुपये









# ईरान ने अमेरिका का युद्धविराम प्रस्ताव खारिज किया, पश्चित एशिया में जमीनी हमले किए तेज..



दुबई, (एपी)।

***ईरान ने बुधवार को पश्चिम एशिया में युद्धविराम के अमेरिका के प्रस्ताव को खारिज कर दिया और इजराइल व खाड़ी अरब देशों पर हमले तेज कर दिए।***

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से जुड़े विभिन्न गुटों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि लड़ाई 'उन सीमाओं को पार कर चुकी है, जिनकी कल्पना नेताओं ने भी नहीं की थी'। युद्धविराम प्रस्ताव के बावजूद ईरान ने कुवैत अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को भी निशाना बनाया, जिससे वहां भीषण आग लग गयी।

ईरान ने ये जवाबी हमले ऐसे समय में किये हैं, जब इजराइल ने तेहरान पर हवाई हमले किए और वाशिंगटन ने क्षेत्र में पैराट्रूपर्स व अधिक संख्या में मरीन सैनिकों की तैनाती की। ईरान के सरकारी समाचार प्रसारक 'प्रेस टीवी' ने एक अज्ञात अधिकारी के हवाले से बताया कि ईरान ने अमेरिका के युद्धविराम प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। प्रेस टीवी की यह खबर पाकिस्तान द्वारा ईरान को प्रस्ताव भेजे जाने के बाद आई है।

प्रेस टीवी ने अधिकारी के हवाले से बताया, ईरान युद्ध तभी समाप्त करेगा जब वह ऐसा चाहेगा और जब उसकी शर्तें पूरी होंगी। अधिकारी ने बताया कि तेहरान पश्चिम एशिया में अपने 'जोरदार हमले' जारी रखेगा। इस बीच, संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतारेस ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष से जुड़े विभिन्न गुटों की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि लड़ाई 'उन सीमाओं को पार कर चुकी है, जिनकी कल्पना नेताओं ने भी नहीं की थी'। उन्होंने अमेरिका और इजराइल से ईरान के साथ युद्ध समाप्त करने का आग्रह किया। गुतारेस ने ईरान से खाड़ी देशों पर हमले रोकने का आह्वान करते हुए कहा, 'यह हद से ज्यादा हो गया है'।ईरान को प्रस्ताव सौंपने वाले पाकिस्तान के दो अधिकारियों ने 15 बातों का जिक्र करते हुए बताया कि इसमें प्रतिबंधों में राहत, ईरान के परमाणु कार्यक्रम को वापस लेना, मिसाइलों की सीमा तय करना और होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से खोलना शामिल है। होर्मुज एक महत्वपूर्ण जलमार्ग है, जिसके माध्यम से दुनिया का 20 प्रतिशत तेल का निर्यात होता है। मध्यस्थता प्रयासों में शामिल मिस्र के एक अधिकारी ने बताया कि प्रस्ताव में सशस्त्र समूहों को ईरान के समर्थन पर प्रतिबंध शामिल हैं।

अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर जानकारी साझा की। इनमें से कुछ मुद्दे युद्ध से पहले की बातचीत में विचारणीय थे। ईरान ने इस बात पर जोर दिया कि वह अपने बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम या उन क्षेत्रीय सशस्त्र समूहों को दिए जाने वाले समर्थन को लेकर कोई चर्चा नहीं करेगा, जिसे वह अपनी सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण मानता है। होर्मुज जलडमरूमध्य से आवागमन पर नियंत्रण रखने की ईरान की क्षमता उसके सबसे बड़े सामरिक प्रभावों में से एक है। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में अंतरराष्ट्रीय नौवहन को बाधित कर दिया है, जिसके कारण ईंधन की कीमतें आसमान छू रही हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए खतरा पैदा हो गया है। इससे पहले, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पश्चिम एशिया में युद्ध में जीत का दावा करते हुए कहा था कि ईरान परमाणु हथियार कभी नहीं रखने पर सहमत हो गया है और उसने होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ी एक ''महत्वपूर्ण सौगात'' भेजी है। ट्रंप ने मंगलवार को 'ओवल ऑफिस (अमेरिका के राष्ट्रपति का कार्यालय) में संवाददाताओं से बातचीत में दावा किया था कि ईरान ''समझौता करने'' का इच्छुक है। राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान के मौजूदा नेतृत्व में पहले ही बड़े बदलाव हो चुके हैं।

ट्रंप ने नये गृह मंत्री के रूप में मार्कवेन मुलिन के शपथ ग्रहण समारोह के बाद संवाददाताओं से कहा, ''मैं पहले से यह नहीं कहना चाहता, लेकिन वे इस बात पर सहमत हो गए हैं कि वे कभी परमाणु हथियार नहीं रखेंगे।'' ट्रंप ने कहा कि ईरानी नेतृत्व ने होर्मुज जलडमरूमध्य और तेल की आपूर्ति से जुड़ी एक ''महत्वपूर्ण सौगात'' अमेरिका को दी है। ट्रंप ने कहा, ''तो मेरे लिए इसका एक ही मतलब है कि हम सही लोगों से बातचीत कर रहे हैं। नहीं, यह (तोहफा) परमाणु हथियार से जुड़ा नहीं है। यह तेल और गैस से जुड़ा है।'' अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि ईरान के खिलाफ युद्ध जीत लिया गया है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ने ईरान की उस परमाणु क्षमता को पूरी तरह नष्ट कर दिया, जिसका इस्तेमाल पश्चिम एशिया में अमेरिका के सहयोगियों के खिलाफ किया जा सकता था। ट्रंप ने कहा, ''हमने उन्हें तबाह कर दिया है। उनकी परमाणु क्षमता को बिल्कुल तबाह कर दिया। अगर हमने (बी-2 बमवर्षक विमानों का इस्तेमाल करते हुए) हमला नहीं किया होता तो उनके पास परमाणु हथियार होता। वे निश्चित रूप से उसका इस्तेमाल करते और वे उसका इस्तेमाल इजराइल समेत पूरे पश्चिम एशिया में करते।'' ट्रंप के इस बयान के बाद ईरान की सेना के एक प्रवक्ता ने युद्धविराम समझौते से जुड़े अमेरिकी प्रयासों का बुधवार को मजाक उड़ाया, जिससे यह सवाल उठने लगे कि क्या अमेरिका द्वारा प्रस्तावित 15-सूत्री योजना के सफल होने की कोई संभावना है। ईरान की नियमित सेना और अर्द्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड की संयुक्त रूप से कमान संभालने वाले 'खातम अल-अन्बिया सेंट्रल हेडक्वार्टर' के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल इब्राहिम जुल्फघारी ने 15-सूत्री योजना को मध्यस्थों के जरिये ईरान को सौंपे जाने के बाद यह टिप्पणी की। ट्रंप ने कहा है कि अमेरिकी अधिकारी इस योजना पर ईरान के साथ बातचीत कर रहे हैं, लेकिन सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक बयान में जुल्फघारी ने इस बात के संकेत दिये कि कोई बातचीत नहीं हो रही। उन्होंने कहा, ''क्या आपके आंतरिक मतभेद इस हद तक पहुंच गए हैं कि आप खुद से ही बातचीत कर रहे हैं?'' जुल्फघारी ने कहा, ''पहले दिन से ही हमारी पहली और आखिरी बात यही रही है और यही रहेगी : हम जैसे लोग आप जैसे लोगों के साथ कभी समझौता नहीं करेंगे। न अभी, न कभी।''

एक अधिकारी ने अपनी पहचान गोपनीय रखने की शर्त पर बताया कि 15-सूत्री युद्धविराम योजना पाकिस्तान के मध्यस्थों के जरिये ईरान को सौंपी गई। पाकिस्तान ने अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत में मध्यस्थता की पेशकश की है।




## 'बारामती विमान दुर्घटना मामले में बेंगलुरु में प्राथमिकी दर्ज होने का मकसद महाराष्ट्र को बदनाम करना' - सीएम फडणवीस

मुंबई, (भाषा)।

***महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि विमान दुर्घटना में पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मृत्यु होने के मामले में बेंगलुरु में 'जीरो एफआईआर' दर्ज की जाना राज्य की छवि धूमिल करने की एक 'रणनीतिक कोशिश' है।***



विधानसभा में विपक्ष द्वारा लाए गए प्रस्ताव और राकांपा(एसपी) के विधायक रोहित पवार द्वारा उठाए गए मुद्दों का जवाब देते हुए फडणवीस ने कर्नाटक में दर्ज प्राथमिकी को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया। उन्होंने कहा कि 'जीरो एफआईआर' केवल तब दर्ज की जा सकती है जब पीड़ित स्थानीय थाने तक नहीं पहुंच सकता हो या यह स्पष्ट न हो कि अपराध किस थानाक्षेत्र में हुआ। गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे फडणवीस ने कहा, ÷अगर ऐसा होता रहा, तो महाराष्ट्र के नेता भी मुंबई के थानों में कर्नाटक के अधिकारियों के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज करा सकते हैं।

अजित पवार के भतीजे रोहित पवार ने मंगलवार को कहा था कि कथित लापरवाही के संबंध में महाराष्ट्र पुलिस द्वारा उनकी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज न किए जाने के कारण उन्होंने बेंगलुरु में 'जीरो एफआईआर' दर्ज कराई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मामला फिलहाल आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट (एडीआर) के रूप में दर्ज है। उन्होंने कहा, यदि जांच में लापरवाही या किसी साजिश का पता चलता है, तो आरोप पत्र दाखिल करने के समय एडीआर को प्राथमिकी में बदला जाएगा। जांच की जानकारी देते हुए फडणवीस ने कहा कि मुंबई और बारामती के सीसीटीवी फुटेज से अजित पवार के विमान में सवार होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि डीएनए और विसरा जांच समेत फॉरेंसिक रिपोर्ट में शराब के सेवन, जहर के संबंध में सबूत नहीं मिले।











दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी
● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# मां खैरापति मंदिर में 45 वर्षों से अखंडित परंपरा, 65 कलश स्थापना के साथ भक्ति और उत्साह का अदभुत संगम





जगप्रेरणा सिवनी।

***नगर के मंगलीपेठ स्थित कस्तूरबा वार्ड में विराजमान मां खैरापति मंदिर इन दिनों गहन आस्था, श्रद्धा और धार्मिक उत्साह का केंद्र बना हुआ है।***

बीते लगभग 45 वर्षों से निरंतर चली आ रही इस गौरवशाली परंपरा के तहत इस वर्ष भी पूरे विधि-विधान, मंत्रोच्चार और भक्तिभाव के साथ 21 मार्च को 65 कलश एवं एक विशेष थप्पर कलश की स्थापना की गई। कलश स्थापना के साथ ही मंदिर परिसर और आसपास का पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया है।

कलश स्थापना के बाद से प्रतिदिन सुबह-शाम पूजा-अर्चना, आरती, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला निरंतर जारी है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर मां खैरापति के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। पूरे वार्ड में आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मक वातावरण का अनुभव किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में धार्मिक एकता और सामाजिक समरसता भी मजबूत हो रही है। आयोजन के अंतर्गत 28 मार्च को विशेष हवन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी श्रद्धालु, भक्तगण एवं मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में शामिल होकर यज्ञ में आहुति देंगे। यह हवन कार्यक्रम आयोजन का महत्वपूर्ण आध्यात्मिक केंद्र रहेगा, जिसमें क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और कल्याण की कामना की जाएगी।

कार्यक्रम का भव्य समापन 29 मार्च को कलश विसर्जन के साथ होगा। इस अवसर पर आकर्षक एवं भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें सजीव धार्मिक माहौल, रंग-बिरंगी लाइटिंग और आधुनिक डिस्को लाइट की सजावट के बीच श्रद्धालु पूरे उत्साह और उल्लास के साथ शामिल होंगे। ढोल-नगाड़ों, भक्ति गीतों और जयकारों से वातावरण गूंज उठेगा, जिससे पूरे नगर में उत्सव जैसा दृश्य देखने को मिलेगा।

कलश विसर्जन के पश्चात प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस भंडारे में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। सभी के लिए प्रसाद की व्यवस्था श्रद्धा और सेवा भाव के साथ की जाती है, जिससे सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश भी प्रसारित होता है। इस संपूर्ण धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में कस्तूरबा वार्ड की महिलाओं, पुरुषों, युवाओं एवं मंदिर समिति के सदस्यों की भूमिका अत्यंत सराहनीय रहती है। सभी लोग तन, मन और धन से सहयोग करते हुए इस परंपरा को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। इसके साथ ही नगर के गणमान्य नागरिकों और आसपास के क्षेत्रवासियों का सहयोग भी आयोजन को भव्यता और गरिमा प्रदान करता है। लगातार 45 वर्षों से अनुशासन, आस्था और सामूहिक सहभागिता के साथ आयोजित हो रहा यह धार्मिक कार्यक्रम न केवल सिवनी की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को सुदृढ़ कर रहा है, बल्कि नई पीढ़ी को भी परंपराओं से जोड़ते हुए एक नई प्रेरणा और कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।

# महावीर जयंती पर रजत रथ के विशेष आकर्षण के साथ निकाली जाएगी शोभायात्रा..

## गजेंद्र प्रियांशु, शबीना अदीव जैसे दिग्गज चेहरे करेंगे कवि संमेलन में काव्य पाठ..

जगप्रेरणा सिवनी।

***आगामी महावीर जन्म जयंती के परंपरागत विविध कार्यक्रमों को हर्ष एवं उल्लास पूर्वक आयोजित करने की प्ररूपणा को लेकर जैन समाज सिवनी द्वारा व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई है।***

जन्म जयंती समिती संयोजक नितेश गोयल सह संयोजक द्वय चंदन जैन एवं शांतनू चौधरी ने पंच दिवसीय आयोजनों की जानकारी देते हुए बताया कि 26 मार्च को जन्मोत्सव समिति द्वारा स्थानीय वृद्धाश्रम में फल वितरण 27 मार्च को बींझावड़ा स्थित दयोदय जीव रक्षा संस्थान गौशाला में संपूर्ण गौ वंश को गौ ग्रास में रोटी गुड एवं अन्य खाद्य पदार्थों का सेवन कराया जाएगा।28 एवं 29 मार्च की रात्रि में राम मंदिर के बाजू वाले प्रांगण में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन किया जावेगा। 29 को ही प्रातः 8 बजे भगवान महावीर के अहिंसात्मक संदेशों का प्रचार प्रसार करते हुए,गगन भेदी श्रीवीर प्रभु की जयनाद के साथ विशाल अहिंसात्मक वाहन रैली नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए बड़े जैन मंदिर के सामने आकर विराम लेगी।



जन्म जयंती के दिवस सोमवार 30 मार्च को जियो और जीने दो के सूत्र को उदघोषित करते हुए भक्ति भाव से स्तुति भजन आदि का पठन करते हुए प्रातः 7 बजे से प्रभात फेरी एवं पश्चात दोनों मंदिरजी में ध्वजारोहण का आयोजन पश्चात श्री महावीर प्रभु की प्रतिमा का बड़े बाबा जी के चौक में पाण्डुक पीठ पर भव्य महाभिषेक पूजन आरती सम्पन्न किया जाएगा उपरांत बच्चों के खेल कूद,बौद्धिक प्रतियोगिताएं आयोजित कि ज़ावेगी।

## धूम धाम से निकलेगी भव्य शोभायात्रा..

दोपहर में 3 बजे से वैश्विक अनमोल धरोहर रजत रथ के विशेष आकर्षण के साथ श्री महावीर प्रभु की भव्य शोभायात्रा अपने निर्धारित मार्गो से निकाली जाएगी। रात्रि में 8 बजे से वर्तमान परिवेश में वर्धमान महावीर प्रभु के अहिंसात्मक संदेशों की प्रासंगिकता विशेष पर अहिंसा सम्मेलन का आयोजन जिसमें विद्वान वक्ताओं द्वारा प्रबोधन प्रदान किया जाएगा।

अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन की चौपाल में हिंदुस्तान के जाने माने कविबो की जमघट महावीर जयंती के विशेष आकर्षण के रूप में रात्री 9 बजे गांधी चौक शुक्रवारी के मंच से ही अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है।

यह एक ऐसा लोकप्रिय आयोजन रहा जिसका पूरे वर्ष भर सिवनी एवं आस पास के जिलों के सुधि श्रोताओं को दीर्घ इंतजार बना रहता है . इस वर्ष भी साहित्य की अनेक विधाओं में पारंगत भारत विख्यात कवि गण जिनमें गीत गजलो एवं शायरी की दुनिया की मशहूर शायरा शबीना अदीव, गजेन्द्र प्रियांशु, अभय निर्भीक, आर के चतुर्वेदी , सौरभ जायसवाल ,श्रुति जैन विकास वैरागी आदि की विशेष उपस्थिती रहेगी वैरागी आदि की विशेष उपस्थिती रहेगी।

# पेसा एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग को लेकर धनौरा में सम्मेलन, राज्यपाल के नाम सौंपा ज्ञापन..





जगप्रेरणा धनौरा।

***ब्लॉक इकाई धनौरा के अंतर्गत ग्राम सभा पेसा एक्ट अध्यक्षों द्वारा 114 ग्रामों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित किया गया,***

जिसमें पेसा एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जनजातीय क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन भी सौंपा गया।

सम्मेलन में वक्ताओं ने कहा कि आदिवासी क्षेत्रों के विकास एवं अधिकारों की रक्षा के लिए बनाए गए पेसा एक्ट के प्रावधान आज भी जमीनी स्तर पर पूर्ण रूप से लागू नहीं हो पाए हैं। कई विभागों के नियम एवं योजनाएं कागजों तक सीमित हैं, जिससे स्थानीय लोगों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन का ध्यान विभिन्न गंभीर समस्याओं की ओर आकर्षित कराया गया। इसमें प्रमुख रूप से आदिवासी क्षेत्रों में अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग उठाई गई। बताया गया कि गांव-गांव में शराब की बिक्री से सामाजिक एवं पारिवारिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है, जिससे युवा पीढ़ी पर नकारात्मक असर पड़ रहा है।

इसके अलावा ज्ञापन में पंचायत क्षेत्रों में संचालित अवैध गतिविधियों पर तत्काल कार्रवाई, विस्थापित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने, तथा ग्राम सभाओं को उनके अधिकारों के अनुरूप निर्णय लेने की स्वतंत्रता देने की मांग की गई।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि मध्यप्रदेश पंचायत उपबंध नियम 2022 के तहत बनाए गए प्रावधानों का कड़ाई से पालन कराया जाए तथा प्रत्येक ग्राम में नियमों की जानकारी हेतु सूचना बोर्ड लगाए जाएं, जिससे आमजन को उनके अधिकारों की जानकारी मिल सके। वन उपज के संरक्षण एवं संग्रहण का अधिकार ग्राम सभा को दिए जाने, तथा ग्राम स्तर पर गठित समितियों को सक्रिय कर उनके अधिकारों का प्रचार-प्रसार करने की मांग भी प्रमुख रूप से उठाई गई।

कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई, तो आने वाले समय में आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में ग्राम सभा पेसा एक्ट अध्यक्ष, जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे, जिन्होंने एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाई और ज्ञापन के माध्यम से शासन तक अपनी बात पहुंचाई।

# माता काली दरबार जामुन टोला में जगमगा रहे 301 कलश





जगप्रेरणा बरघाट।

***बरघाट मुख्यालय से 8 किमी दूर माता काली दरबार जामुनटोला में चैत्र नवरात्र में भक्ति का अनुपम दृश्य देखने को मिल रहा है,***

मातारानी के दरबार में 301 ज्योति कलश स्थापना किए गए है। जो आस्था व विश्वास का प्रतीक है, देवी भक्त सुबह, शाम आरती पूजा कर माता काली की आराधना कर रहे है। बाबा जी महेश नागेश्वर ने बताया कि इस दरबार में 14 वर्षों से चैत्र नवरात्र की पंचमी तिथि को कलश स्थापना होती है। माता काली के दरबार में मुंबई, नागपुर, जबलपुर, सिवनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा, सहित महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश के अनेकों जिलों से श्रद्धालु अपनी मान्यता लेकर माता काली के दरबार में हाजरी लगा रहे है, अपनी मनोकामना पूर्ण होने पर माता काली के दरबार में श्रद्धालुओ के द्वारा ज्योति कलश स्थापित किए जाते है।

## भक्तिभाव के साथ हो रही पूजा आराधना..

जामुनटोला गांव में माता काली के दरबार में दर्शन पूजन के लिए बड़ी संख्या पर दूरदराज से श्रद्धालु पहुंच रहे है, शक्ति की भक्ति में लीन श्रद्धालु व्रत रखकर सुबह शाम पूजा आराधना कर रहे है। 301 ज्योति कलश से माता काली का दरबार जगमगा रहा है 23 मार्च 2026 पंचमी तिथि को माता काली दरबार जामुन टोला दरबार में श्रद्धालुओ ने मनोकामना कलश प्रज्वलित करवाए है, माता काली के दर्शन पूजन करने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

31 मार्च 2026 दिन मंगलवार को दोपहर 2 बजे से विशाल कलश ज्वारे शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा के दौरान विशेष झांकी घोड़े बाजे गाजे के कलश शोभायात्रा विसर्जन पहुंचेगी, माता काली के दरबार में विशाल भंडारा प्रसादी वितरण किया जाएगा।

दैनिक जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों के लिये संपर्क करें मो. 9329033433

## शासकीय रास्ते की भूमि पर अतिक्रमण हटाकर..

# कब्रिस्तान, श्मशान घाट एवं मंदिर में श्रद्धालुओं हेतु पार्किंग व्यवस्था की मांग



जगप्रेरणा सिवनी।

म.प्र. मुस्लिम विकास परिषद, सिवनी द्वारा आज जिला कलेक्टर सिवनी को एक महत्वपूर्ण ज्ञापन सौंपते हुए ग्राम डोरली छतरपुर स्थित शासकीय रास्ता भूमि (खसरा क्रमांक 63/1, रकबा 1.65 हेक्टेयर) पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने की मांग की गई। परिषद ने ज्ञापन में अवगत कराया कि उक्त भूमि राजस्व अभिलेखों में शासकीय रास्ता के रूप में दर्ज है तथा इसके समीप मुस्लिम कब्रिस्तान, श्मशान घाट एवं सिद्ध काली मंदिर स्थित हैं। यहां हिंदू एवं मुस्लिम दोनों समुदायों द्वारा अंतिम संस्कार एवं धार्मिक गतिविधियां संपन्न की जाती हैं।

परिषद ने आरोप लगाया कि सनसिटी कॉलोनी के कॉलोनाइजर द्वारा इस शासकीय भूमि पर तार फेंसिंग कर अवैध अतिक्रमण किया गया है, जिससे आमजन को आवागमन में भारी असुविधा हो रही है। साथ ही, कब्रिस्तान, श्मशान घाट एवं मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को अपने वाहनों की अस्थायी पार्किंग हेतु भी गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि अतिक्रमण के कारण रास्ता संकरा हो गया है, जिससे शव यात्रा के दौरान अत्यधिक कठिनाइयाँ उत्पन्न हो रही हैं और कभी भी गंभीर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। प्रमुख मांगें में शासकीय रास्ता भूमि से तत्काल अतिक्रमण हटाया जाए, श्मशान घाट एवं कब्रिस्तान तक सुरक्षित एवं चौड़ा मार्ग सुनिश्चित किया जाए, अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, श्रद्धालुओं के लिए अस्थायी वाहन पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए.

परिषद ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया, तो संगठन जनहित में आंदोलन करने को बाध्य होगा। इस अवसर पर परिषद के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश महामंत्री शोएब राजा, जिला सरपरस्त हाजी शब्बीर वारसी, हाजी हनीफ अंसारी, जिलाध्यक्ष साजिद खान (सज्जू), जिला उपाध्यक्ष लाईक पटेल, जिला सचिव सिराजउद्दौला, कोषाध्यक्ष रहीम शाह, लीगल एडवाइजर एडवोकेट असल गौरी, एडवोकेट सलमान पटेल एवं एडवोकेट मतीन खान उपस्थित रहे।

# नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा भगतसिंह वार्ड में बैठक आयोजित कर किया गया वार्ड समिति का गठन..





जगप्रेरणा सिवनी।

आज संगठन सृजन अभियान के तहत नगर कांग्रेस कमेटी सिवनी के द्वारा वार्ड समिति के गठन हेतु भगतसिंह वार्ड में बैठक आयोजित की गई इस बैठक में भगतसिंह वार्ड क्र.23 की वार्ड समिति का गठन किया गया, जिसमें भगतसिंह वार्ड कांग्रेस समिति अध्यक्ष पद पर सर्वसहमति से शादाब शालु खान की नियुक्ति की गई इसके बाद क्रमशः वार्ड महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री शिफा कुरैशी, वार्ड युवा कांग्रेस अध्यक्ष शेख निसार , वार्ड NSUI अध्यक्ष रिहान शाह, ओ बी सी प्रकोष्ठ अध्यक्ष पप्पू खान, वार्ड कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अर्श खान, अल्पसंख्यक अध्यक्ष सुश्री शबाना खान, बाल कांग्रेस अध्यक्ष अर्शिल खान व अन्य प्रकोष्ठ अध्यक्ष, सदस्य बनाए गए ।

इस बैठक को हमारे जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी, गुरुनानक वार्ड से पार्षद राजिक अकील, युवा कांग्रेस के सिवनी विधानसभा अध्यक्ष व जिला पंचायत सदस्य नितिन डहरिया, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता साबिर अंसारी उगली ने संबोधित किया, इस बैठक की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत यादव ने की व बैठक के प्रभारी पार्षद नब्बू भाई रहे। इस वार्ड समिति के गठन की प्रक्रिया को सफल बनाने हेतु जिला कांग्रेस संगठन मंत्री हनीफ अंसारी, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सुरेंद्र करोसिया, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आदित्य मोंटू भूरा, आसिम मंसूरी, इब्राहिम भाई पार्षद, नसीम बब्लू भाई, अज्जू कश्यप, सुश्री अंजुम अंसारी, सुश्री नाजनीन, श्रीमती आमना बी, आदी बडी संख्या मे कांग्रेस जन उपस्थित रहे। अंत में नगर कांग्रेस अध्यक्ष श्री तनवीर अहमद जी ने आभार व्यक्त किया ।


# छपारा में 28 मार्च को नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं सर्जरी परामर्श शिविर..

जगप्रेरणा छपारा।

मसीही समाज एवं मिशन स्कूल, छपारा के संयुक्त तत्वावधान में 28 मार्च 2026 (शनिवार) को मिशन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छपारा में प्रातः 10:00 से 4:00 बजे तक निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच एवं विशेषज्ञ परामर्श शिविर का आयोजन किया जाएगा।

शिविर में क्षेत्र के प्राचीन और सुप्रसिद्ध 'मिशन अस्पताल, लखनादौन' के अनुभवी चिकित्सकों द्वारा सेवाएँ प्रदान की जाएंगी। विशेष रूप से आधुनिक दूरबीन पद्धति (लैप्रोस्कोपिक) एवं सामान्य सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. स्टीफन टॉम जूड द्वारा मरीजों का परीक्षण एवं परामर्श किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्र के नागरिकों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाएं और अपने परिचितों को भी इस शिविर की जानकारी दें।

## चौरसिया मंगल भवन में श्री रामनवमी के पावन पर्व के अवसर पर कार्यक्रम..





जगप्रेरणा सिवनी।

चौरसिया समाज सिवनी के तत्वाधान में आगामी 27 मार्च शुक्रवार को स्थानीय चौरसिया मंगल भवन राधाकृष्ण नगरी बरघाट नाके के पास सिवनी में श्री रामनवमी के पावन पर्व के अवसर पर प्रातः 9 बजे शहर के प्रमुख मंदिर पर पहुंचकर पूजन-अर्चन किया जायेगा, तत्पश्चात प्रातः 11 बजे से श्री श्री 1008 पूज्य डोमन गुरू बाबा (बरई बाबा) मंदिर में हवन-पूजन एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम संपन्न होगा इसके बाद दोपहर 01 बजे से शाम 5 बजे तक सामजिक भोज का कार्यक्रम रखा गया है। चौरसिया समाज के जिला अध्यक्ष मूलचंद चौरसिया एवं पदाधिकारियों के द्वारा जानकारी देते हुए उक्त धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम में सभी सामाजिक बंधुओं, माताओं, बहनों, बच्चों, युवाओं, वृद्धजनों से अधिक से अधिक सं या में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।

## सहकारी समिति बाँकी में पहुंचे अपर आयुक्त..



जगप्रेरणा सिवनी।

अपर आयुक्त सहकारिता विभाग मुख्यालय भोपाल से अंबरीश वैद्य के द्वारा सेवा सहकारी समिति बाँकी का निरीक्षण किया गया। साथ ही शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए। अपर आयुक्त दो दिन के प्रवास पर सिवनी आए थे। निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधक एस के राजपूत एवं समिति बंडोल प्रबंधक संदीप साहू समिति वीसावाडी से प्रबंधक रितेश राय एवं तीनों समितियो के अधिकारीकर्मचारीउपस्थित रहे।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP
डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS
मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक
विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध
पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039


कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर,
शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 94258-22975


### बैड बाजो और देवी देवताओं की आकर्षक झांकियो के साथ

## रामनवमी पर्व पर बालाघाट शहर में पुराने श्रीराम मंदिर से निकलेगी आज भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा

### श्री राम मंदिर ट्रस्ट व विहिप ने की नगर की जनता से भव्य उपस्थिति की अपील..



जगप्रेरणा बालाघाट। ***रामनवमी पर्व को लेकर नगर मुख्यालय सहित पूरे जिले में बनी असमंजस की स्थिति को समाप्त करते हुए राम मंदिर ट्रस्ट एवं विश्व हिंदू परिषद ने 26 मार्च 2026 को ही रामनवमी मनाने का निर्णय लिया है। इसकी जानकारी 25 मार्च को स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में दी गई।***

विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष यज्ञेश (लालू) चावड़ा ने प्रेस कान्फ्रेंस आयोजित कर बताया कि श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या सहित पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र में भी 26 मार्च को ही रामनवमी मनाई जा रही है। इसी परंपरा का अनुसरण करते हुए बालाघाट जिले में भी आज ही रामनवमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा।

### शाम 4 बजे निकलेगी भव्य शोभायात्रा

रामनवमी के अवसर पर आज 26 मार्च को शाम करीब 4 बजे पुराने राम मंदिर से भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यह शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नगर भ्रमण करेगी और काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर में समापन होगा। यहां श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी वितरण का आयोजन भी किया जाएगा। इस शोभायात्रा में विभिन्न आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

खास तौर पर राजनांदगांव से आने वाली झांकियां और उज्जैन से आने वाले डमरू दल श्रद्धालुओं को आकर्षित करेंगे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुराने श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सुरेश सोनी, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला संघ चालक वैभव कश्यप, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल, विनोद रंगलानी, सुशील ठाकुर एवं अन्य अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### सप्ताहभर चले धार्मिक आयोजन

रामनवमी के पूर्व नगर में एक सप्ताह तक विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 19 मार्च को उत्कृष्ट विद्यालय मैदान से विशाल बाइक रैली एवं नगर भ्रमण निकाला गया। 21 एवं 22 मार्च को नगर के प्रमुख चौराहों पर प्रतिमाएं स्थापित की गई। 23 मार्च को अंबेडकर चौक में स्वधारा म्यूजिकल ग्रुप द्वारा संगीतमय 21 हनुमान चालीसा पाठ की प्रस्तुति दी गई।

24 मार्च को श्री गणेश मिश्रा द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजित किया गया। 25 मार्च को महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। 25 मार्च से 26 मार्च तक काली पुतली चौक स्थित हनुमान मंदिर में अखंड राम धुन का आयोजन किया जा रहा है।

### आस्था और उत्साह का माहौल..

रामनवमी को लेकर पूरे बालाघाट जिले में उत्साह और भक्ति का वातावरण बना हुआ है। मंदिरों को सजाया गया है और श्रद्धालु भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव को लेकर विशेष तैयारियों में जुटे हैं। प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा और यातायात की व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं, ताकि शोभायात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके।

## बालाघाट जिले में डीजल, पेट्रोल, एलपीजी गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, अफवाह उड़ाने पर होगी कड़ी कार्रवाई..




जगप्रेरणा बालाघाट। ***बालाघाट जिले में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी गैस की कमी नही है और इनका पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। जिले में डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी गैस की सुचारू रूप से आपूर्ति की जा रही है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि अपनी आवश्यकता के अनुसार ही डीजल, पेट्रोल एवं एलपीजी गैस का क्रय करें और इसका अनावश्यक भण्डारण न करें।***

जिले में पेट्रोल, डीजल एवं एलपीजी गैस की कमी होने या उपलब्ध नही होने संबंधी गलत, भ्रामक जानकारी एवं अफ्वाह न फैलायी जाए। यदि कोई भी व्यक्ति इस संबंध में अफ्वाह फैलाएगा या गलत जानकारी देगा तो उसके विरूद्ध कडी कार्यवाही की जाएगी। जिले के समस्त नागरिकों को सूचित किया गया है कि वर्तमान में जिले में घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडर, पेट्रोल एवं डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। गैस कंपनियों द्वारा नियमित रूप से गैस एजेंसियों को आपूर्ति की जा रही है तथा सभी पेट्रोल पंपों पर भी ईंधन की कोई कमी नहीं है। आमजन से अपील की गई है कि गैस एजेंसी एवं पेट्रोल पंपों पर अनावश्यक भीड़ न लगाएं और अफ्वाहों पर ध्यान न दें। सभी आवश्यक वस्तुएं नियमित रूप से उपलब्ध कराई जा रही हैं। किसी भी प्रकार की समस्या अथवा जानकारी के लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। नागरिकगण अपनी समस्या के निराकरण हेतु निम्न कंट्रोल रूम नंबरों 9340437137, 8989779431, 7582955069 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला प्रशासन द्वारा पेट्रोलियम उत्पादों की आपूर्ति पर सतत निगरानी रखी जा रही है एवं आमजन की सुविधा हेतु आवश्यक सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं।

## कलेक्टर मृणाल मीना ने की महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा..



जगप्रेरणा बालाघाट। ***कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने 25 मार्च को महिला एवं बाल विकास विभाग के सभी परियोजना अधिकारियों की बैठक लेकर आंगनवाडी केंद्रो के माध्यम से*** संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ भी उपस्थित थे। इस बैठक में जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे। बैठक में सर्वप्रथम कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन एवं उनके उपचार की समीक्षा की गई।

इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पोषण ट्रेकर एप्प के डाटा के आधार पर सेम (एसएएम) एवं मेम (एमएएम) श्रेणी के बच्चों का चिन्हांकन करें। इसके लिए आंगनवाडी केंद्रों में नियमित रूप से बच्चों के वजन एवं ऊँचाई की माप ली जाए। बालाघाट नवीन परियोजना एवं लालबर्रा में कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन में संतोषजनक प्रगति नही पाये जाने पर नाराजगी जाहिर की गई और इसमें शीघ्र सुधार लाने के निर्देश दिये गए। कुपोषित बच्चों का 12 फालोअप अनिवार्य रूप से होना चाहिए और इसके बाद वह कुपोषण से मुक्त हो जाना चाहिए। यदि कोई बच्चा कुपोषण से मुक्त नही होता है तो यह माना जाएगा कि उसके 12 फालोअप नही लिये गए है और उसका सहीं उपचार नही किया गया है। इसके लिए बाल विकास परियोजना अधिकारी पर कार्यवाही की जाएगी। कुपोषण से ग्रसित बच्चों के कम संख्या में कुपोषण से मुक्त होने पर बिरसा की प्रभारी बाल विकास परियोजना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये गए।

आंगनवाडी केंद्रो के 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चेों को स्कूल पूर्व शिक्षा दिलाने की समीक्षा के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि पोषण ट्रेकर में दर्ज सभी पात्र बच्चेों को इसमें शामिल किया जाए। 03 से 06 वर्ष की आयु का जो भी बच्चा पोषण ट्रेकर एप्प में दर्ज हो जाता है उसे आंगनवाडी की सभी सेवाओं का लाभ मिलना चाहिए। स्कूल पूर्व शिक्षा के लिए बाल विकास परियोजना कटंगी एवं खैरलांजी में कम बच्चेों का पंजीयन होने पर नाराजगी जाहिर की गई और इसमें शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिये गए। इस दौरान बताया गया कि जिले के आंगनवाडी केंद्रो के 74 हजार 284 बच्चेों को स्कूल पूर्व शिक्षा दिलाया जाना है। इनमें से 12 हजार 451 बच्चें प्रायवेट स्कूलों में दर्ज है और 37 हजार 823 बच्चेों द्वारा माह में कम से कम 21 दिन स्कूल पूर्व शिक्षा ग्रहण की है।

बैठक में कलेक्टर श्री मीना ने राइज बलगिनिटी एप्प के माध्यम से आंगनवाडी की सेवाओं पर निगरानी के लिए चिन्हित आंगनवाडी केंद्रो में इसका नियमित रूप से उपयोग करने एवं उससे प्राप्त डाटा का विश्लेषण करने के निर्देश दिये। पोषण ट्रेकर एप्प एवं राइज बलगिनिटी एप्प के डाटा में समानता आना चाहिए। यदि इनके डाटा में भिन्नता पायी जाएगी तो माना जाएगा कि आंगनवाडी कार्यकर्ता द्वारा पोषण ट्रेकर एप्प में गलत एंट्री की जा रही है। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के प्रकरणों की भी समीक्षा की गई और निर्देशित किया गया कि सभी पात्र महिलाओं को इस योजना का लाभ दिलाया जाए।

## जिला मरार माली समाज द्वारा आज धुमधाम से मनाई जायेगी सम्राट अशोक महान की जयंती..

### कमला नेहरू हॉल में होगा मंचीय कार्यक्रम - जिलाध्यक्ष रमेश पंचे ने किया सजातीय बंधुओं से उपस्थिति का आहवान..



जगप्रेरणा बालाघाट। ***जिला मरारमाली समाज बालाघाट द्वारा 26 मार्च को सम्राट अशोक महान की जन्म जयंती बडे धूमधाम से मनाई जा रही है। जिस दौरान कल 26 मार्च को प्रातः11 बजे एक विशाल रैली शहर में निकाली जावेगी और उसके पश्चात कमला नेहरू भवन में मंचीय कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा। उक्ताशय की जानकारी*** देते हुये जिला मरारमाली समाज के जिलाध्यक्ष रमेश पंचे ने पत्रकारवार्ता में बताया कि चक्रवर्ती सम्राट अशोक की जयंती पहली बार मनाई जा रही है। जिसके लिये मरार समाज द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है। जिले भर के स्वजातीय बंधुओं को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

उन्होने बताया कि जयंती के शुभ अवसर पर प्रातः11 बजे शहर में एक विशाल मोटर साईकिल रैली निकाली जावेगी। जो माता सावित्री बाई फूले कन्या छात्रावास से प्रारंभ होकर शहर भ्रमण पश्चात कमला नेहरू सभाग्रह पहुंचेगी। उन्होने बताया कि कमला नेहरू सभाग्रह में मंचीय कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें अतिथियों द्वारा सम्राट अशोक के संदर्भ में व्याख्यान दिये जायेगें। शासन प्रशासन को एक ज्ञापन भी सौपा जायेगा।

### इनके आतिथ्य में होगा कार्यक्रम..

उन्होने बताया कि 26 मार्च को आयोजित कार्यक्रम का उदघाटन शासकीय जटाशंकर महाविद्यालय के प्राचार्य अशोक मराठे करेगें। वही कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में अखिल भारतीय कुशवाहा समाज महासभा म.प्र. के प्रदेश सचिव राजेश हरदहा उपस्थित होगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला मरार माली समाज बालाघाट के अध्यक्ष रमेश पंचे करेगें। विशेष अतिथि के रूप में आत्माराम पांचे, अध्यक्ष मरार समाज कल्याण समिति गोंदिया, एल.सी.लांजेवार अध्यक्ष फूलमारी समाज बालाघाट, भरतलाल बढमे अध्यक्ष जम्मु माली समाज बालाघाट, उदयसिंह पंचेश्वर मार्गदर्शक एवं सामाजिक चिंतक तथा सालिकराम मौर्य सामाजिक चिंतक को आमंत्रित किया गया है। जबकि कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में सीताराम सैनी, सामाजिक चिंतक डी.एल.मानेश्वर संरक्षक जिला मरारमाली समाज बालाघाट, लेखराम मातरे ब्लाक अध्यक्ष जिला मरारमाली समाज बरघाट, सरस्वती पंचेश्वर जिला सभापति महिला प्रकोष्ठ, सुशीला पंचाले जिला सभापति व्यापारी प्रकोष्ठ एवं प्रो.नरेन्द्र जामरे सामाजिक चिंतक बालाघाट उपस्थित होगें। कार्यक्रम में प्रस्तावना फुले विचार प्रकोष्ठ के जिला सभापति बी.एल.पंचे प्रस्तुत करेगें। वही कार्यक्रम का मंच संचालन जिला मरारमाली समाज के उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी करेगें।

### अखण्ड भारत के निर्माता थे सम्राट..

श्री पंचे ने सम्राट अशोक के संदर्भ में जानकारी देते हुये बताया कि वे मौर्य वंश के तीसरे शासक थे। उन्होने अपने साम्राज्य का विस्तार किया और अखण्ड भारत का निर्माण किया। कालिंग युद्ध के बाद इनके जीवन में निर्णायक परिवर्तन हुआ और उसी के पश्चात वे परोपकार के कार्यो में लग गये। वे प्रेम, सत्य, अहिंसा व शाकाहारी जीवन प्रणाली के सच्चे समर्थक थे। इसीलिए उनका नाम इतिहास में परोपकारी राजा के रूप में जाना जाता है। उनके शासनकाल की महत्वपूर्ण जानकारी उनके शिलालेखो और स्तंभो से प्राप्त होती है। जिसे अशोक स्तंभ कहा जाता है। भारत का राष्ट्रीय प्रतीक अशोक स्तंभ उन्ही की देन है। सामाजिक पदाधिकारियों ने इस कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में उपस्थिति की अपील नागरिकों से की है।

## भाजपा अ.जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष बने सिद्धांत पाटिल



**जगप्रेरणा बालाघाट।** भाजपा संगठन में मोर्चा जिलाध्यक्षो की नियुक्ति की जा रही है, इसी के तहत भाजपा जिला अनुसूचित जाति मोर्चा में जिलाध्यक्ष पद पर सिद्धांत पाटिल की घोषणा की गई है। उन्हें, इस बार, भाजपा संगठन ने, पार्टी के प्रति समर्पित भाव से काम करने के लिए अनुसूचित जाति मोर्चा की बड़ी जिम्मेदारी दी है।

छात्र राजनीति में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से संगठन में सक्रिय और निरंतर काम करते हुए युवा सिद्धांत पाटिल भाजपा में 2010 में आए और निरंतर पार्टी की विचारधारा पर काम करना आरंभ किया। जिसका परिणाम यह रहा कि पार्टी ने भी उन्हें संगठन में काम करने का अवसर दिया। पहले वे युवा मोर्चा में नगर उपाध्यक्ष बनाये गए। जिसके बाद तत्कालीन संगठन में वह भाजपा नगर मंत्री रहे। जिसके बाद अनुसूचित जाति मोर्चा में जिला महामंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि रहे और अब उन्हें जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनुसूचित जाति मोर्चा जिलाध्यक्ष बने युवा सिद्धांत पाटिल ने कहा कि यह एक बड़ी जिम्मेदारी है, अनुसूचित जाति वर्ग को भाजपा ने ही सम्मान देने का काम किया है। जिसके लिए वह प्रदेश नेतृत्व और जिला संगठन का आभार व्यक्त करते है। निश्चित ही जो जिम्मेदारी संगठन में जिला अध्यक्ष के रूप में मिली है, उसका वह पूरी कर्मठता और निष्पक्षता से पालन कर, संगठन की विचारधारा को समाज के अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति तक ले जाकर उन्हें पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। उन्होंने बताया कि केन्द्र की मोदी और प्रदेश की डॉ. मोहन यादव की सरकार, अनुसूचित जाति के लोगों के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक और राजनैतिक उत्थान के लिए काम कर रही है, यही कारण रहा कि कभी कांग्रेस के समय, केवल वोट बैंक रहा समाज, आज राजनीतिक रूप से सक्षम और मजबूत है। उन्होंने, पार्टी संगठन में मिले जिलाध्यक्ष पद के लिए केन्द्रीय, प्रदेश और जिला नेतृत्व का आभार जताया।

अनुसूचित जाति मोर्चा में सिद्धांत पाटिल को जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, भाजपा अध्यक्ष रामकिशोर नानो कावरे, सांसद भारती पारधी, आयोग सदस्य श्रीमती मौसम हरिनखेड़े, विधायक राजकुमार कर्राहे, गौरव पारधी, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश भटेरे, पूर्व विधायक भगत नेताम, पूर्व राज्यमंत्री टी.डी. वैध, भाजपा उपाध्यक्ष अजय मेश्राम, मोनु पांडेय, महामंत्री नरेन्द्र भैरम, संजय मिश्रा, अनुपमा नेताम, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल धुवारे, नपाध्यक्ष भारती ठाकुर, पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, कार्यालय मंत्री सुमित यादव, शशांक डोंगरे, अनमोल रामटेके सहित अन्य कार्यकर्ताओं और सामाजिक लोगों ने बधाई दी है।

## पीजी कॉलेज के छात्रों ने रैली निकालकर दिया जल संरक्षण का संदेश




**जगप्रेरणा बालाघाट।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय बालाघाट में 25 मार्च को जल गंगा संवर्धन अभियान 2026 के अंतर्गत विभिन्न जनजागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में महाविद्यालय परिसर से एक जागरूकता रैली निकाली गई, जिसका उद्देश्य जल संरक्षण के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना रहा। रैली में महाविद्यालय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तियां एवं स्लोगन लेकर ÷जल है तो कल है÷ जैसे संदेशों के माध्यम से लोगों को जल संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक किया। रैली महाविद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर आसपास के क्षेत्रों में पहुंची, जहां विद्यार्थियों ने लोगों को जल बचाने के उपायों के बारे में जानकारी दी। इस आयोजन की सफलता में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे का कुशल मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा। वहीं कार्यक्रम के संचालन एवं रैली को सफल बनाने में प्राध्यापक श्री आनंद सिंह पारधी, श्री संजय कुमार बिसेन (सहायक प्राध्यापक), श्री भिवेन्द्र धुर्वे एवं श्री अतुल मेश्राम का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों एवं आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी तथा ÷जल गंगा संवर्धन अभियान÷ के संदेश का प्रभावी प्रसार हुआ।


॥ श्री जीणमाता की जय ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।


वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935

# परसवाड़ा में भक्तिभाव से मनाया जा रहा चैत्र नवरात्रि महापर्व..

## खेरमाता मंदिर में जगमगा रहे ज्योति कलश, महिलाओं ने निकाली चुनरी यात्रा





जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***शक्ति की आराधना का पावन पर्व चैत्र नवरात्रि पूरे क्षेत्र में श्रद्धा, उल्लास और भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। नौ दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में श्रद्धालु मां जगदंबा की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।***

परसवाड़ा तहसील सहित आसपास के गांवों में मंदिरों और घर-घर में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित कर मां दुर्गा की उपासना की जा रही है। खेरमाता मंदिर में विशेष आकर्षण का केंद्र बने मन्नतों के ज्योति कलश श्रद्धालुओं की आस्था को और भी प्रगाढ़ कर रहे हैं। यहां सुबह से लेकर देर रात तक दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहती हैं। मंदिर परिसर में जलते सैकड़ों ज्योति कलशों की अलौकिक छटा श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देती है। नवरात्रि के दौरान मंदिर में सेवा दे रहे बुजुर्ग किशोरी दादा पूरे विधि-विधान और भक्ति भाव से मां जगदंबा की आराधना कर रहे हैं। वहीं ग्रामीण अंचलों में भी श्रद्धालु अपने-अपने घरों में जवारा बोकर और ज्योति कलश स्थापित कर माता भवानी की पूजा में लीन हैं। रात्रि के समय भजन-कीर्तन और जागरण का आयोजन कर भक्तजन वातावरण को भक्तिमय बना रहे हैं। मान्यता है कि खेरमाता मंदिर में सच्चे मन से की गई प्रार्थना अवश्य पूर्ण होती है। इसी विश्वास के साथ दूर-दूर से श्रद्धालु यहां पहुंचकर अपनी मनोकामनाएं व्यक्त कर रहे हैं। महाअष्टमी के दिन विशेष पूजन के तहत नौ कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन एवं भोग लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया जाएगा। मंदिर में सेवा दे रहे बुजुर्ग किशोरी दादा ने बताया कि गुरुवार 26 मार्च को महाअष्टमी के अवसर पर माता को विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। इसके पश्चात संध्या काल में हवन-पूजन, महाआरती एवं भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। वहीं शुक्रवार प्रातः लगभग 11 बजे ज्योति कलश एवं ज्वारों का विधि-विधान से विसर्जन किया जाएगा।

नवरात्रि के सप्तमी पर्व पर बुधवार शाम महिलाओं द्वारा भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। श्री राम मंदिर प्रांगण से प्रारंभ हुई यह यात्रा मुख्य मार्ग और बस स्टैंड होते हुए खेरमाता मंदिर पहुंची। यात्रा के दौरान महिलाएं भक्ति गीतों पर नृत्य करते हुए पूरे उत्साह के साथ शामिल हुईं। मंदिर पहुंचकर उन्होंने माता रानी को चुनरी अर्पित कर आरती की और सुख-समृद्धि की कामना की। नवरात्रि के इस पावन अवसर पर पूरा परसवाड़ा क्षेत्र भक्तिरस में डूबा हुआ है। हर ओर मां दुर्गा के जयकारों से वातावरण गूंजायमान है और श्रद्धालुओं के मन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है।

# जल गंगा संवर्धन अभियानः परसवाडा क्षेत्र में बोरी बंधान से जल संरक्षण की अनूठी पहल





जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***जल गंगा संवर्धन अभियान (19 मार्च 2026 से 30 जून 2026) के अंतर्गत ÷पानी रोको÷ अभियान को जनभागीदारी के साथ प्रभावी रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 25 मार्च 2026 को जनपद पंचायत परसवाडा***

क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों- सिघई, उमरिया एवं अमवाही-में व्यापक स्तर पर बोरी बंधान कार्य संपन्न किया गया। ग्राम पंचायत सिघई के नहरा नाले स्थित शिव मंदिर के पास प्रातः 9:00 बजे से बोरी बंधान कार्य प्रारंभ हुआ, जिसमें ग्राम पंचायत सिघई एवं उमरिया के सचिवों के नेतृत्व में स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस दौरान जनपद सदस्य गणेश राहंगडाले, जनपद पंचायत परसवाडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डी.आर. उइके, सरपंच, उपसरपंच, पंचगण एवं जनअभियान परिषद के टहेलसिंह पटले सहित उनके साथियों का विशेष सहयोग रहा।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत अमवाही के रक्सी नाला में भी बोरी बंधान कार्य सफ्लतापूर्वक संपन्न किया गया। इस कार्य में ग्राम पंचायत अमवाही के सरपंच, पंच, सचिव एवं अन्य ग्रामीणों ने सक्रिय सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत परसवाडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी की उपस्थिति ने कार्य को और अधिक प्रभावी बनाया।

कार्यक्रम के दौरान जनपद स्तर से श्री सी.एल. दौने सहित ग्राम पंचायत सिघई, उमरिया एवं अमवाही के सचिव, रोजगार सहायक, पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जल संरक्षण के इस पुनीत कार्य में श्रमदान कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

यह अभियान न केवल जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक सहभागिता और जागरूकता का उत्कृष्ट उदाहरण भी प्रस्तुत करता है। बोरी बंधान जैसे कार्यों से वर्षा जल का संचयन संभव होगा, जिससे आने वाले समय में जल स्तर में सुधार एवं जल संकट में कमी आने की उम्मीद है।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे..
मो. 9329033433

# धैर्यवी चौधरी ने 95.6 प्रति. अंक प्राप्त कर ब्लॉक में किया प्रथम स्थान हासिल



जगप्रेरणा परसवाड़ा/कटंगी।

***क्षेत्र के ग्राम मुंडीवाढा कटंगी की छात्रा धैर्यवी चौधरी ने अपनी मेहनत और लगन से शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।***

धैर्यवी, श्री धनेंद्र चौधरी एवं श्रीमती शोभा चौधरी की सुपुत्री हैं। धैर्यवी ने विवेकानंद हायर सेकेंडरी इंग्लिश मीडियम स्कूल, कटंगी से अध्ययन करते हुए यह उत्कृष्ट परिणाम हासिल किया। उनकी इस सफ्लता से परिवार, विद्यालय एवं पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है।

विद्यालय के शिक्षकों ने धैर्यवी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि वह शुरू से ही मेधावी एवं अनुशासित छात्रा रही हैं। उनकी सफ्लता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी।

धैर्यवी ने अपनी सफ्लता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों एवं नियमित अध्ययन को दिया है। क्षेत्रवासियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भी उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# 369 आंगनवाडी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की होगी स्थापना..

## 68 केंद्रो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य पूर्ण

जगप्रेरणा बालाघाट।

***जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जिले के ऐसे आंगनवाडी केंद्र जिनके स्वयं के भवन है उनमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापना का कार्य किया जा रहा है।***

बालाघाट जिले के ऐसे 369 आंगनवाडी केंद्रो के भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। इनमे से 68 आंगनवाडी केंद्र भवनों में यह कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया ने बताया कि बाल विकास परियोजना बैहर के 30, बिरसा के 44, परसवाडा के 40, बालाघाट ग्रामीण के 41, किरनापुर के 30, लांजी के 30, वारासिवनी के 40, लालबर्रा के 38, कटंगी के 41, खैरलांजी के 28 एवं बालाघाट शहरी परियोजना के 08 आंगनवाडी केंद्रो मे रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापना का लक्ष्य दिया गया है। अब तक बाल विकास परियोजना परसवाडा के 20, बालाघाट ग्रामीण के 13, किरनापुर के 02, लांजी के 22, वारासिवनी के 01, लालबर्रा के 05, कटंगी के 09 एवं खैरलांजी के 05 आंगनवाडी केंद्रो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापना का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इनमें से 68 केंद्रो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की स्थापना का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

सक्षम आंगनवाडी केंद्रो में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापना से बारिश के दिनों में छत का पानी व्यर्थ में नही बहेगा, बल्कि यह पानी एक संरचना के माध्यम से जमीन में पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। इससे भू-जल स्तर में वृद्धि होगी।

# परसवाड़ा में नाबार्ड समर्थित एफपीओ की प्रगति पर पीएमसी बैठक आयोजित



जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***बालाघाट जिले के परसवाड़ा स्थित ग्राम सेवा ट्रस्ट कार्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) भोपाल के सहयोग से संचालित किसान उत्पादक संस्थाओं***

(एफ्पीओ) की प्रगति की समीक्षा हेतु पीएमसी बैठक आयोजित की गई। ग्राम सेवा ट्रस्ट द्वारा वर्ष 2019 से संचालित 6 एफ्पीओ का पांच वर्षीय कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में यह बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड बालाघाट रोशन महाजन, आजीविका मिशन परसवाड़ा के प्रबंधक संदीप चौरसिया, उद्यान विभाग के उद्यान अधीक्षक शंकर लाल मर्सकोले, पूर्व जनपद अध्यक्ष रूपा बाई, संगम सीएलएफ प्रबंधक कुंता चौधरी, सहायक विकासखंड प्रबंधक योगेश मरकाम सहित विभिन्न एफ्पीओ के बीओडी, सीईओ एवं ग्राम सेवा ट्रस्ट के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

ग्राम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष रामेश्वर सोनेकर ने एफ्पीओ के गठन से लेकर व्यापारिक गतिविधियों, लाइसेंस प्रक्रिया, सदस्यता विस्तार एवं कानूनी कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। इस दौरान रोशन महाजन ने नाबार्ड एवं शासन द्वारा एफ्पीओ को सशक्त बनाने के लिए संचालित योजनाओं एवं सब्सिडी संबंधी पहल पर विस्तार से प्रकाश डाला। संदीप चौरसिया ने एफ्पीओ के सफ्ल संचालन के लिए निरंतर प्रयास, उत्पादन पर ध्यान एवं बाजार में अलग पहचान बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं शंकर लाल मर्सकोले ने उद्यानिकी विभाग की योजनाओं, विशेषकर पीएमएफ्एमई योजना से जुड़कर कार्य विस्तार के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का जूट क्राफ्ट एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफ्ल संचालन हितांशु सोनेकर (सीईओ, सहेजना एग्री प्रोड्यूसर कंपनी) एवं तेजेंद्र ठाकरे (सीईओ, बूंद एग्री प्रोड्यूसर कंपनी) तथा ग्राम सेवा ट्रस्ट की टीम द्वारा किया गया।

# घरेलु गैस सिलेण्डर को व्यवसायिक उपयोग करने पर बैहर बिरसा के 10 प्रतिस्ठानों पर प्रकरण दर्ज..






जगप्रेरणा बैहर।

***घरेलु उपयोग के 14.2 किलोग्राम वजन के गैस सिलेण्डरों पर होटल, रेस्टारेंट आदि में व्यवसायिक उपयोग किये जाने के मामले में बैहर एवं बिरसा विकासखंड के 10 प्रतिष्ठानों के विरूद्ध द्रवीकृत***

पेट्रोलियम गैस आदेश 2002 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश श्रीवास्तव द्वारा 17 एवं 18 मार्च को बैहर एवं बिरसा विकासखंड के होटर, रेस्टारेंट आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ताज चौपाटी बैहर, कदम रेस्टारेंट बैहर, आईडिया ढाबा कैंडाटोला बिरसा, दावत-ए-बिरयानी मोहगांव, राजपुताना होटल बंजारी टोला, कादरी चिकन बिरयानी भीमजोरी, अल-जम-जम बिरयानी सेंटर मोहगांव, राठौर होटल दमोह, आरके होटल दमोह एवं शंकर भोजनालय दमोह में अवैध रूप से घरेलु गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग किया जाना पाया गया।

जिस पर इन प्रतिष्ठानों के संचालकों के विरूद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस आदेश 2000 का उल्लंघन करने किये जाने पर प्रकरण दर्ज किया गया है।

## कार्यालय ग्राम पंचायत डुडगांव जनपद पंचायत परसवाड़ा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक                दिनांक 17/03/2026

**।। निविदा ।।**

मनरेगा एवं 15 वां वित्त, 5 वां वित्त, विधायक निधि, सांसद निधि एवं अन्य योजना अंतर्गत निर्माण कार्यों में सामग्री सप्लायर हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है । निविदा बंद लिफाफे में दिनांक 20/03/2026 से 26/03/2026 तक कार्यालयीन समय पर कार्यालय ग्राम पंचायत डुड़गांव में वर्ष 2026-2027 के लिए निविदा आमंत्रित है। निविदा खुलने का दिनांक 30/03/2026 को समय 11-00 बजे रहेगा। सामग्री में ईंट, गिट्टी, लोहा, रेत, मुरूम, पानी टैंकर, मिक्सर आदि। सामग्री सप्लायर वेंडर दुकानदारों को प्राथमिकता दी जाएगी।

सरपंच
श्रीमति जेवंती बाई मेरावी

उपसरपंच
श्रीमति सोमकली सोनेकर

सचिव
श्री अर्जुन तिल्लासी

सह सचिव
श्री युवराज धुमकेती

एवं समस्त पंचगण कार्यालय ग्राम पंचायत डुडगांव

# वन स्टॉप सेंटर बैहर में किया गया महिलाओं को सम्मानित..





जगप्रेरणा बैहर।

***अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 24 मार्च 2026 को वन स्टॉप सेंटर (सखी) बैहर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर मृणाल मीना, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम***

अधिकारी दीपमाला मंगोलिया एवं वन स्टॉप सेंटर बैहर की प्रशासक सुश्री रचना चौधरी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना रहा। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को आमंत्रित कर उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में अपर सत्र न्यायाधीश श्री सुरेन्द्र सिंह गुज्जर एवं स्वास्थ्य विभाग से संवेदिता कुमरे उपस्थित रहीं। न्यायाधीश श्री गुज्जर ने महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों और उनकी कानूनी कार्यवाही के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं संवेदिता कुमरे ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए घरेलू उपायों एवं नियमित व्यायाम के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान महिलाओं एवं बालिकाओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई, जिसने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में वन स्टॉप सेंटर बैहर की टीम, छात्रावास की बालिकाएं, महिला मंडल, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।












दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

गौरव अग्रवाल कटंगी

मो. 7974944900


## विवेकानंद हा.से. इंग्लिश स्कूल की चारू शर्मा ने कक्षा पांचवी में हासिल किया प्रथम स्थान..



जगप्रेरणा कटंगी।

***शहर की अग्रणी निजी शैक्षणिक संस्था विवेकानंद हॉयर सेकेण्डरी इंग्लिश स्कूल की कक्षा पांचवी का परीक्षा परिणाम बुधवार को जारी हुआ। इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम शत प्रतिषत रहा।***

संस्था में अध्ययनरत छात्रा कु. चारू पिता विक्की शर्मा ने कक्षा पांचवी में 93.25 प्रतिषत अंक अर्जित कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

छात्रा चारू नगर के प्रतिष्ठित पं.विजय शर्मा की पोती है। स्कूली के शुरूआती दिनों से कुषाग्र बुद्धि की धनी चारू की इस सफलता पर संस्था के संचालक इंजीनियर पं.लकेश शर्मा, संस्था प्राचार्य श्रीमती सुमन शर्मा, छात्रा के दादा पं.विजय शर्मा, पिता विक्की शर्मा एवं माता प्रिया शर्मा ने बधाई प्रेषित कर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## संजीवनी 108 सेवा से एमबी रोगी को मिला त्वरित उपचार, जबलपुर किया गया रेफर..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***कलेक्टर श्री मृणाल मीना के दिशा निर्देशन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में 25 मार्च को लांजी तहसील के ग्राम कुम्हारी कला निवासी श्री प्रदीप पिता श्री राधेश्याम खेरे***

को एमबी रोग (कुष्ठ रोग) के उपचार के लिए संजीवनी 108 आपातकालीन सेवा के माध्यम से त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस दौरान शासन की स्वास्थ्य योजनाओं के अंतर्गत हितग्राही को समय पर उपचार का लाभ सुनिश्चित किया गया। जिला कुष्ठ अधिकारी श्री ऋत्विक पटेल के नेतृत्व में श्री प्रदीप खेरे को बेहतर उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल एवं रेफरल यूनिट जबलपुर के लिए रेफर किया गया। इस दौरान 108 एंबुलेंस के ईएमटी डॉ. गौरी शंकर पटले एवं पायलट श्री दिलीप उर्के द्वारा तत्परता के साथ मरीज को सुरक्षित रूप से स्वास्थ्य संस्थान तक पहुंचाया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन से अपील की गई है कि किसी भी आपात स्थिति में संजीवनी 108 सेवा का उपयोग कर समय पर चिकित्सा सहायता प्राप्त करें।

## संपत्तिकर व जलप्रभार पर अधिभार में छूट 31 मार्च तक बढ़ाई गई..

### नागरिकों से 31 मार्च तक संपत्तिकर एवं जलकर की राशि जमा करने की अपील

जगप्रेरणा बालाघाट।

***नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत संपत्तिकर, जलप्रभार एवं अन्य उपभोक्ता प्रभारों पर अधिभार***

(सरचार्ज) में दी जा रही छूट को 31 मार्च 2026 तक निरंतर बनाए रखने का निर्णय लिया गया है। यह छूट लोक अदालत के तहत प्रदान की जा रही है। राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मध्यप्रदेश नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 162 एवं 163 तथा मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1961 की धारा 130, 131 एवं 132 में निहित शक्तियों का उपयोग करते हुए यह विशेष छूट प्रदान की गई है।

नगर पालिका बालाघाट के मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री बी डी कतरोलिया ने नगरीय क्षेत्र बालाघाट के नागरिकों से अपील की है कि इस विशेष छूट का लाभ लेने के लिए अपना संपत्ति कर जल कर 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से जमा करायें। समय सीमा में कर जमा नहीं करने पर अधिभार लिया जायेगा और सख्ती से करों की वसूली की जायेगी। जलकर की राशि जमा नहीं करने पर नल कनेक्शीन काटने की कार्यवाही भी की जायेगी।

निर्धारित समय सीमा के बाद 1 अप्रैल 2026 से बकाया करों में दोगुनी वृद्धि की जाएगी। इसके साथ ही बड़े बकायादारों के नाम सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से प्रकाशित किए जाएंगे, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित करदाता की स्वयं होगी। अतः नागरिक अंतिम समय का इंतजार न करें और समय रहते अपने बकाया कर जमा कर नगर के विकास में सहयोग करें।

## भारती हाईस्कूल रामपायली का कक्षा पांचवीं एवं आठवीं में शत प्रतिशत रहा परीक्षाफल..

जगप्रेरणा रामपायली।

***रामपायली मित्र मंडल रामपायली द्वारा संचालित भारती हाईस्कूल का वार्षिक परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा जिसमें कक्षा पांचवी हिंदी माध्यम प्रथम स्थान पर आर्या/जितेंद्र खोबरागड़े 90 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर वेदिका नरेंद्र पटले 80 प्रतिशत, तथा तृतीय स्थान पर राही/धर्मेंद्र भिवगड़ ने 76 प्रतिशत प्राप्त कर स्थान अर्जित किया।***

इसी प्रकार कक्षा 8वीं हिन्दी माध्यम में प्रथम स्थान सावनी/किशोर नेवारे 92 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर वैशाली जगदीश मड़ावी 88 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर दिव्यानिधि/ब्रह्मानंद श्यामकुवर ने 87 प्रतिशत, कक्षा 5वीं अंग्रेजी माध्यम एवं 8 वीं अंग्रेजी माध्यम में प्रथम स्थान अंजनेय/शिवानन्द दमाहे 90 प्रतिशत, द्वितीय स्थान अवि/राधेलाल शरणागत 88 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर मौलित/ईश्वरी हनवत ने 88 प्रतिशत, क्लास 8 वीं अंग्रेजी में प्रथम स्थान सोनाली /ठेकनलाल दोहरे 95 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर ज्योति /सालिकराम सहार ने 94 प्रतिशत, तृतीय स्थान पर रक्षा /श्यामकिशोर हरिनखेड़े 93 प्रतिश प्राप्त किये। इसी प्रकार सभी कक्षाओं में परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत आने पर संस्था परिवार एवं विद्यालय परिवार ने छात्र/ छात्राओं को बधाई प्रेषित की एवं अच्छे परिणाम की खुशी में मिठाई बांटी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## अवैध रेत उत्खनन पर प्रशासन की सख्ती, दो ट्रैक्टर-ट्रॉली जप्त..




जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में रेत एवं अन्य खनिज के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रशासन द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में लगातार कार्यवाही भी की जा रही है।***

उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 25 मार्च 2026 को कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत कार्रवाई करते हुए दो ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से रेत का उत्खनन एवं परिवहन करते हुए पकड़ा गया। खनिज विभाग की टीम द्वारा दोनों वाहनों को मौके पर ही जप्त कर लिया गया है। साथ ही संबंधित ट्रैक्टर मालिकों के विरुद्ध खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि आगे की कार्रवाई के लिए प्रकरण कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध खनन के विरुद्ध इस तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बालाघाट में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन..

### विज्ञान में महिलाओं की भूमिका पर हुआ विशेष मंथन




जगप्रेरणा बालाघाट।

***प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस, शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय***

बालाघाट में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। इसके पश्चात डॉ. राकेश चौरे ने राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों को प्रेरित किया। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बालाघाट के शाखा प्रबंधक दीपक लखेरा ने विज्ञान के क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि महिलाएं आज अंतरिक्ष, चिकित्सा, कंप्यूटर विज्ञान जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं तथा इसरो के चंद्रयान और मंगलयान जैसे मिशनों में भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

जनभागीदारी समिति की अध्यक्ष श्रीमती मौसम हरिनखेडे ने विकसित भारत के निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए और 'मिसाइल वुमन' के रूप में प्रसिद्ध वैज्ञानिक टेसी थॉमस के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एक लघु विज्ञान फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया, जिसमें विभिन्न वैज्ञानिक आविष्कारों एवं तकनीकी प्रगति को दर्शाया गया। मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ. संदीप कुमार (सहायक प्राध्यापक, रसायनशास्त्र, आत्मानंद शासकीय मॉडल महाविद्यालय दुर्ग, छत्तीसगढ़) ने अपने व्याख्यान में बताया कि भारत में शिक्षा, अनुसंधान एवं विज्ञान के क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी 43 प्रतिशत से अधिक है, जो वैश्विक औसत से बेहतर है। उन्होंने कहा कि महिला वैज्ञानिक चिकित्सा विज्ञान एवं जैव प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में महत्वपूर्ण शोध कार्यों का नेतृत्व कर रही हैं।

द्वितीय मुख्य वक्ता श्री हरिराम साहू (सहायक प्राध्यापक, माइक्रोबायोलॉजी, संत गुरु घासीदास महाविद्यालय कुरूद, जिला धमतरी, छत्तीसगढ़) ने फंगस, बैक्टीरिया एवं माइक्रोबायोलॉजी से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। विज्ञान दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित 54 वर्किंग एवं नॉन-वर्किंग मॉडल तथा पोस्टर प्रस्तुत किए गए। उत्कृष्ट मॉडलों को पुरस्कृत करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले को 5000 रुपये, द्वितीय को 3000 रुपये एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 2000 रुपये की राशि प्रदान की गई। संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार मराठे एवं आयोजन समिति के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तेजेन्द्र सिंह शिव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन डॉ. राकेश चौरे द्वारा किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज की गई। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित किया।

## खैरलांजी महाविद्यालय में एलईएचएस संस्था द्वारा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित..







जगप्रेरणा बालाघाट।

***राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार 25 मार्च 2026 को वीरांगना रानी अवंती बाई शासकीय महाविद्यालय, खैरलांजी में एलईएचएस संस्था (यूनिसेफसहयोग से) द्वारा एक***

जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक (ष्टस्ह्व पार्टनर) श्री भागचंद तुमरांची ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। उन्होंने विशेष रूप से 'जीरो डोज टीकाकरण' अभियान के बारे में विस्तार से बताया और कहा कि आगामी समय में 60 आशा क्षेत्रों में सामुदायिक सहभागिता एवं जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से इस अभियान को सफल बनाया जाएगा। इसके लिए प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर 60 आशा एरिया चिन्हित किए गए हैं, जहां सक्रिय रूप से कार्य किया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे भी समाज में जागरूकता फैलाने में सहयोग करें, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने हेतु नोटबुक एवं पेन का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य श्री के. एल. हिवारे, स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी आर. के. पांडेय, शालिनी मेश्राम, राकेश रंगारे, वीरेंद्र पटले, अमरसिंह गोंड सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी और समाज में टीकाकरण के महत्व को समझने की दिशा में सकारात्मक संदेश प्रसारित हुआ।

## मुरझड तालाब में श्रमदान कर दिया जल संरक्षण का संदेश..

### संगोष्ठी में दिलाई 'एक-एक बूंद बचाने' की शपथ







जगप्रेरणा वारासिवनी।

***मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड वारासिवनी (जिला बालाघाट) के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत मुरझड तालाब में श्रमदान कर गाद निकासी और साफ-सफाई का कार्य किया गया।***

इस पहल के माध्यम से जल संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में चयनित नवांकुर संस्था, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति तथा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं ने संयुक्त रूप से भाग लिया। जिला प्रशासन एवं परिषद के निर्देशानुसार स्वालंबन, स्वैच्छिकता और सामुदायिक सहभागिता के साथ यह अभियान चलाया गया। श्रमदान के बाद आयोजित संगोष्ठी में उपस्थित लोगों को पानी की एक-एक बूंद बचाने के लिए जागरूक किया गया।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत ने कहा कि वर्तमान समय में जल का महत्व अत्यंत बढ़ गया है और यदि अभी से जल संरक्षण नहीं किया गया, तो भविष्य गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने ÷जल नहीं तो कल नहीं÷ का संदेश देते हुए सभी से जल संरक्षण के लिए छोटे-छोटे उपाय अपनाने की अपील की। उन्होंने वाटर हार्वेस्टिंग, बोरी बंधान, सोख्ता गड्ढे जैसे उपायों के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर सामूहिक प्रयास बढ़ाने पर जोर दिया, ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए जल संसाधन सुरक्षित रखे जा सकें।

कार्यक्रम के अंत में सुरेंद्र कुमार भगत द्वारा सभी उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नवांकुर संस्था से मिथलेश बर्डे, निलेश झारिया, सीएम इंटर्न शुभम साहरे, लाकेश पारधी, सामाजिक कार्यकर्ता संगीता रहांगडाले, उमनलता पारधी, रितेश जुम्भारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## जिले के 105 सक्षम आंगनवाडी केंद्रो में बनाये जा रहे है शौचालय

जगप्रेरणा बालाघाट।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वयं का भवन वाले सक्षम आंगनवाडी केंद्रो में शौचालय निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। बालाघाट जिले के 105 सक्षम आंगनवाडी केंद्रो में शौचालय निर्माण का लक्ष्य दिया गया है।

इस लक्ष्य के विरूद्ध 08 केंद्रो में शौचालय निर्माण का कार्य पूर्ण कर दिया गया है। जबकि 29 केंद्रो में शौचालय का कार्य चल रहा है। शेष 68 केंद्रो में शौचालय निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपमाला मंगोदिया ने बताया कि बाल विकास परियोजना बैहर के 14, बिरसा के 21, परसवाडा के 10, बालाघाट ग्रामीण के 09, लांजी के 13, किरनापुर के 09, वारासिवनी के 07, लालबर्रा के 11, कटंगी के 06, खैरलांजी के 03 एवं बालाघाट शहरी परियोजना के 02 सक्षम आंगनवाडी केद्रो में शौचालय निर्माण का कार्य करने का लक्ष्य दिया गया है। इन शौचालयों का निर्माण ग्रामीण क्षेत्रों में संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा किया जाना है। बालाघाट ग्रामीण, लालबर्रा, कटंगी व खैरलांजी परियोजना के 01-01 तथा लांजी के 04 सक्षम आंगनवाडी केंद्रो में शौचालय निर्माण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

सक्षम आंगनवाडी केंद्रो में शौचालय की सुविधा हो जाने से बच्चों को अच्छी सुविधा मिल जाएगी। विभाग के अनुसार, आंगनवाड़ी केंद्रों में शौचालय सुविधा उपलब्ध होने से बच्चों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण मिलेगा, जिससे उनके स्वास्थ्य और स्वच्छता आदतों में सकारात्मक सुधार होगा। यह पहल न केवल बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करेगी, बल्कि स्वच्छता अभियान को भी जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी

मो. 7697505999

जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

● हिर्री ● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● बहेला ● रिसेवाड़ा ● कारंजा ● साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क -

9329033433

# अनुविभागीय राजस्व व तहसील कार्यालय परिसर में सुविधाओं का हो रहा अभाव..

## सड़क, बिजली पानी की भी नहीं है उचित सुविधाएं..



**जगप्रेरणा लांजी।**

अनुविभागीय राजस्व व तहसील कार्यालय परिसर में व्याप्त अव्यवस्थाओं, सड़क व शुद्ध पेयजल की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ता संघ के सचिव अरूण टाडेकर ने जानकारी में बताया कि यहां परिसर में तहसील कार्यालय के अलावा एसडीएम कार्यालय, रजिस्टार कार्यालय, लोक सेवा केन्द्र भी है। यहां प्रतिदिन हजारों लोग अपने कार्यों से यहां पहुंचते हैं, किन्तु यहां परिसर में बनी रोड़ बहुत पुरानी होने के कारण उखड़ गई है एवं उबड़-खाबड़ हो गई है जिससे हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता है। यहां पहुंचने वाले छोटे चौपहिया वाहनों के इंजन रोड़ से टकराते रहते हैं। जिसके चलते परिसर में बने मार्ग का पुनः निर्माण कराया जाना अति आवश्यक है। इसके अलावा यहां पहुंचने वाले लोगों द्वारा वाहनों को अस्त-व्यस्त खड़े कर दिया जाता है, जिससे भी लोगों को असुविधा होती है, यहां वाहनों को खड़े करने हेतु चिन्हांकित कर नियत स्थान बनाया जाएं, जहां लोग वाहन खड़े किए जा सके। यहां परिसर के मुख्य द्वार पर लगा गेट टूट गया है जो बंद नहीं उसे ठीक किया जाए तथा परिसर की बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाए। अधिवक्ताओं ने अपनी प्रमुख मांगों में मुख्य रूप से मांग की कि वर्तमान गर्मी के मौसम को देखते हुए परिसर में प्याऊ की व्यवस्था की जाएं। साथ ही परिसर में लगे वाटर कूलर को ठीक कर प्रारंभ कराया जाएं। अधिवक्ता संघ द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष चितरंजन मचिया, जे पी खानोरकर, अरूण टांडेकर, नीलकंठ भटेरे, रवि कुमार तिड़के, शशिप्रभा श्रीवास्तव, जितेन्द्र यादव, सुखराम आसटकर, दिनेश कलपुरिया, निलोफर खान, संजय घोरमारे, नरेन्द्र नगपुरे, टी के रणदिवे, वी आर सोनवाने आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### व्यवस्था में किया जाएगा सुधार - एसडीएम..

अधिवक्ताओं द्वारा ज्ञापन सौंपे जाने पर एसडीएम कमलचंद सिंहसार ने कहा कि जिन मांगों के संबंध में ध्यान आकर्षित कराया है उन सभी मांगों के निराकरण के लिए मेरे द्वारा प्रयास कर संबंधित विभाग के माध्यम से ठीक कराया जाएगा। वाहनों को व्यवस्थित खड़े किए जाने एवं पीने के पानी की व्यवस्था शीघ्र ही कर दी जाएगी।

ग्राम पंचायत अकोला जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश )

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 25/03/2026

।। निविदा सुचना।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत अकोला जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री क्रय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 26/03/2026 से 31/03/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच श्री गणेश आवरे — उपसरपंच श्रीराजेश अनमोले — सचिव कुणाल कटरे

सहा. सचिव भोजलाल कोडापे एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत अकोला जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)।

ग्राम पंचायत बक्कर जनपद पंचायत किरनापुर जिला बालाघाट (मध्यप्रदेश)।

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 25/03/2026

।। निविदा सुचना।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बक्कर जनपद पंचायत किरनापुर में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त,स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी, पौधे आदि सामग्री ऋय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 26/03/2026 से 31/03/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच श्री युवराज पांचे — सचिव श्री बंसत मातरे — सहा. सचिव शिवलाल पांचे

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत बक्कर जनपद पंचायत किरनापुर जिला - बालाघाट (मध्यप्रदेश)।

ग्राम पंचायत कुम्हारीखुर्द जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश

क्रमांक/ग्रा. पं. /2026 दिनांक 25/03/2026

।। निविदा सुचना।।

एतद द्वारा सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुम्हारीखुर्द जनपद पंचायत लांजी में वर्ष 2026-27 में जी राम जी योजना, सांसद निधी, विधायक निधि, पंच परमेश्वर योजना, 15 वित 5 वा वित्त, राज्य वित्त, स्वकराधान की राशि, गौण खनिज स्वच्छ भारत मिशन जनपद फंड जिला पंचायत फंड वृक्षारोपण कार्य एवं अन्य मद से कराये जाने वाले कार्यों के लिये सामग्री लोहा,गिट्टी ,रेत, सीमेंट ईट प्लंबर सामग्री टाइल पानी टैंकर मिक्सर मशीन सेंट्रिंग वाइब्रेटर दरवाजे खिड़की इलेक्ट्रॉनिक सामग्री कंप्यूटर सामग्री सीमेंट कुर्सी प्लास्टिक कुर्सी व्हील चेयर टेबल पेवर ब्लॉक स्टेशनरी सामग्री फोटो कापी पौधे आदि सामग्री ऋय किया जाना है। इस हेतु दिनांक 26/03/2026 से 31/03/2026 तक रजिस्टर मटेरियल सप्लायरों से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा बंद लिफाफे में कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत में जमा की जा सकती है। नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन समय मे ग्राम पंचायत मे संपर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा स्वीकृति का निर्णय ग्राम पंचायत की बैठक में लिया जायेगा।

सरपंच श्री नेहल गौतम — उपसरपंच श्री उमेश डिब्बे — सचिव श्री आशीष आगाशे

सहा. सचिव श्री संजय चौहान एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत कुम्हारीखुर्द जनपद पंचायत लांजी जिला बालाघाट मध्यप्रदेश।

## फरार आरोपी सुशील पिता नंदकिशोर वाजपेयी की गिरफ्तारी पर 30 हजार रुपए का ईनाम घोषित..

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

बालाघाट जोन के पुलिस महानिरीक्षक श्री ललित शाक्यवार ने फरार आरोपी सुशील पिता नंदकिशोर वाजपेयी उम्र लगभग 66 वर्ष निवासी सपना टाकिज के पास जल नगर वार्ड चंद्रपुर थाना रामनगर जिला चंद्रपुर महाराष्ट्र की गिरफ्तारी पर 30 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया है। फरार आरोपी सुशील पिता नंदकिशोर वाजपेयी के विरूद्ध थाना लांजी में भादवि की धारा 420, 467, 468, 471 के तहत अपराध दर्ज है और यह विगत कई वर्षो से फरार है। जो कोई भी व्यक्ति फरार आरोपी सुशील पिता नंदकिशोर वाजपेयी की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए सूचना देगा उसे 30 हजार रुपए का नगद ईनाम दिया जाएगा। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे. मो. 9329033433

## शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में नवमी व ग्यारहवीं का परीक्षाफल घोषित..




**जगप्रेरणा लांजी।**

मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के आदेशानुसार विद्यालयो के द्वारा स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित किये गये है जिसके तारतम्य में लांजी मुख्यालय में संचालित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लॉजी में कक्षा 9वीं एवं 11वीं का परिणाम भी एक साथ जारी किया गया। कक्षा 9वीं में हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम में कुल दर्ज 427 में 17 छात्र अनुपस्थित रहे एवं 410 परीक्षा में सम्मिलित हुये जिसमें कुल 147 छात्र/छात्राएं उत्तीर्ण हुये। इसी प्रकार से कक्षा 11वीं में हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में कुल दर्ज 384 में 8 छात्र अनुपस्थित रहे एवं 376 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुये जिसमें कुल 182 छात्र/छात्राएं - उत्तीर्ण हुये। कक्षा 9वीं का सम्मिलित परीक्षा परिणाम 36 प्रतिशत एवं 11वीं का सम्मिलित परीक्षा परिणाम 48 प्रतिशत रहा। कक्षा 9वीं हिन्दी माध्यम में प्रथम स्थान झरना/अजय नेवारे 87 प्रतिशत, द्वितीय स्थान प्राची/राजेश बडगैया 86. 17 प्रतिशत , तृतीय स्थान आयुष / पीतमलाल अंकर 84 प्रतिशत अंग्रेजी माध्यम में प्रथम स्थान अपर्णा / नंदलाल गजभिये 97.5 प्रतिशत द्वितीय स्थान मयंक / कुलेश्वर लाखे 93.13 प्रतिशत, तृतीय स्थान नैतिक / हरिराम पंचाले एवं गुंजन/संतोष घरते 91.33 प्रतिशत । इसी प्रकार से कक्षा 11वीं हिन्दी माध्यम में प्रथम स्थान गोपाल / युवराज चंदेले 89.4 प्रतिशत, द्वितीय स्थान बिन्दु/ जगन्नाथ बरगैया 87.4 प्रतिशत, तृतीय स्थान सांई/ आशाराम कुशले 85.6 प्रतिशत अंग्रेजी माध्यम में प्रथम स्थान तनुश्री / प्रदीप मुरकुटे 94.8 प्रतिशत, द्वितीय स्थान गजेश / नंदकिशोर कलपुरे 91.2 प्रतिशत, तृतीय स्थान राधिका / महेन्द्र कालबेले 90.44 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। संस्था प्राचार्य एवं समस्त विद्यालय परिवार सफलता अर्जित किये छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इसी प्रकार से अगली कक्षा में सफलता अर्जित कर अपने विद्यालय एवं माता-पिता का नाम रोशन कर गौरवान्वित करने हेतु उम्मीद जताई। संस्था के प्रभारी प्राचार्य डी. के. फुल्लारे के द्वारा अवगत कराया गया कि असफल हुए छात्र भी निराश न हो उन्हें भी एक अवसर और दिया जा रहा है। अभी समय है. सभी असफल रहे छात्र कडी मेहनत करे, निश्चित ही सफलता मिलेगी। कक्षा 9वीं एवं 11 वीं द्वितीय अवसर की परीक्षा का आयोजन 3 जून से आयोजित है, जिसमें एक विषय से लेकर छः विषय में अनुत्तीर्ण सभी छात्र सम्मिलित हो सकेंगे।

### कक्षा 6वीं, 9वी में नवीन प्रवेश प्रारंभ..

दिनॉक 24 मार्च से विद्यालय में कक्षा 6वीं से 12वीं तक हिन्दी माध्यम एवं अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश प्रारंभ है। प्रवेश के इच्छुक छात्र/छात्राएं विद्यालयीन समय में पहुँचकर अपना प्रवेश ले सकते है। कक्षा 9वीं एवं 11वीं में नवीन व्यावसायिक शिक्षा आई.टी एवं हेल्थकेयर संचालित है। इच्छुक छात्र इसमें अपनी स्वेच्छा से प्रवेश ले सकते है।

# गर्मी के शुरुआती दौर में बहेला के मुंशीटोला में गहराया पेयजल संकट





**जगप्रेरणा लांजी।**

***जनपद पंचायत लांजी अन्तर्गत ग्राम बहेला के मुंशीटोला वार्ड क्रमांक 19 एवं 20 में वार्ड वासियों को भारी जल संकट का सामना करना पड़ रहा है।***

जिसके पीछे कारण बताया गया है विद्युत विभाग के द्वारा नल जल कनेक्शन विद्युत बिल बकाया होने के चलते काट दिया है जिसका खामियाजा अब ग्राम की जनता को भुगतना पड़ रहा है। बतादे कि वर्तमान में ग्राम बहेला में रायसिंह एण्ड कंपनी के द्वारा नल जल योजना का कार्य किया गया है जो कि अब तक ग्राम पंचायत को हैण्ड नही किया गया है या पंचायत के द्वारा हैण्ड ओवर नही लिया गया है।

लेकिन ग्रामीण जनों को जल प्रदाय किया जा रहा था बिते कुछ दिनों यह चर्चा का विषय बना हुआ था कि यदि पंचायत के द्वारा विद्युत बिल का भुगतान नही किया गया तो कनेक्शन काट दिया जायेगा और हुआ भी ऐसे ही विद्युत वितरण कंपनी कारंजा के द्वारा विद्युत कनेक्शन काट दिया गया जिसके चलते तकरीबन 100 परिवार इस जल संकट से जुझ रहे है। वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर भी प्रारंभ होता नजर आने लगा है पानी की आवश्यकता हर किसी परिवार को पड़ती और अब जब उक्त वार्ड वासियों को घर तक पानी पंहुच नही मिल पा रहा है तो वे सार्वजनिक स्थल का रूख करते नजर आ रहे जिसके चलते सार्वजनिक हैण्ड पंप में भी भारी मात्रा में सुबह से शाम तक भीड़ देखी जा सकती है। सभी परिवार जनों ने शासन प्रशासन से निवेदन किया है कि अतिशिघ्र विद्युत कनेक्शन जोड़ा जाकर पानी की समस्या से निजाद दिलाई जाये।

### 4 लाख 96 हजार का बिल बकाया- जेई शर्मा..

इस पूरे प्रकरण में जब विद्युत विभाग के जेई इन्द्रजीत शर्मा से चर्चा की गई तो उन्होने बताया कि शासन के आदेश है सभी सार्वजनिक एवं घरेलु उपभोक्ताओं के बिल समय पर जमा करवाया जाये अन्यथा विद्युत आपूर्ति विच्छेद कर दी जावेगी। इसी आदेश के पालनार्थ बहेला पंचायत के अन्तर्गत विद्युत आपूर्ति विच्छेद की गई है क्योकि पंचायत पर लगभग 4 लाख 96 हजार 994 रूपये का बिल बकाया है। जिसमें दरबडा, मुंशीटोला तथा शिव मंदिर वार्ड शामिल है। इन तीनों स्थानो के बिल का बकाया होने के चलते विद्युत सप्लाई बाधित की गई है।

आपने यह भी कहा कि मेरी पंचायत प्रतिनिधि एवं ठेकेदार से चर्चा हुई है हमने उनको संपूर्ण बिल का जो कि लगभग 4 लाख 96 हजार रूपये है उसका आधा भुगतान करने कहा है तो हम विद्युत सप्लाई प्रारंभ कर देंगे तथा बाकि राशि कब जमा की जावेगी यह वे हमे लिखीत में दे दे जिससे विद्युत बिलो का भुगतान हो जायेगा और बिना किसी परेशानी के सप्लाई शुरू कर दी जावेगी।

### मेघश्याम शिवाजी पटले कर रहे लोगो की मदद..

मुंशीटोला में विगत 4 दिनों से भारी जल संकट गहराया हुआ है। विद्युत विभाग से लेकर पंचायत एवं ठेकेदारो ने अपने हाथ खींच लिये है वहीं ग्राम के मेघश्याम पटले के द्वारा इस संबध में मानवीय संवेदना दिखाते हुये अपने घर से वार्ड वासियो को पानी की आपूर्ति की जा रही है। मेघश्याम के इस कार्य को वार्ड वासियो ने खुब सराहा और कहा कि संकट के इस पल में पटले जी के द्वारा हमारी सहायता कर पानी आपूर्ति पूर्ण की गई है।

# अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने बाइक सवार को टक्कर मारकर हुआ फरार..

## घायलों को 108 एम्बुलेंस ने लाया सिविल अस्पताल..





**जगप्रेरणा लांजी।**

***लांजी सालेटेकरी मार्ग पर ग्राम नंदोरा चौक में एक सडक़ दुर्घटना में मोटर सायकल में सवार दो लोग घायल हो गये जिन्हे 108 एंबुलेंस की सहायता से लांजी***

सिविल अस्पताल लाकर उपचार करवाया गया। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 25 मार्च 2026 को दोपहर 1:30 बजे जितेन्द्र पिता सूरज सिंह नेकाले उम्र 65 वर्ष निवासी नंदोरा, रतन लाल पिता दशरथ कोसरे उम्र 60 वर्ष निवासी नंदोरा ये दोनो अपनी मोटर सायकल से नंदोरा से लांजी किसी कार्य से आ रहे थे जैसे ही नंदोरा चौक पंहुचे तो दुसरी ओर एक अज्ञात मोटर सायकल टक्कर मारकर फरार हो गये जिसमे दोनो ही बूजूर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे स्थानीय लोगो की सहायता से 108 एंबुलेंस के माध्यम से सिविल अस्पताल लांजी लाया गया जहां भर्ती कर उपचार किया जा रहा था।

डाक्टर ने बताया कि दोनो व्यक्ति की हालत में सुधार है। वहीं घटना कारित करने वाला मोटर सायकल सवार कौन था यह ज्ञात नही हो पाया है उक्त घटना की सूचना लांजी पुलिस को प्रदान की है पुलिस के द्वारा नंदोरा चौक में लगे सीसीटीव्ही कैमरो की सहायता से घटना की पतासाजी की जा सकती है।

# पालडोंगरी डिपो के पास कार और बाइक की टक्कर 2 घायल..









**जगप्रेरणा लांजी।**

***लांजी आमगांव मार्ग पर ग्राम पालडोंगरी बांस डीपो के पास 25 मार्च 2026 को दोपहर 12:30 के करीब एक मोटर सायकल एवं कार में जबरदस्त भीडंत हो गई***

जहां मोटर सायकल में सवार माँ बेटे गंभीर रूप से घायल हो गये वहीं कार सवार को भी चोटें आई है घायलो को स्थानीय लोगो ने निजी वाहन से सिविल अस्पताल लांजी लाया जाकर उपचार किया गया है। घटना की मुख्य वजह तेज रफ्तार कार वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाना सामने आ रही है। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय और तहसील क्षेत्रों में रोजाना सामने आ रहे सडक़ हादसों की कड़ी में बुधवार को लांजी में पालडोंगरी बांस डिपो के पास कार और मोटर सायकल की भिड़ंत में तीन लोग घायल हो गए।

दरअसल, बिसोनी निवासी मां-बेटे प्रमोद पिता दिलीप कुचलाहे (22) अपनी मां रामकली कुचलाहे (45) को लेकर अपनी मोटर सायकल ऋमांक एमपी 50 एमयू 8942 से पालडोंगरी बांस डिपो गए थे। वहां से वापस लौटते समय दोपहर लगभग 12:30 से 1 बजे के बीच बालाघाट से छत्तीसगढ़ की ओर जा रही कार एम पी 50 जेड डी 4645 के चालक ने कथित रूप से लापरवाही और तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए मोटर सायकल को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि मोटर सायकल सवार प्रमोद और उसकी मां दोनों घायल हो गए। हादसे में रामकली कुचलाहे का एक हाथ टूट गया, जबकि हथेली में गंभीर चोट आने से 8 से 10 टांके लगाने पड़े। वहीं प्रमोद को भी चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि बालाघाट से रायगढ़ जा रही कार में सवार एक महिला को भी इस दुर्घटना में चोटें आई हैं। हालांकि कार सवारों ने अपने बारे में अधिक जानकारी देने से इंकार कर दिया। घायलों को तुरंत सिविल अस्पताल लांजी लाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलने के बाद आगे की कार्रवाई लांजी पुलिस द्वारा की जाएगी। घायल प्रमोद ने बताया कि वह अपनी मां के साथ डिपो लकड़ी लेने गया था।

लौटते समय सामने से आ रही तेज रफ्तार कार को रोकने का प्रयास भी किया, लेकिन चालक ने गति कम नहीं की और सीधे बाइक को टक्कर मार दी। घटना की जानकारी लगते ही लांजी पुलिस ने घटना स्थल पर पंहुचकर मामले को संज्ञान में लेते हुये विवेचना जारी की गई।

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433



जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख







दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433


## रामनवमी : सर्वशक्तिशाली होते हुए भी मर्यादा पुरूषोत्तम हैं श्रीराम

श्रीराम का जन्म अयोध्या में हुआ था लेकिन ये भी अटल सत्य है कि श्री राम तो कण-कण में हैं, हर सनातनी के मन में हैं। श्री राम के जीवन और उनके आदर्शों को शब्दों में पिरोना असंभव है। श्रीराम के जीवन आदर्श, उनकी मर्यादा, उनके प्रेम, उनके धैर्य, उनके पराक्रम, उनके आचरण को किसी मजहबी और किसी भौगोलिक सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता। सनातन धर्म में श्रीराम को भगवान विष्णु का सातवां अवतार माना जाता है। मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम को आदर्श पुत्र, आदर्श पति, आदर्श भाई के रूप में जाना जाता है। श्री राम तो वो थे जिन्होंने पिता के आदेश का पालन करते हुए चैदह साल का वनवास भोगा, श्री राम वो थे जिन्होंने रावण का वध कर असुरों से लोगों की रक्षा की, जिन्होंने शबरी के झूठे बेर खाए, जिन्होंने अहिल्या का उद्धार किया। प्रभु श्रीराम सर्वशक्तिशाली होते हुए भी मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। यही वो वजह है कि जय सियाराम का संबोधन खासों आम की जुबान पर रहता है। जय सियाराम का संबोधन मन को सुकुन देने वाला होता है। श्री राम, भगवान विष्णु के 7वें अवतार हैं। जो श्री कृष्ण, परशुराम सहित उनके सबसे लोकप्रिय अवतारों में से एक हैं। श्री राम का उल्लेख जैन ग्रंथों में भी 63 शालकपुरुषों में 8वें बलभद्र के रूप में किया गया है। श्री राम को सिख धर्म मेंदशम ग्रंथ में चैबीस अवतार में विष्णु के चैबीस दिव्य अवतारों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है।

राम नवमी का पावन पर्व हमारे लिए उत्साह, उल्लास, अपार खुशियों के साथ ही ये संदेश लेकर भी आता है कि हम प्रभु श्रीराम के आदर्शों को अपनाएं। भगवान राम के आदर्शों को अपनाने वाला इंसान जीवन की हर बाधा को पार करने में सक्षम हो जाता है। वह कठिन से कठिन परिस्थितियों को आसानी से निपटने में माहिर हो जाता है। राम नवमी भगवान विष्णु के सातवें अवतार, मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म का उत्सव है। भगवान राम धर्म, सत्य, कर्तव्य, संयम, दया और नैतिकता के प्रतीक हैं और उनके जीवन का हर कार्य मानवता के लिए आदर्श स्थापित करता है। राम नवमी आत्मनिरीक्षण और आध्यात्मिक जागृति का अवसर भी है। राम नवमी सिर्फभगवान श्रीराम के जन्म का उत्सव ही नहीं, बल्कि उनकी आदर्श जीवनशैली का भी अनुसरण करने और आत्मसात करने का अवसर है। श्रीराम ने हमेशा धर्म का पालन किया और कभी अन्याय का साथ नहीं दिया। प्रभु श्री राम से सीख लेनी चाहिए कि आखिर कैसे उन्होंने 14 वर्षों तक वनवास में रहकर संयम के साथ कार्य किया था। उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में ऐसे ही संयम और धैर्य से काम करना चाहिए। श्रीराम ने अपने जीवन में ज्ञान हासिल करने को भी महत्व दिया। रावण के अंत समय में उन्होंने अपने अनुज लक्ष्मण को रावण के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। इसी तरह हमें भी ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। भगवान श्री राम ने अपने से बड़े हों या छोटे सभी से प्रेम भाव रखने, मित्रता निभाने की सीख भी दी। उन्होंने जरूरत पड़ने पर लोगों की मदद करने, हमेशा भलाई और धर्म के रास्ते पर चलने की भी सीख दी। रामजी से दयाभाव रखने, क्षमा करने, कर्तव्य निभाने की भी सीख मिलती है। श्री राम ने पिता दशरथ व माता कैकेयी के द्वारा 14 वर्ष का वनवास दिए जाने पर माता-पिता की आज्ञा का पालन किया। प्रभु श्री राम को मर्यादा पुरूषोत्तम कहा जाता है। हमें प्रभु श्री राम के आचरण से मर्यादित रहकर जीवन व्यतीत करने की शिक्षा मिलती है। प्रभु श्री राम जी ने सदैव अपने गुरु वशिष्ट की आज्ञा का पालन किया है। उनके चरित्र से हमें गुरू भक्ति सीखनी चाहिए। भगवान राम ने किसी भी मुश्किल परिस्थिति में अपना धैर्य नहीं खोया। भगवान राम ने हर परेशानी में धैर्य से काम लिया है इसलिए हमें प्रभु श्री राम जी तरह जीवन की हर कठिन परिस्थिति में शांति से काम करना चाहिए।

रामनवमी का त्यौहार चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाया जाता है। धर्मशास्त्रों के अनुसार इस दिन मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम जी का जन्म हुआ था।

चैत्रे नवम्यां प्राक् पक्षे दिवा पुण्ये पुनर्वसौ।

उदये गुरुगौरांश्चोः स्वोच्चस्थे ग्रहपञ्चके॥

मेषं पूषणि सम्प्राप्ते लग्ने कर्कटकाह्वये ।

आविरसीत्सकलया कौसल्यायां परः पुमान् ॥ (निर्णय सिन्धु)

प्राचीन मान्यताओं के अनुसार गोस्वामी तुलसीदास ने राम नवमी के दिन ही रामचरितमानस को लिखना शुरू किया था। इसे 'तुलसी रामायण' या 'तुलसीकृत रामायण' भी कहा जाता है। रामचरितमानस को लिखने में तुलसीदासजी को 2 वर्ष 7 माह 26 दिन का समय लगा था और तुलसीदास जी ने इसे संवत् 1633 के मार्गशीर्ष शुक्लपक्ष में राम विवाह के दिन पूर्ण किया था। गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस बालकाण्ड में स्वयं लिखा है कि उन्होंने रामचरित मानस की रचना का आरम्भ अयोध्यापुरी में विक्रम सम्वत् 1631 (1574 ईस्वी) के रामनवमी (मंगलवार) को किया था। गोस्वामी जी ने रामचरितमानस में श्रीराम के जन्म का वर्णन करते हुए लिखा है..

भये प्रगट कृपाला दीनदयाला कौसल्या हितकारी।

हरषित महतारी मुनि मन हारी अद्भुत रूप बिचारी॥

लोचन अभिरामा तनु घनस्यामा निज आयुध भुज चारी।

भूषन वनमाला नयन बिसाला सोभासिन्धु खरारी॥

कह दुइ कर जोरी अस्तुति तोरी केहि बिधि करौं अनंता।

माया गुन ग्यानातीत अमाना वेद पुरान भनंता॥

करुना सुख सागर सब गुन आगर जेहि गावहिं श्रुति श्संता।

सो मम हित लागी जन अनुरागी भयउ प्रकट श्रीकंता॥

हिन्दु धर्म शास्त्रों के अनुसार त्रेतायुग में रावण के अत्याचारों को समाप्त करने तथा धर्म की पुनः स्थापना के लिये भगवान विष्णु ने मृत्यु लोक में श्री राम के रूप में अवतार लिया था। श्रीराम चन्द्र जी का जन्म चैत्र शुक्ल की नवमी के दिन पुनर्वसु नक्षत्र तथा कर्क लग्न में रानी कौशल्या की कोख से, राजा दशरथ के घर में हुआ था। भगवान राम का जन्म इस दिन दोपहर के समय अभिजीत नक्षत्र में हुआ था। भगवान राम का जन्म जिस समय हुआ तब 5 ग्रह एक साथ उच्च स्थिति में थे।

रामायण के अनुसार अयोध्या के राजा दशरथ की तीन पत्नियाँ थीं लेकिन बहुत समय तक कोई भी राजा दशरथ को सन्तान का सुख नहीं दे पाई थीं जिससे राजा दशरथ बहुत परेशान रहते थे। पुत्र प्राप्ति के लिए राजा दशरथ को ऋषि वशिष्ठ ने पुत्रकामेष्टि यज्ञ कराने को कहा। इसके पश्चात् राजा दशरथ ने अपने जमाई, महर्षि ऋषि श्रृंग से यज्ञ कराया। तत्पश्चात यज्ञकुण्ड से अग्निदेव अपने हाथों में खीर की कटोरी लेकर बाहर निकले। यज्ञ समाप्ति के बाद महर्षि ऋष्यश्रृंग ने दशरथ की तीनों पत्नियों को एक-एक कटोरी खीर खाने को दी।

खीर खाने के कुछ महीनों बाद ही तीनों रानियाँ गर्भवती हो गयीं। ठीक 9 महीनों बाद राजा दशरथ की सबसे बड़ी रानी कौशल्या ने श्रीराम को जो भगवान विष्णु के सातवें अवतार थे, कैकयी ने श्रीभरत को और सुमित्रा ने जुड़वा बच्चों श्रीलक्ष्मण और श्रीशत्रुघ्न को जन्म दिया। मानव रूप में पूजे जाने वाले श्री राम पहले देवता हैं। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक ग्यारह हजार वर्षों तक भगवान राम ने राज किया था और यह युग राम राज्य कहलाता है। इक्ष्वाकु वंश में भगवान राम का जन्म हुआ था। पौराणिक कथा व धर्म शास्त्रों के अनुसार भगवान सूर्य के पुत्र राजा इक्ष्वाकु के द्वारा इस वंश की स्थापना की गई थी। इसी वजह से भगवान राम को सूर्यवंशी भी कहा जाता है। रघुवंशियों के गुरु ऋषि वशिष्ठ जी के द्वारा भगवान राम का नाम करण किया गया था।

रामनवमी के त्यौहार का महत्व हिंदु धर्म सभ्यता में महत्वपूर्ण रहा है। इस पर्व के साथ ही माँ दुर्गा की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्र का समापन भी होता है। हिन्दू धर्म में रामनवमी के दिन पूजा अर्चना की जाती है। जगत के पालनहार भगवान विष्णु के सातवें अवतार प्रभु श्रीराम हैं। धार्मिक मान्यता है कि चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था।

इसलिए हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को राम नवमी का पर्व मनाया जाता है। चैत्र मास के शुक्ल पक्ष के नौवे दिन मां दुर्गा और भगवान श्री राम की पूजा का विशेष महत्व है क्योंकि ऐसा माना जाता है कि भगवान राम ने लंका पर विजय हासिल करने के लिए मां दुर्गा की उपासना की थी इसलिए चैत्र नवरात्रि की नवमी तिथि पर देवी दुर्गा और भगवान राम दोनों की पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, भगवान राम की मृत्यु नहीं हुई थी बल्कि वह शरीर के साथ बैकुण्ठ गए थे। ऐसा माना जाता है कि मौर्य, सिसोदिया, कुशवाहा, शाक्य, बैछला जो राजपूत वंश हैं, यह सभी भगवान राम के वंशज है।

बहरहाल, राम नवमी एक ऐसा अवसर है जहां हम ना सिर्फ भगवान श्रीराम के जन्म का जश्न मनाते हैं, बल्कि उनके आदर्शों को अपने जीवन में उतारने करने का प्रयास भी करते हैं। आइए, हम उनके त्याग, मर्यादा, कर्तव्य, प्रेम, धर्म और सत्यनिष्ठा के मार्ग पर चलने का संकल्प लें। प्रभु श्रीराम के जन्म उत्सव पर सच्चाई, दया और भाईचारे का संदेश फैलाएं तभी रामनवमी मनाने का मकसद पूरा हो पाएगा।


लेखक



मुस्ताअली बोहरा
अधिवक्ता एवं लेखक भोपाल


## राम मय हो जीवन हमारा..

सनातन संस्कृति में श्रीराम केवल एक ऐतिहासिक पात्र या धार्मिक प्रतीक मात्र नहीं हैं, बल्कि वे प्रत्येक भारतीय के लिए मर्यादा, आदर्श और मानवीय मूल्यों के शाश्वत स्रोत हैं। जब हम ÷राममय जीवन÷ की परिकल्पना करते हैं, तो इसका अर्थ केवल कर्मकांड या नाम-जप तक सीमित नहीं है, अपितु इसका वास्तविक अर्थ अपने विचारों, कर्तव्यों, संबंधों और आचरण में राम के आदर्शों को स्थान देना है। राममय जीवन का तात्पर्य उस सत्य, करुणा, न्याय, समरसता और कर्तव्यपरायणता से युक्त जीवन को जीना है जो दूसरों के लिए भी प्रेरणा का पुंज बन सके।

श्रीराम का जीवन हमें सिखाता है कि परिस्थितियाँ चाहे कितनी भी प्रतिकूल क्यों न हों, मनुष्य को धर्म और कर्तव्य के मार्ग से विचलित नहीं होना चाहिए। पिता के वचनों की रक्षा हेतु सहर्ष राज्य-त्याग, वनवास के कष्टों के बीच भी मित्रों के प्रति अटूट समर्पण, शत्रुओं के प्रति भी मर्यादित व्यवहार और विपरीत परिस्थितियों में भी संयमित आचरण आदि उनके चरित्र की वे विशेषताएँ हैं जो सिद्ध करती हैं कि मनुष्य को हर स्थिति में नैतिक श्रेष्ठता को ही प्राथमिकता देनी चाहिए। आज के युग में, जहाँ स्वार्थ, प्रतिस्पर्धा और नैतिक पतन की चुनौतियाँ प्रबल हैं, वहाँ राममय जीवन की आवश्यकता और भी अधिक प्रासंगिक हो जाती है।इस जीवन पद्धति का प्रथम आधार असत्य का परित्याग कर सत्य और शुचिता का वरण करना है। यदि मनुष्य अपने व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में सत्य को प्रतिष्ठापित करता है, तो परिवार और राष्ट्र में परस्पर विश्वास का वातावरण निर्मित होता है। वर्तमान दौर में प्रशासन, शिक्षा और राजनीति जैसे तमाम क्षेत्रों में भी इसी राममय दृष्टिकोण को अपनाने की आवश्यकता है, ताकि नैतिकता और पारदर्शिता की जड़ें मजबूत हो सकें। इसके साथ ही, कर्तव्य और मर्यादा का पालन राममय जीवन का अनिवार्य अंग है। श्रीराम ने राजा होने के बावजूद स्वयं को मर्यादा के बंधन में रखा और लोकहित को सर्वोपरि माना। यही कारण है कि उनके शासन को 'रामराज्य' के रूप में एक आदर्श व्यवस्था माना गया, जिसका अर्थ किसी संकीर्ण मजहबी शासन से नहीं, बल्कि एक ऐसी न्यायपूर्ण, समतामूलक और लोककल्याणकारी व्यवस्था से है जहाँ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को भी सम्मान और सुरक्षा प्राप्त हो।

राममय जीवन का एक महत्वपूर्ण पक्ष सामाजिक समरसता और करुणा है। श्रीराम ने निषादराज को गले लगाकर और शबरी के जूठे बेर खाकर समाज को यह संदेश दिया कि मानवता की सेवा ही सर्वोपरि धर्म है। उन्होंने जाति, वर्ग, भाषा और संप्रदाय की सीमाओं को तोड़कर समावेशी समाज की नींव रखी। आज के खंडित समाज में सांस्कृतिक एकता और राष्ट्रीय सद्भाव के लिए यह दृष्टिकोण अत्यंत आवश्यक है।


अंततः, राममय जीवन संयम और आत्मानुशासन की मांग करता है। श्रीराम ने भौतिक सुखों के बजाय त्याग को चुना, जो हमें सिखाता है कि वास्तविक सफलता आत्मबल और चरित्र की शुचिता से प्राप्त होती है। यदि हम अपने आचरण में राम के इन गुणों को सूक्ष्म रूप में भी स्थान दे सकें, तो व्यक्तिगत सुख और राष्ट्रीय उत्थान का मार्ग स्वतः प्रशस्त हो जाएगा।


लेखक



प्रो. मनमोहन प्रकाश



## शब्दवर्गपहेली क्र.- 77



ck;i li nk;i l& 2) 'सरदार सरोवर' यह महत्वाकांक्षी प्रकल्प इस राज्य में है 5) आकाश, गगन 8) एक भूतपूर्व केन्द्रीय रेल मंत्री 14) लोप 15) अंतःकरण 16) बोलना, बताना 17) दुर्गा, स्त्री 18) मनमुटाव, दुष्मनी, वैमनस्य 20) हमारे देश के एक भूतपूर्व प्रधानमंत्री 21) जवाहिर या रत्न का छोटा टुकड़ा, 'पर्व' का अपभ्रंश रुप 22) परम उदार व्यक्ति 24) यज्ञ की अग्नि, जगने का भाव या क्रिया 25) समग्र, कुल, समूचा 26) सुगंधित फूलो का एक वृक्ष 27) घास की एक प्रसिद्ध सुगंधित जड़ 28) किसी मंत्र या देवता के नाम का बार बार उच्चारण 29) पुरुष 31) हस्तांदोलन करना 33) ताकत 34) समस्त 35) मजदूरों की लम्बी हड़ताल आदि के कारण कारखाने के मालिकद्वारा कारखाने पर ताला लगाने की क्रिया 37) काला को उल्टा लिखिए 39) बारह राशियों मे दसवी राशि 40) एक प्रकार का चर्म रोग 41) 'बाण' का अपभ्रंश रुप 43) एक शिकारी पक्षी 44) हत्या करने पर उतारु होना इस अर्थ एक मुहावरा 48) आश्रय 49) 'राल' शब्द को उल्टा लिखिए 50) पान के साथ खायी जानेवाली सुगंधित सुरती 52) बलपूर्वक 53) सिर, मस्तक 54) जिसके करने में रुकावट या बाधा हो 56) एक पुराना तौल या बांट 59) अनाथ 62) किसी लचीली चीज को हिलाने से उसके बीच के हिस्से का थोड़ा झुकना या हिलना डुलना 64) एक राक्षस जिसका वध श्रीकृष्ण ने किया था 66) पत्थर या लकड़ी पर खुदाई करना 67) हिन्दुओं का एक महीना 69) दूल्हा, बर का पेड़, श्रेष्ठ 70) शब्द, ध्वनि 71) बुरी आदत 72) एक आंख से देखनेवाला 73) फुलों की माला 74) एक उड़नेवाला जन्तु जिसकी आकृति चुहे के समान होती है 78) मादा कौवा, एक पेय 79) सुमन 80) बरसाती हवा (अं.) 82) सिंह 83) 'सगा' का संक्षिप्त रुप, कुत्ता 84) मन में होनेवाला दुःख, रंज 85) धान के भीतर से निकला हुआ अन्न 86) ऊपर से नीचे आना, उद्धरण 88) फासे की बिन्दीयों की गणना के आधार भविष्य कथन या विद्या 89) किसी को छलने की युक्ति, धूर्तता 90) जंगल में लगनेवाली आग 93) महाराष्ट्र में पाया जानेवाला एक उत्कृष्ट किस्म का आम 95) ऐसा आचरण या व्यवहार करना जो दूसरों को दिखाने या धोखे में रखने के उद्देश्य से किया जाए 97) रशिया स्थित वह स्थान जहां भूतपूर्व प्रधान मंत्री लालबहाद्दूर शास्त्रीजी का निधन हुआ था 100) वकिलोंद्वारा गवाहों से कि जानेवाली पूछताछ 101) किसी भाषा के क्रम से अक्षरों का समूह 102) कौरवों की संख्या 103) कदर करनेवाला 104) अस्वीकृति, नहीं कहना

Åij l uhp l& 1) दिल बहलाव 2) पुष्पवाटिका 3) 'महाभारत' का पूर्व नाम, जीत 4) शिष्टाचार 6) पुत्र या कन्या का ससुर 7) परिणाम, तौल, सम्मान 8) माार्गदर्शक (उर्दू) 9) निषेध 10) जिसका कोई उत्तराधिकारी न हो 11) 'समाना' का भूतकाल रुप 12) प्रश्न 13) किसी के द्वारा कोई चाल चलने पर उसे मात करने के लिए की गई चाल इस अर्थ का एक मुहावरा 16) बनाना, निबटाना 19) यकृत 20) आनंदमय क्रीड़ा, घोड़े या बैल आदि को चलाने की रस्सी 21) हजम होना 22) हस्तक्षेप 23) सूर्य 26) कलाकृती करनेवाला 30) कलाबाजी दिखानेवाला 32) मेल 33) फिजूल की बातें करना 34) कोई काम करने योग्य होना 36) ऊसर, वह भूमि जिसमें अन्न उत्पन्न नहीं होता 38) कला, कारीगर 39) महाशय 40) धान्य का कण 41) किसी विपत्ती में पड़ते पड़ते बच जाना इस अर्थ एक मुहावरा 42) राजा, नृपति 45) अनुमति 46) सुन्दर 47) समूचा, समस्त 48) लेकिन 51) पैसा, मूल्य 53) बराबर 55) इच्छा करनेवाला 57) पति की बहन 58) वेगपूर्वक चलनेवाली हवा का लगनेवाला झटका 60) मुर्गी की जाति का एक पक्षी 61) प्राणी 63) पारा 65) संधि या समझौता करना 66) एक शीतल पेय उत्पादन 67) उपकरण, कार्य आदि संपादित करने की क्रिया 68) नया 73) गतिविध, समाचार 75) जिसका कुछ या अधिक महत्व हो 76) भयावह, भयानक 77) कम्प्युटर 78) नाजुकपन 80) अधिक संपत्तीवाला 81) शरीर के किसी अंग के फूलने का भाव 83) किसी ओर हटना, खिसकना 87) नदी या समुद्र का किनारा 89) सोते समय ओढ़ा जानेवाला वस्त्र 91) यान 92) फौज, मध्य प्रदेश के ग्वालियर का एक उपनगर 93) पास बुलाने की क्रिया या भाव 94) 'सम' का स्त्रीलिंग रुप 96) किरण 98) सन्देह 99) गुद्देदार जड़ 100) जैनों के तीर्थंकर

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## जय मां आदिशक्ति..

गूंज रही जय-जयकार,
मां आई छा गई बहार।
बाजे ढोल,मृदंग लगातार,
आया नवरात्रि पावन त्यौहार।।

दर्शन को उमड़ी भक्तों की भीड़,
मां करें सबके कष्टों को क्षीण।
मनमोहक है मां का श्रृंगार,
जैसे हो बरखा की ये फुहार।।

सेवा भाव से होगी प्रसन्न,
कितना सुहाना है मां का दर्शन।
सजा है भव्य दरबार,
सभी भक्त रहे हैं निहार।।

पावन हो रहा है अंतर्मन,
पूजन में तन,मन,धन अर्पण।
सच्चे हृदय से जब पुकारें,
मां ठुकराती नहीं हैं प्यारे।।

हम सब हैं मां
तेरी शरण में,
शीश झुकाते
पावन चरण में।
करना सब पे
करुणा की बौछार,
नतमस्तक हैं
हम बारम्बार।।


लेखिका



श्रीमति ऋचा कटरे देशमुख







## नवरात्रि में गूंजी किलकारी, पांचवीं बार पापा बना दो बीवियों वाला फेमस यूट्यूबर, पहली वाइफ ने दिया चौथे बच्चे को जन्म..

डेस्क जगप्रेरणा।

***फेमस यूट्यूबर और 'बिग बॉस ओटीटी 3' के चर्चित प्रतियोगी अरमान मलिक के घर एक बार फिर खुशियों ने दस्तक दी है। नवरात्रि के महीने में उनके घर किलकारी गूंजी हैं।***



अरमान की पहली पत्नी पायल मलिक ने अपने चौथे बच्चे को जन्म दिया है। इस लिहाज से अरमान मलिक पांचवी बार पापा बन गए हैं। मंगलवार को अरमान ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इस खुशखबरी को अपने प्रशंसकों के साथ साझा किया। हालांकि शुरुआती पोस्ट में उन्होंने बच्चे के जेंडर का खुलासा नहीं किया था, लेकिन अस्पताल से साझा की गई तस्वीरों ने फैंस का दिल जीत लिया।

### फिर पापा बने अरमान मलिक..

फोटो में अरमान अपने न्यू बॉर्न बेबी को गोद में लिए नजर आ रहे हैं, जबकि पायल अस्पताल के बिस्तर पर उनके पास लेटी हुई हैं। अरमान ने कैप्शन में लिखा, 'जच्चा बच्चा सब ठीक है', जिससे उनके शुभचिंतकों को राहत मिली कि मां और बच्चा दोनों पूरी तरह स्वस्थ हैं। यह खबर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है और उनके प्रशंसक लगातार उन्हें बधाई संदेश भेज रहे हैं। अब यूट्यूबर बेटी के पापा बने हैं या बेटी के ये आपको बताते हैं। उन्होंने कई पोस्ट साझा किए जिसमें अलग-अलग झलकियां दिखाई। उन्होंने बताया कि वो बेटे के पिता बने हैं। पायल और बच्चे की तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने बेटे का नाम भी बताया, कैप्शन में लिखा था, 'रुद्र मलिक।'

### संघर्षों के बाद मिली मिरेकल प्रेग्नेंसी..

बता दें, पायल मलिक के लिए यह सफर आसान नहीं रहा है। पहले से तीन बच्चों चिरायु और जुड़वां बच्चे अयान और तूबा की मां पायल ने पिछले साल अगस्त में अपने यूट्यूब व्लॉग के जरिए अपनी चौथी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी। उस व्लॉग में उन्होंने अपनी फर्टिलिटी जर्नी के बारे में खुलकर बात की थी।

पायल ने साझा किया था कि उन्होंने कई बार आईवीएफ (IVF) प्रक्रियाओं का सहारा लिया, लेकिन बार-बार असफलता मिलने के कारण वह मानसिक और भावनात्मक रूप से काफी टूट चुकी थीं। पायल ने इस प्रेग्नेंसी को एक चमत्कार बताया, क्योंकि कई असफल कोशिशों के बाद उन्होंने उम्मीद छोड़ दी थी कि वह दोबारा मां बन पाएंगी। उन्होंने बताया कि उनके सबसे बड़े बेटे चिरायु का जन्म शादी के कई सालों बाद हुआ था, जिसके बाद उन्होंने परिवार बढ़ाने के लिए आईवीएफ तकनीक की मदद ली थी।

### अरमान मलिक का परिवार और विवादों से नाता..

अरमान मलिक की निजी जिंदगी हमेशा से ही चर्चा और विवादों का विषय रही है। अरमान ने साल 2011 में पायल से शादी की थी। इसके छह साल बाद 2018 में उन्होंने पायल की सबसे अच्छी दोस्त कृतिका से दूसरी शादी कर ली। गौर करने वाली बात यह है कि उन्होंने अपनी पहली पत्नी पायल को कानूनी रूप से तलाक दिए बिना दूसरी शादी की। अरमान और उनकी दूसरी पत्नी कृतिका का भी एक बेटा है, जिसका नाम जैद है। हाल ही में 'बिग बॉस ओटीटी 3' में हिस्सा लेने के दौरान अरमान, पायल और कृतिका की तिकड़ी ने राष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरीं। शो के दौरान उन्हें काफी आलोचनाओं का सामना करना पड़ा

और उन पर पॉलीगामी को बढ़ावा देने के आरोप भी लगे। हालांकि तमाम विवादों के बावजूद यह परिवार सोशल मीडिया पर अपनी सक्रियता और आपसी तालमेल के कारण चर्चा में बना रहता है। अब चौथे बच्चे के आगमन से मलिक परिवार में उत्सव का माहौल है।

## भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप के पहले चरण में दो कांस्य जीते, चार फाइनल में पहुंचे..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***बैंकॉक, 25 मार्च (भाषा) भारतीय तीरंदाजों ने एशिया कप विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट के पहले चरण में बुधवार को दूसरे दिन दो कांस्य पदक जीते, जबकि पुरुष रिकर्व और महिला कंपाउंड टीम स्पर्धाओं के फाइनल में भी प्रवेश कर लिया। भारत ने व्यक्तिगत स्पर्धा में भी तीन पदक पक्के किए,***

लेकिन यह रिकर्व वर्ग के पुरुषों के लिए निराशाजनक अभियान साबित हुआ, जहां चारों तीरंदाजों में से कोई भी पदक की दौड़ में नहीं रहा। यह पिछले सत्र में विष्णु चौधरी और राहुल द्वारा शीर्ष दो स्थान हासिल करने की तुलना में एक करारा झटका था। महिला कंपाउंड टीम ने पिछली बार कांस्य जीता था, लेकिन इस बार फाइनल में पहुंचकर पदक का रंग बेहतर करेगी। चिकिथा तानीपर्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की तिकड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी कन्यावी मानीसोम्बात्कुल, कानोकनापुस काएचोम्फू और चानीदप्पा तानारत्पितिनान को 229-226 से हराया।

अब फाइनल में उनका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त कजाखस्तान से होगा। पुरुष कंपाउंड वर्ग में क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष पर रहने के बावजूद भारतीय तीरंदाज खिताब बरकरार रखने में नाकाम रहे और उन्हें कांस्य से संतोष करना पड़ा। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कम्बोज को वियतनाम के हाथों सेमीफाइनल में 233-234 से पराजय मिली।



कांस्य पदक के मुकाबले में भारतीय टीम ने भूटान को 234-232 से हराया। रिकर्व वर्ग में भारतीय पुरुष टीम मलेशिया को 5-1 से हराकर फाइनल में पहुंच गई। भारत के देवांग गुप्ता, सुखचैन सिंह और जुयेल सरकार ने एक भी सेट गंवाए बिना जीत दर्ज की। अब उनका सामना कजाखस्तान से होगा। महिला रिकर्व टीम की तिकड़ी रूमा बिस्वास, कीर्ति और रिद्धि फोर ने मलेशिया को 5-1 से हराकर कांस्य पदक जीता। दोपहर के सत्र में व्यक्तिगत स्पर्धाओं के मुकाबलों में भारत का प्रदर्शन मिला-जुला रहा। पुरुष कंपाउंड वर्ग में चौहान, जावकर और कम्बोज ने टीम स्पर्धा की निराशा को पीछे छोड़ते हुए पदक दौर में जगह बनाई और क्लीन स्वीप की उम्मीदों को बरकरार रखा। रोमांचक सेमीफाइनल में जावकर ने चौहान को 149-148 से मामूली अंतर से हराया, जबकि कम्बोज ने स्थानीय दावेदार पीरावत रत्तनापोंगकियात को 147-145 से मात दी।

अब स्वर्ण पदक के लिए जावकर और कम्बोज आमने-सामने होंगे, जबकि चौहान कांस्य पदक के मुकाबले में उतरेंगे। महिला रिकर्व वर्ग में रिद्धि ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर भारत की उम्मीदों को जीवित रखा। वह अपने पहले अंतरराष्ट्रीय व्यक्तिगत स्वर्ण पदक की दौड़ में बनी हुई हैं। चौबीस वर्षीय रिद्धि ने मलेशिया की शिंग लेई जोई टैन को सीधे सेटों में पराजित किया।

हरियाणा की इस तीरंदाज का फाइनल में मुकाबला मंगोलिया की ओयुन-एर्देने बासांदोरज से होगा। इसके विपरीत, पुरुष रिकर्व वर्ग में भारत का अभियान निराशाजनक ढंग से समाप्त हुआ। आठवीं वरीयता प्राप्त सुखचैन सिंह को रूस में जन्मे तटस्थ तीरंदाज किरिल बतुएव ने सीधे सेटों में हराया। बतुएव ने नौ में से दस अंकों वाले छह निशाने लगाते हुए 29-28, 29-28, 28-26 से जीत दर्ज की।

देवांग गुप्ता ने मलेशिया के चोंग इवान रिच को कड़ी टक्कर दी, लेकिन वह पांच सेट के करीबी मुकाबले में 4-6 से हार गए। महिला कंपाउंड वर्ग में तेजल साल्वे पदक की दौड़ में बनी रहने वाली एकमात्र भारतीय रहीं। उन्हें सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त तटस्थ खिलाड़ी के तौर पर खेल रहीं रूस की अरीना चेर्केजोवा से 144-147 से हार का सामना करना पड़ा। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में चिकिथा, राज कौर और स्वाति दुधवाल प्री-क्वार्टरफाइनल चरण में ही बाहर हो गईं।

## भीषण कार हादसे का शिकार हुई 30 वर्षीय अत्रिनेत्री, डिवाइडर से टकराने के बाद मौत..

डेस्क जगप्रेरणा।

***सोमवार को जयपुर में अभिनेत्री और मॉडल हर्षिल कालिया की कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उनकी मृत्यु हो गई। यह हादसा जयपुर के शिप्रा पथ रोड पर हुआ। कालिया रात करीब 11:30 बजे काम से घर लौट रही थीं, तभी उनकी गाड़ी डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई।***

सीसीटीवी फुटेज में गाड़ी डिवाइडर से टकराकर बाईं ओर पलटती हुई दिखाई दे रही है। स्थानीय लोगों ने गाड़ी को सीधा किया और कालिया को बाहर निकाला। 30 वर्षीय कालिया को तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया। उन्हें सिर में गंभीर चोटें आई थीं और अस्पताल में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### कारण जांचने में जुटी पुलिस..

पुलिस ने बताया कि वे हादसे के सटीक कारण का पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं, खासकर यह पता लगाने की कि क्या गाड़ी तेज गति से चल रही थी या किसी अन्य वाहन ने उसे ओवरटेक करने की कोशिश की थी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा लिया है और उसे परिवार को सौंप दिया है।



कालिया ने वेब सीरीज 'क्राइम नेक्स्ट डोर' में काम किया था, एक समाचार चैनल में एंकर के रूप में काम किया था और कई राजस्थानी गानों में मुख्य महिला किरदार निभाया था। हाल ही में, वह मॉडलिंग में अपना करियर बनाने के लिए सक्रिय रूप से प्रयासरत थीं।

### हादसे का वीडियो वायरल..

बता दें कि इस मामले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें साफ दिख रहा है कि कैसे तेज रफ्तार कार अपना नियंत्रण खो देती है और सीधे जाकर डिवाइडर से टकरा जाती है। इस भीषण हादसे में एक्ट्रेस ने मौके पर ही दम तोड़ दिया है।

इस खबर से एक्ट्रेस के परिवार में मातम पसरा है। साथ ही ग्लैमर की दुनिया के करीबी लोगों ने परिवार को सांत्वना दी है। ये पूरा हादसा सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुआ है। जिसमें साफ दिख रहा है कि एक कार सीधे जाकर डिवाइडर से टकराती है और आस-पास के पूरे इलाके में काफी शोर देखने को मिलता है। हादसे के बाद मौके पर पहुंचे लोगों ने तुरंत एक्ट्रेस को इलाज के लिए अस्पातल भेजा था। लेकिन अस्पताल में डॉक्टर्स ने एक्ट्रेस को मृत घोषित कर दिया।

## आईपीएल के अधिकतर कप्तानों ने विवादास्पद इंपैक्ट प्लेयर नियम पर आपत्ति जताई..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के अधिकतर कप्तानों ने बुधवार को इंपैक्ट प्लेयर नियम पर अपनी आपत्ति दर्ज की जिसको लेकर 2023 में इसके लागू होने के बाद से ही लोगों की अलग-अलग राय है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2024 में इंपैक्ट प्लेयर नियम को 2027 तक बढ़ा दिया था।***

इसके बावजूद इस रणनीतिक नियम पर प्रशंसकों और खिलाड़ियों के बीच समान रूप से बहस जारी है। मुंबई में हुई सभी 10 आईपीएल टीमों के कप्तानों की बैठक में इस पर विस्तार से चर्चा की गई। आईपीएल के एक सूत्र ने पीटीआई को बताया, 'अधिकांश कप्तानों ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर अपने विचार रखे और अपनी आपत्तियां व्यक्त कीं, हालांकि बीसीसीआई ने इस नियम को 2027 तक बढ़ा दिया है।

उन्हें बताया गया कि इसकी समीक्षा केवल आईपीएल 2027 के बाद ही की जा सकती है, उससे पहले नहीं।' दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इस सप्ताह की शुरुआत में इंपैक्ट प्लेयर नियम की आलोचना की थी। रोहित शर्मा जैसे खिलाड़ी पहले ही इसके खिलाफ अपनी आवाज उठा चुके हैं।

अक्षर ने कहा था, 'मुझे यह नियम पसंद नहीं है क्योंकि मैं खुद एक ऑलराउंडर हूं। पहले हम इस भूमिका (बल्लेबाजी और गेंदबाजी) के लिए ऑलराउंडरों को चुनते थे। अब टीम प्रबंधन किसी विशेषज्ञ बल्लेबाज या गेंदबाज को चुनता है। उनका कहना है कि हमें अब ऑलराउंडर की क्या जरूरत है।' उन्होंने कहा था, 'एक ऑलराउंडर होने के नाते मुझे यह पसंद नहीं है, लेकिन नियम तो नियम होते हैं। हमें उनका पालन करना ही होगा। लेकिन निजी तौर पर आप मुझसे पूछे तो मुझे यह नियम पसंद नहीं है।'



रोहित ने 2024 में कहा था कि वह इम्पैक्ट प्लेयर की अवधारणा के प्रशंसक नहीं हैं, क्योंकि इससे भारतीय क्रिकेट में ऑलराउंडरों के विकास में बाधा आती है, जबकि इसके अगले सत्र में हार्दिक पंड्या ने कहा था कि इंपैक्ट प्लेयर नियम के कारण टीम में ऑलराउंडर को चुनना मुश्किल हो गया है।

ग्लेन फिलिप्स जैसे विदेशी खिलाड़ियों ने भी कहा है कि यह नियम ऑलराउंडरों के भविष्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। फिलिप्स ने कहा था, 'मुझे ऐसा लगता है कि किसी न किसी स्तर पर ऑलराउंडरों के कम प्रचलित होने और उनके कम होने की समस्या हो सकती है, जिसका जाहिर तौर पर अंतरराष्ट्रीय खेल, अंतरराष्ट्रीय टी20 और अंतरराष्ट्रीय एक दिवसीय मैचों पर असर पड़ेगा।'

बीसीसीआई ने पिछले सत्र में ओस से निपटने के लिए दूसरी पारी के 10वें ओवर के बाद टीमों को एक गेंद बदलने की अनुमति दी थी। बुधवार को एक कप्तान ने प्रस्ताव रखा कि टीमों को पहली पारी के 10वें ओवर के बाद गेंद बदलने की अनुमति दी जानी चाहिए।

सूत्र ने बताया, 'पहली पारी के 10 ओवरों के बाद गेंद बदलने का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन इसे ज्यादा समर्थन नहीं मिला। दूसरी पारी में आमतौर पर ओस ज्यादा पड़ती है, इसलिए मौजूदा नियम लागू रहेगा।'

आईपीएल के कप्तानों की इस बैठक में सभी कप्तान भारतीय थे क्योंकि सनराइजर्स हैदराबाद के नियमित कप्तान पैट कमिंस की अनुपस्थिति में ईशान किशन उसकी कप्तानी कर रहे हैं। कप्तानों ने इस बैठक में आईपीएल के अधिकारियों से अभ्यास को लेकर दिशानिर्देशों के बारे में जानकारी भी हासिल की।

फ्रैंचाइजी के साथ साझा किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार, मैच के दिनों में किसी भी प्रकार के अभ्यास की अनुमति नहीं होगी और 'यदि कोई टीम अपना अभ्यास जल्दी समाप्त कर लेती है, तो दूसरी टीम को अपने अभ्यास के लिए विकेटों का उपयोग करने की अनुमति नहीं होगी।' सूत्र ने बताया, 'कप्तान अभ्यास को लेकर दिशानिर्देशों में अधिक स्पष्टता चाहते थे और उन्हें उचित जानकारी मुहैया कराई गई।'

## रॉक की हॉलीवुड सुपरहिट फिल्म के तीसरे पार्ट की रिलीज डेट बढ़ी आगे, जंगल की सैर कराएगी मूवी..

डेस्क जगप्रेरणा।

***हॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म जुमांजी के अब तक 2 पाट्र्स रिलीज हो चुके हैं। वहीं अब दर्शकों को इसके तीसरे पार्ट का इंतजार है। सुपरस्टार रॉक यानी ड्वेन जॉन्सन की ये फिल्म जुमांजी 3 अब 11 दिसंबर की जगह क्रिसमस पर यानी 25 दिसंबर को रिलीज होगी।***

वैरायटी की रिपोर्ट के अनुसार, सोनी की कोलंबिया पिक्चर्स ने ड्वेन जॉनसन और केविन हार्ट अभिनीत फिल्म 'जुमांजी 3' की रिलीज तिथि को निर्धारित 11 दिसंबर से दो सप्ताह आगे बढ़ाकर क्रिसमस कर दिया है। इस रणनीतिक कदम से 'जुमांजी 3' को 18 दिसंबर को 'ड्यूनः पार्ट थ्री' और 'एवेंजर्सः डूम्सडे' की रिलीज के बाद सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

### सुपरहिट रहे फिल्म के दोनों पार्ट..

इस रिपोर्ट के मुताबिक, क्रिसमस का समय ऐतिहासिक रूप से पारिवारिक 'जुमांजी' फिल्मों की रिलीज का समय रहा है, जिसकी शुरुआत 1995 में रॉबिन विलियम्स अभिनीत एक्शन-एडवेंचर कॉमेडी फिल्म से हुई थी, जो उसी साल 15 दिसंबर को रिलीज हुई थी।



नई 'जुमांजी' फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म, 2017 की 'वेलकम टू द जंगल', 20 दिसंबर को रिलीज हुई और बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त हिट रही, फिल्म ने दुनिया भर में 960 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की कमाई की और उस साल की पांचवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई।

### दूसरे पार्ट ने की थी बंपर कमाई..

2019 में आई इसकी अगली कड़ी, 'जुमांजीः द नेक्स्ट लेवल' ने भी जबरदस्त कमाई की और दुनिया भर में 800 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का कलेक्शन किया। वीडियो गेम में फंसे किशोरों के एक समूह की कहानी पर आधारित 'जुमानजी' रीबूट सीरीज़ में जॉनसन, हार्ट, जैक ब्लैक और करेन गिलन मुख्य भूमिका में हैं। वैरायटी के अनुसार, डैनी डेविटो, निक जोनास, मारिन हिंकल, बेबे न्यूविर्थ, लैमोर्न मॉरिस और राइस डार्बी भी अगली कड़ी में वापसी कर रहे हैं, जबकि डैन हिल्डेब्रांड और जैक ज्यूक्स नए कलाकारों के रूप में शामिल हुए हैं। जेक कासडन ने इस बड़े बजट की सीरीज़ की पहली दो फिल्मों का निर्देशन किया था और वे जेफ पिंकनर और स्कॉट रोसेनबर्ग के साथ मिलकर लिखी गई पटकथा पर आधारित तीसरी फिल्म का निर्देशन करने के लिए लौट रहे हैं।

## नेपाल में जन्मे डिफेंडर भारती हांगकांग के खिलाफ एशियाई कप क्वालीफायर से पहले भारतीय शिविर में..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***नेपाल में जन्मे डिफेंडर अबनीत भारती हांगकांग के खिलाफ एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर से पहले भारतीय सीनियर पुरूष टीम के कोच्चि में चल रहे शिविर में जुड़ गए हैं। इससे एक दिन पहले इसी मुकाबले के लिये आस्ट्रेलिया में जन्मे रियान विलियम्स को टीम में शामिल किया गया था।***

अब भारत के शिविर में पहली बार दो विदेश में जन्मे खिलाड़ी हैं जिन्हें हाल ही में भारतीय पासपोर्ट मिला है। विलियम्स बांग्लादेश के खिलाफ मुकाबला नहीं खेल सके थे क्योंकि फीफा से उन्हें मंजूरी देर से मिली । अब वह हांगकांग के खिलाफ 31 मार्च को भारत के लिये पदार्पण करेंगे। भारत 2027 में सउदी अरब में होने वाले एएफसी एशियाई कप की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुका है। अनुभवी डिफेंडर संदेश झिंगन अपने कैरियर के आखिरी पड़ाव पर हैं , ऐसे में टीम को अनवर अली के साथ भरोसेमंद सेंटर बैक की जरूरत है जो भारती हो सकते हैं। भारती अभी फीफा से मंजूरी मिलने का इंतजार कर रहे हैं। नेपाल में जन्मे भारती ने नाइजीरिया में स्कूली दिनों में गोलकीपर के रूप में शुरूआत की थी। भारत आने के बाद उन्होंने डिफेंडर के तौर पर खेलना शुरू किया और बीजीएस इंटरनेशनल स्कूल तथा शास्त्री एफसी के लिये खेले ।सिंगापुर में गेलांग इंटरनेशनल के साथ अभ्यास करने के बाद वह स्पेन में रीयाल वाल्लाडोलिड अकादमी से जुड़े । उन्होंने जर्मनी में भी चयन ट्रायल दिये थे । वह 2019 में केरला ब्लास्टर्स के साथ जुड़े लेकिन करार नहीं हो पाया। इसके बाद से वह चेक गणराज्य में और उधार पर किर्गीस्तान, पनामा, अर्जेंटीना और अब बोलिविया में खेलते रहे हैं।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स
गुरुवार 26 मार्च 2026





# पीएनजी उपलब्ध होने पर भी उसकी सेवा नहीं लेने वालों की एलपीजी आपूर्ति बंद होगी: सरकारी आदेश



**नई दिल्ली, (भाषा)।** पाइप के जरिये आपूर्ति की जाने वाली रसोई गैस (पीएनजी) की सुविधा उपलब्ध होने पर भी इसकी सेवा नहीं लेने वाले उपभोक्ताओं की घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। सरकार ने आदेश जारी कर इसकी जानकारी दी है। यह कदम गैस नेटवर्क के विस्तार को तेज करने और एक ही ईंधन पर निर्भरता कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने एक संवाददाता सम्मेलन में स्पष्ट किया कि गैस वितरण कंपनियां उन इलाकों के रसोई गैस उपभोक्ताओं को नोटिस भेजेंगी जहां पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका है।

उन्होंने कहा कि नोटिस मिलने के तीन महीने के भीतर ग्राहकों को पीएनजी अपनानी होगी, ऐसा न करने पर रसोई गैस (एलपीजी) की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी।

शर्मा ने बताया कि 'प्राकृतिक गैस वितरण आदेश, 2026' का उद्देश्य पाइपलाइन बिछाने के काम में तेजी लाना और ईंधन विविधीकरण को बढ़ावा देना है। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण प्रमुख स्रोतों से आपूर्ति प्रभावित होने से भारत में एलपीजी की कमी की स्थिति के बीच सरकार घरेलू एवं वाणिज्यिक उपभोक्ताओं को पीएनजी अपनाने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

पीएनजी अधिक सुविधाजनक विकल्प है और इसकी आपूर्ति घरेलू उत्पादन तथा विविध स्रोतों से की जाती है। पीएनजी पाइपलाइन के माध्यम से रसोई गैस बर्नर तक लगातार पहुंचाई जाती है, जिससे सिलेंडर की बुकिंग की आवश्यकता नहीं रहती।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 'प्राकृतिक गैस तथा पेट्रोलियम उत्पाद वितरण (पाइपलाइन बिछाने, निर्माण, संचालन व विस्तार तथा अन्य सुविधाएं) आदेश, 2026' अधिसूचित किया है। इसका उद्देश्य पाइपलाइन अवसंरचना के विकास में तेजी लाना, मंजूरियों को आसान बनाना तथा एलपीजी से पीएनजी की ओर बदलाव को बढ़ावा देकर ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना है।

इस 24 मार्च को जारी आदेश में कहा गया कि यदि पीएनजी उपलब्ध होने के बावजूद कोई परिवार इसे नहीं अपनाता है तो तीन महीने बाद एलपीजी की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। हालांकि, जहां पाइप कनेक्शन देना तकनीकी रूप से संभव नहीं है, वहां अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) के आधार पर एलपीजी आपूर्ति जारी रह सकेगी।

इस कदम का उद्देश्य पाइपलाइन सुविधा वाले क्षेत्रों से एलपीजी की आपूर्ति मुक्त कर उन क्षेत्रों में भेजना है जहां यह अवसंरचना उपलब्ध नहीं है। साथ ही वैश्विक आपूर्ति व्यवधान, खाड़ी क्षेत्र में द्रवीकरण संयंत्रों को नुकसान और होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी अवरोध के बीच ईंधन विविधीकरण को बढ़ावा देना भी है।

इस आदेश पर टिप्पणी करते हुए पेट्रोलियम सचिव नीरज मित्तल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''कारोबार सुगमता सुधारों के माध्यम से संकट को अवसर में बदला गया है।'' आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत जारी यह आदेश पाइपलाइन अवसंरचना को तेजी से विकसित करने के लिए मंजूरियों को आसान बनाने, शुल्कों का मानकीकरण करने और समयबद्ध अनुमति सुनिश्चित करने का प्रावधान करता है। तेजी से क्रियान्वयन के लिए सार्वजनिक प्राधिकरणों को निर्धारित समयसीमा के भीतर मार्ग-अधिकार (राइट ऑफ वे) या अन्य अनुमतियां देनी होंगी, अन्यथा उन्हें स्वीकृत माना जाएगा। इस आदेश में अधिकारियों को निर्दिष्ट शुल्कों से अधिक शुल्क लगाने से भी प्रतिबंधित किया गया है।

आवासीय क्षेत्रों में प्रवेश नियंत्रित करने वाली इकाइयों को तीन कार्य दिवस के भीतर अनुमति देनी होगी और अंतिम चरण का पीएनजी संपर्क 48 घंटे के भीतर प्रदान किया जाएगा। ऐसे क्षेत्रों में पाइपलाइन संपर्क के आवेदन को अस्वीकार नहीं किया जा सकेगा। आदेश में भूमि पहुंच से जुड़े विवादों के समाधान के लिए नामित अधिकारियों को दीवानी अदालत जैसी शक्तियां देने का भी प्रावधान है, ताकि आवश्यक होने पर मार्ग-अधिकार प्रदान किया जा सके। अधिकृत इकाइयों को मंजूरी मिलने के चार महीने के भीतर पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू करना होगा, अन्यथा उन पर दंडात्मक कार्रवाई हो सकती है जिसमें विशेष अधिकार समाप्त किया जाना भी शामिल है।

पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) को इस आदेश के क्रियान्वयन की निगरानी के लिए नोडल एजेंसी बनाया गया है। यह मंजूरियों, अस्वीकृतियों तथा अनुपालन की निगरानी करेगा। यदि किसी आवासीय परिसर में पीएनजी पाइपलाइन बिछाने के लिए प्रवेश नियंत्रित करने वाली इकाइयां मार्ग-अधिकार या उपयोग की अनुमति नहीं देती हैं, तो उन्हें नोटिस दिया जाएगा और तीन महीने बाद पेट्रोलियम विपणन कंपनियां एलपीजी की आपूर्ति बंद कर देंगी।

आदेश में कहा गया कि यदि अधिकृत इकाई द्वारा पाइपलाइन बिछाने के बाद भी परिवार पीएनजी कनेक्शन के लिए आवेदन नहीं करता, तो ''ऐसे पते पर एलपीजी की आपूर्ति सूचना की तारीख से तीन महीने बाद बंद कर दी जाएगी।''

यदि अधिकृत इकाई यह प्रमाणित करती है कि किसी परिवार को तकनीकी कारणों से पीएनजी कनेक्शन देना संभव नहीं है, तो एलपीजी आपूर्ति बंद नहीं की जाएगी। अधिकृत इकाई को तकनीकी रूप से संभव न होने के कारणों का रिकॉर्ड रखना होगा और जैसे ही पीएनजी उपलब्ध कराना संभव होगा, एनओसी वापस ले लिया जाएगा।

# 1,948 बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की लागत में 5.66 लाख करोड़ रुपये का इजाफा



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***देश की 150 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की कुल लागत में 5.66 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हुआ है।***

एक आधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी 2026 तक सांख्यिकी मंत्रालय की निगरानी वाली 1,948 परियोजनाओं की संशोधित लागत 41,98,684 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है, जबकि इनकी मूल लागत 36,32,088 करोड़ रुपये आंकी गई थी।

हालांकि, रिपोर्ट में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि ऐसी कितनी परियोजनाएं हैं जिनकी लागत में इजाफा हुआ है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इन परियोजनाओं पर अब तक कुल 19.71 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। यह खर्च परियोजनाओं की बढ़ी हुई अनुमानित लागत का लगभग 46.95 प्रतिशत है, जो इनके क्रियान्वयन में हो रही ठोस और निरंतर प्रगति का संकेत देता है।

रिपोर्ट के अनुसार, 740 परियोजनाओं (38 प्रतिशत) ने 80 प्रतिशत से अधिक भौतिक प्रगति हासिल कर ली है, जबकि 250 परियोजनाएं वित्तीय रूप से 80 प्रतिशत पूरी हो चुकी हैं।

परिवहन और लॉजिस्टिक क्षेत्र में सबसे अधिक 1,421 चालू परियोजनाएं हैं, जिनकी संशोधित लागत 22.96 लाख करोड़ रुपये है।


सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय 1,108 परियोजनाओं के साथ शीर्ष पर है, जिनकी कुल लागत 10.51 लाख करोड़ रुपये है।

इसके बाद रेलवे 245 परियोजनाओं का कार्यान्वयन कर रहा है, जिसकी लागत 8.39 लाख करोड़ रुपये है।

क्षेत्रवार विवरण के अनुसार, कोयला मंत्रालय के पास 128, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय के पास 113 और बिजली मंत्रालय के पास 101 बुनियादी ढांचा परियोजनाएं हैं। इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत क्रमशः 2.4 लाख करोड़ रुपये, 5.15 लाख करोड़ रुपये और 5.25 लाख करोड़ रुपये है।÷फरवरी के दौरान नौ प्रमुख परियोजनाएं पूरी की गईं, जिनमें 'त्रिवेंद्रम-कन्याकुमारी' रेलवे लाइन और पाटा की 'पीपी परियोजना' शामिल हैं।

इसी महीने 268 नई परियोजनाओं को निगरानी तंत्र (पैमाना) के दायरे में लाया गया है। इनमें मुंबई रिफाइनरी की नई इकाई और 'केन-बेतवा लिंक' जैसी बड़ी योजनाएं शामिल हैं।

# संशोधित 'उड़ान' योजना को मंत्रिमंडल की मंजूरी, 28,840 करोड़ रुपये का प्रावधान..



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना 'उड़ान' (उड़े देश का आम नागरिक) के संशोधित प्रारूप को मंजूरी दे दी। अगले 10 साल के लिए 28,840 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली इस योजना के***

तहत हवाई अड्डों के विकास, उनके रखरखाव और भारत में निर्मित विमानों की खरीद के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी। एयरलाइन कंपनियों को इन मार्गों पर उड़ानों के परिचालन को आर्थिक रूप से व्यवहार्य बनाने (वीजीएफ) के लिए वित्त वर्ष 2026-27 से शुरू होने वाली 10 साल की अवधि में 10,043 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को बताया कि संशोधित योजना के तहत राज्यों के सहयोग से मौजूदा 100 हवाई पट्टियों को हवाई अड्डों के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए अगले आठ वर्षों में 12,159 करोड़ रुपये का बजट रखा गया है।

आधिकारिक बयान के अनुसार, योजना का लक्ष्य अगले आठ वर्षों में 3,661 करोड़ रुपये की लागत से 200 आधुनिक हेलीपैड बनाना है। इनका विकास मुख्य रूप से पिछड़े जिलों में अंतिम छोर तक पहुंच और आपातकालीन सेवाओं के लिए होगा।

विमानों और हेलीपोर्ट के रखरखाव के लिए तीन साल तक वित्तीय सहायता दी जाएगी। इसके तहत प्रति हवाई अड्डा अधिकतम 3.06 करोड़ रुपये सालाना और प्रति हेलीपोर्ट या जल विमान केंद्र के लिए 90 लाख रुपये सालाना की मदद मिलेगी। करीब 441 ऐसे केंद्रों के लिए कुल 2,577 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

दुर्गम और कठिन क्षेत्रों में छोटे विमानों और हेलिकॉप्टर की कमी को दूर करने तथा 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को बढ़ावा देने के लिए योजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से पवन हंस के लिए दो 'ध्रुव' हेलिकॉप्टर और अलायंस एयर के लिए दो 'डोर्नियर' विमान खरीदने का भी प्रस्ताव है। संशोधित 'उड़ान' योजना को वित्त वर्ष 2026-27 से 2035-36 तक की अवधि के लिए मंजूरी दी गई है।

कुल 28,840 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली इस योजना के लिए केंद्र सरकार की ओर से वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। सरकार के अनुसार, अक्टूबर, 2016 में इस योजना की शुरुआत से लेकर इस साल 28 फरवरी तक 95 हवाई अड्डों, हेलीपोर्ट और जल विमान केंद्रों (वॉटर एयरोड्रम) के माध्यम से 663 हवाई मार्ग शुरू किए जा चुके हैं।

इसी बीच, नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने हवाई अड्डों की भूमिका पर जोर देते हुए कहा कि ये केवल पारगमन केंद्र नहीं हैं, बल्कि संबंधित क्षेत्रों के लिए 'आर्थिक इंजन' के रूप में काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि इनका रोजगार और जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) पर व्यापक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, ÷संशोधित 'उड़ान' योजना के माध्यम से निस्संदेह 'विकसित भारत 2047' और 'विकसित विमानन 2047' का मार्ग प्रशस्त हो गया है।÷ आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने के सरकारी प्रयासों का उल्लेख करते हुए नायडू ने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी पवन हंस लिमिटेड के लिए दो स्वदेशी 'ध्रुव' हेलिकॉप्टर और अलायंस एयर के लिए दो स्वदेशी 'हिंदुस्तान 228' विमान खरीदने के उद्देश्य से बजटीय आवंटन किया गया है। भारत दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते नागर विमानन बाजारों में से एक है।

# आरबीआई के लिए खुदरा मुद्रास्फीति का लक्ष्य बरकरार, 2031 तक चार प्रतिशत बनाये रखने की जिम्मेदारी..



**नई दिल्ली, (भाषा)।** सरकार ने बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के लिए खुदरा मुद्रास्फीति के लक्ष्य को बरकरार रखा। इसके तहत रिजर्व बैंक को अगले पांच साल मार्च, 2031 तक के लिए खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनाये रखने को जिम्मेदारी फिर से दी गयी है। सरकार ने मूल्य वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए 2016 में आरबीआई को 31 मार्च, 2021 को समाप्त होने वाले पांच वर्षों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनाए रखने की जिम्मेदारी दी थी। इसके बाद, मार्च 2021 में, सरकार ने इसी लक्ष्य को बरकरार रखा था। यह दूसरी बार है जब सरकार ने मुद्रास्फीति लक्ष्य को बरकरार रखा है।

आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा 25 मार्च को राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना में कहा गया है कि केंद्र सरकार, रिजर्व बैंक के परामर्श से, एक अप्रैल, 2026 से 31 मार्च, 2031 तक की अवधि के लिए मुद्रास्फीति लक्ष्य को अधिसूचित करती है। अधिसूचना के अनुसार, मुद्रास्फीति का लक्ष्य चार प्रतिशत है। इसकी ऊपरी सीमा छह प्रतिशत और निचली सीमा दो प्रतिशत है। भारत ने मुद्रास्फीति लक्ष्य की रूपरेखा को अपनाया है और 2016 में केंद्रीय बैंक को औपचारिक रूप से इसकी जिम्मेदारी सौंपी।

छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) को अक्टूबर, 2016 में अपनी पहली बैठक में 31 मार्च, 2021 तक वार्षिक मुद्रास्फीति को दो प्रतिशत के घट-बढ़ के साथ चार प्रतिशत पर बनाए रखने की जिम्मेदारी मिली थी। पिछले एक दशक में, मुद्रास्फीति लगभग तीन-चौथाई समय तक निर्धारित सीमा के भीतर रही है। हालांकि, महामारी के वर्षों के दौरान इसमें अस्थिरता थी। ताजा आंकड़ों के अनुसार, खुदरा मुद्रास्फीति फरवरी में बढ़कर 3.21 प्रतिशत हो गयी जो इससे पिछले महीने में 2.74 प्रतिशत थी।

# आरबीआई ने निवेशकों की अधिक रिटर्न की मांग पर ट्रेजरी बिल नीलामी में सभी बोलियां खारिज कीं



**मुंबई, (भाषा)।** बैंकिंग प्रणाली में नकदी की सख्त स्थिति के बीच निवेशकों द्वारा उम्मीद से अधिक ब्याज मांगे जाने के कारण भारतीय रिजर्व बैंक ने बुधवार को ट्रेजरी बिलों की नीलामी रद्द कर दी।

बाजार के जानकारों का कहना है कि निवेशक पिछली नीलामी के मुकाबले 0.05-0.10 प्रतिशत अधिक मुनाफा चाह रहे थे, जिसे स्वीकार करने के बजाय आरबीआई ने सभी बोलियों को ठुकराना बेहतर समझा।

पिछले 13 महीनों में यह दूसरी बार है जब आरबीआई ने बोलियां खारिज की हैं। इससे पहले 21 फरवरी, 2025 को हुई नीलामी के दौरान 91 दिवसीय और 182 दिवसीय ट्रेजरी बिलों के लिए बोलियां खारिज की गई थीं।

धनलक्ष्मी बैंक के ट्रेजरी प्रमुख बालसुब्रमण्यन आर ने कहा, ÷बैंकिंग प्रणाली में नकदी की किल्लत की वजह से निवेशकों ने नीलामी में 0.05-0.10 प्रतिशत अधिक प्रतिफल की मांग रखी थी, जिसे आरबीआई ने स्वीकार नहीं किया और सभी बोलियों को खारिज कर दिया।÷

भारत सरकार ट्रेजरी बिल (टी-बिल) को मुद्रा बाजार के एक साधन के रूप में जारी करती है। यह एक प्रकार का वचन-पत्र होता है, जो भविष्य की एक तय तिथि पर पुनर्भुगतान की गारंटी देता है। आमतौर पर बैंक, प्राथमिक डीलर, खुदरा निवेशक और संस्थागत निवेशक इन नीलामियों में हिस्सा लेते हैं।

ट्रेजरी बिल अल्पकालिक ऋण के साधन हैं जिनकी परिपक्वता अवधि अधिकतम 364 दिन की होती है। इन्हें इनके अंकित मूल्य पर बट्टे के साथ जारी किया जाता है और इन पर समय-समय पर कोई ब्याज भुगतान नहीं होता है।

पिछले तीन सप्ताह के दौरान बैंकिंग प्रणाली में नकदी की निरंतर किल्लत के चलते, निवेशकों ने सरकार से उधार के बदले वसूले जाने वाले मुनाफे में बढ़ोतरी कर दी है। इसके परिणामस्वरूप 91-दिवसीय और 182-दिवसीय अवधि के ट्रेजरी बिलों पर ब्याज की दर लगभग 0.03 प्रतिशत बढ़ गई है, जबकि 364-दिवसीय अवधि के लिए इस मुनाफे की दर में 0.06 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है।

अग्रिम कर और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के भुगतान की वजह से हाल के सप्ताहों में बैंकिंग प्रणाली में नकद पैसे की किल्लत बनी हुई है। इस स्थिति को संभालने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने विशेष नीलामी (वीआरआर) के जरिये बाज़ार में अस्थायी नकदी डाली है।

रिजर्व बैंक ने अलग-अलग समय के लिए की गई इन विशेष नीलामियों के ज़रिये बैंकिंग प्रणाली में कुल 2.08 लाख करोड़ रुपये की अस्थायी नकद राशि डाली है। बाज़ार के जानकारों का कहना है कि पैसे की इस कमी को दूर करने और ब्याज दरों को काबू में रखने के लिए आरबीआई आने वाले दिनों में ऐसी और भी नीलामियां कर सकता है।

# फर्जी ऐप एक गंभीर खतरा, बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियां नियामकों के साथ मिलकर इस पर काम करें: सेबी..



**मुंबई, (भाषा)।** सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बुधवार को फर्जी एप्लिकेशन को 'गंभीर खतरा' बताया और गूगल और मेटा जैसी प्रौद्योगिकी कंपनियों से निवेशकों की सुरक्षा के लिए वित्तीय नियामकों के साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया।

पांडेय ने कहा कि निवेशकों की भागीदारी में तेजी की लहर जल्द ही आने वाली है और बाजार में सभी संबंधित पक्षों के विश्वास को बनाये रखना आवश्यक है।

उन्होंने यहां गूगल के सहयोग से सत्यापित ऐप लेबल पहल शुरू किये जाने के के अवसर पर कहा कि भारतीय निवेशकों की संख्या 14 करोड़ तक पहुंच गई है और कुल बाजार पूंजीकरण 423 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के प्रमुख ने कहा, ''फर्जी ऐप अब एक गंभीर खतरा हैं और इनसे अपूरणीय वित्तीय क्षति हो सकती है।'' उन्होंने कहा कि सेबी का दृष्टिकोण किसी भी नुकसान के होने से पहले ही उस पर रोक लगाने का रहा है।

उन्होंने कहा, ''नियामकों, मध्यस्थों और बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों को मिलकर काम करना चाहिए क्योंकि निवेशकों की सुरक्षा एक साझा जिम्मेदारी है।''

पांडेय ने कहा कि बुधवार को शुरू की गई इस पहल से यह सुनिश्चित होगा कि गूगल के प्ले स्टोर पर मौजूद ऐप में एक सत्यापित बैज यानी विशिष्ट चिह्न हो और उपयोगकर्ता उसे देखने के बाद सुरक्षित रूप से लेनदेन कर सकें।

उन्होंने कहा कि यह पहल शेयर ब्रोकर के 600 ऐप से शुरू हो रही है। पंजीकृत निवेश सलाहकारों और ऑनलाइन बॉन्ड मंचों सहित अन्य मध्यस्थों को भी समय के साथ जोड़ा जाएगा।

पांडेय ने कहा कि सत्यापित बैज की पहल एक अग्रणी प्रयास है और दुनिया के अन्य देश भी इसका अनुसरण करेंगे।

इसी कार्यक्रम में सेबी के पूर्णकालिक सदस्य के सी वार्ष्णेय ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करने के तरीके खोजने होंगे कि ऐप स्टोर पर गलत ऐप बिल्कुल भी न हों।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

## सरस्वती शिशु मंदिर लांजी ने स्थानीय वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित हुआ..





जगप्रेरणा लांजी।

***नगर के सरस्वती विद्या मंदिर में स्थानीय कक्षाओं का वार्षिक परीक्षा परिणाम कक्षा नर्सरी से एकादश तक का घोषित किया गया।***

परीक्षा परिणाम कार्यक्रम बारेलाल बडघैया के मुख्यातिथ्य में एवं विजय कुमार रामटेक्कर की अध्यक्षता में तथा समिति सदस्य ठाकुर दास लिल्हारे, श्रीमती दुर्गा रामटेक्कर, पत्रकार दिनेश रामटेक्कर, प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी एवं प्रधानाचार्य सदरूलाल बोहने की प्रमुख उपस्थिति में परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भारती के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया तत्पश्चात वाणी वंदना हुई। वरिष्ठ आचार्य लेखराम ठाकरे के द्वारा अतिथियों का तिलक वंदन एवं स्वागत किया गया।

त्रयंबक भगत द्वारा अतिथियों का परिचय कराया गया। प्रस्तावना उद्बोधन में प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी द्वारा भैया बहिनों व अभिभावकों से उपस्थिति बढ़ाने पर जोर दिया साथ ही कहा कि सत्र 2026-27 से विद्यालय में अंग्रेजी माध्यम की कक्षाये प्रारम्भ हो रही है। परीक्षा प्रमुख आचार्य लेखराम ठाकरे द्वारा परीक्षा परिणाम का वाचन किया गया।

सर्वप्रथम कक्षा नर्सरी से यशस्वी साकरे 91.6% प्रथम, भैया देवांश वानखेड़े 90.6% द्वितीय, सिद्धि महोबिया 85% तृतीय।

कक्षा उदय **KG1** में भैया तृषान्त गुरदे 93%, प्रथम बहिन तृप्ति बिसेन 92.3% द्वितीय, मयंक भालाधरे 87.6% तृतीय।

कक्षा **KG**2 से बहिन युवांशी मचघैया 93.3% प्रथम, भैया आयुष सोनवाने 90.6% द्वितीय, चित्रांश कुंघाडकर 91.6% तृतीय,व।

कक्षा प्रथम में बहिन स्नेहा अजित 94.6% प्रथम, दिव्या सैय्याम 94% द्वितीय, आकांक्षा वाकड़े 92% तृतीय।

कक्षा द्वितीय से छात्रा पार्थ चालाक 97.6% प्रथम, बहिन वंशिका हिरुंदे 96% द्वितीय, भारती बिसेन 94% तृतीय।

कक्षा तृतीय से छात्रा त्रिशा मुरकुटे 92.7% प्रथम, दीप्ति कारमेघे 91.5% द्वितीय, बहिन सृष्टि आसटकर 90% तृतीय।

कक्षा चतुर्थ से बहिन आर्या घोगड़े 89.7% प्रथम, बहिन कावेरी बड़मे 84.7% द्वितीय, श्रीतिका सोनवाने 79.5% तृतीय।

कक्षा षष्ठ से बहिन उपाधि लटारे 80.1% प्रथम, बहिन तान्या बिसेन 74.6% द्वितीय, बहिन यामिनी गिरी 69.8% तृतीय।

कक्षा सप्तम से बहिन हर्षिका नरताम 77.3% द्वितीय, शिवानी रामटेक्कर 79.5% प्रथम, बहिन महिमा उमरे 75.1% तृतीय।

कक्षा नवम से बहिन मेघा पांचे 91.5% प्रथम, बालिका मोनिका सोनवाने 87.5% द्वितीय, दिव्या महोबिया 81% तृतीय।

कक्षा एकादश से ( गणित )निखिल सातपुते 55.4% प्रथम, कक्षा एकादश (जीव) से छात्र संयम बिलावर 72.8% प्रथम, बालिका भावना भोंडेकर 68.8% द्वितीय, महिन शेख 68.4% तृतीय।

कक्षा एकादश (कला) से बालिका जानवी करहिे 57% प्रथम, मनिष कुमार कचवाहे 56.2% द्वितीय, अर्पित श्रीवास 56% तृतीय।

कक्षा एकादश (वाणिज्य) से छात्रा अंकुश विजयवार 64.2% प्रथम, बालक दीपिका पांचे 59.2 द्वितीय, आंचल पांचे 58% तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कक्षा में सर्वाधिक उपस्थिति वाले भैया बहिनों को भी पुरस्कृत किया गया जिनमें नर्सरी से भैया ऋषभ घोरमारे, अरुण से शिवांश मेश्राम एवं चिरचिव रामटेकर ,उदय से युवांशी मचगैया ,प्रथम अ शौर्य समरिते प्रथम ब आकांक्षा वाकडे, द्वितीय अ अनीता पंद्रे द्वितीय ब फरेंद्र पुरी गोस्वामी, तृतीय अ आरवी मछगैया तृतीय ब वेदांत दुरुगकर, चतुर्थ अमल पंद्रे,पंचम कुणाल नेवारे, षष्ठ कुमारी नित्या चोरवाड़े,सप्तम शिवानी रामटेकर,

अष्टम विनय कुशले, नवम अ भैया अर्पित सोनवाने नवम ब कुमारी भीमेश्वरी टिकेश्वर, दशम भैया अक्षांश वासनिक, एकादश कृषि भैया गौरव जगने, द्वादश कृषि कुमारी गौरी मानकर। कार्यक्रम के अंत में समिति सदस्य टी डी लिल्हारे द्वारा कहा गया कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है जो भैया बहिन ने किसी भी कारण से कम अंक प्राप्त किए है उन्हें निराश नहीं होना चाहिए उन्हें और अधिक मेहनत करके अपने आप को साबित करना चाहिए।

## साकेत पब्लिक स्कूल का पांचवी व आठवीं वी बोर्ड का परिणाम शतप्रतिशत..




जगप्रेरणा लांजी।

***राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा 5वीं एवं 8 वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम 25 मार्च को घोषित किया गया। जिसमें नगर के शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी साकेत पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी का पांचवी और आठवी बोर्ड परीक्षा का परीक्षा परिणाम सराहनीय रहा।***

विद्यालय के कक्षा आठवीं से कुल 41 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये, जिसमें से सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण रहें, इसी क्रम में कक्षा पांचवी से 53 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुये, जिसमें से सभी विद्यार्थी उत्तीण रहें परीक्षा परिणाम शत् प्रतिशत रहा।

आठवी मे रूद्रप्रताप सिंह राकेश महिमेहरों 90.66 प्रतिशत से प्रथम

आठवी मे रूद्रप्रताप सिंह राकेश महिमेहरों 90.66 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, अनुकृति राजेश कश्यप 90.33 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, नुपूर झनकार सिंह ठाकरे 90 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में वैभवी मेहरलाल लिल्हारे 89 प्रतिशत, ग्रेशी अशोक नारनौरे 87.83 प्रतिशत, एकता भुवनलाल फुल्झरे 87.66 प्रतिशत, अक्षांशी अरविंद जाम्भुरकर 86.66 प्रतिशत, गुंजन अनिल उमरें 85.83 प्रतिशत, आकृति राजु बाहेश्वर 85.83 प्रतिशत, पावन संतोष मोरघड़े 84.66, निकुंज दिनेश सातपुते 84.66 प्रतिशत, हिमांशु महेश दशहरे 84.16, विद्या विजयमोहन काडडे 84 प्रतिशत, हिमानी नरेश सातपुते 83.5 प्रतिशत, भुमि जितेन्द्र गौतम 83.16 प्रतिशत, दिपश्री रविशंकर बापुरे 83.16 प्रतिशत, अर्पिता गणेश चौधरी 83 प्रतिशत, दृष्टि भोजराज लटारे 81.5 प्रतिशत, वेदांश राजकुमार मिसारे 80.5 प्रतिशत, वैष्णवी कृष्णा कलपुरे 80.5 प्रतिशत, आदित्य डिलेश्वर लटारे 79.16 प्रतिशत, सना फातमा मुजिबुर रहमान 77.83 प्रतिशत, अमन विकास किरमें 76.83 प्रतिशत, रूपाली विनोद सातपुते 76.5 प्रतिशत, प्रिति खेमराज उमरे 76 प्रतिशत, पूर्वि रवि बनवारी 75.83 प्रतिशत, खुशी राजेश कलपुरे 75.83 प्रतिशत, दक्ष राजेश सहारे 75.33 प्रतिशत, भागवत पदमाकर बिल्हारे 75.33 प्रतिशत एवं अन्य छात्र/छात्राओं ने अपना उत्कर्श प्रदर्शन दिया।

पांचवी में तिक्षा होमेश्वर पाड़े 89.25 प्रतिशत से प्रथम

फोटो- तिक्षा, वैष्णवी, आराध्या, मानवी, माल्या

पांचवी मे तिक्षा होमेश्वर पाड़े 89.25 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, वैश्णवी चंद्रकुमार सोनी 89 प्रतिशत के साथ द्वितीय स्थान, आराध्या गजेन्द्र ऐरपुड़े 88.75 प्रतिशत के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया इसी क्रम में मानवी नितिन मोरघड़े 88.75 प्रतिशत, माल्या किरनकुमार रामावत 87.75 प्रतिशत, माही हेमेन्द्र ऐरपुड़े 87 प्रतिशत, मानव धनेन्द्र सिंह लखेरे 84.5 प्रतिशत, काव्या विजय आसटकर 83 प्रतिशत, हार्दिक महेन्द्र गव्हारे 81 प्रतिशत, मानवी दिलीप भण्डारकर 80.75 प्रतिशत, गुणेन्द्र गणेश कचवाहे 80.5 प्रतिशत, शितल अंग्रीश सोनवाने 80 प्रतिशत, भूमि धर्मेन्द्र सातपुते 80 प्रतिशत, शिवांक प्रमोद मोरघड़े 80 प्रतिशत, वैष्णवी ईश्वरलाल नगपुरे 79.75, नव्या प्रभाकर लटारे 79.5 प्रियांशी मुकेस डाहके 79 प्रतिशत,

वृष्टि जयपाल पिपरे 79 प्रतिशत, , रिया विनोद कुमार रणदिवे 78.75 प्रतिशत, हिमाशी राजेन्द्र नगपुरे 78.75 प्रतिशत, वंश हंसराज सोमनकर 78.5 प्रतिशत, जान्हवी जितेन्द्र आसटकर 78.25 प्रतिशत, मान्य संतोष मेश्राम 78.25 प्रतिशत, नक्ष दुर्गेश ऐडें 78.25 प्रतिशत, कुनाल खेमेन्द्र सिंह परिहार 78 प्रतिशत, हर्ष ताराचंद रणदिवे 78 प्रतिशत, नैंशी उमेश मस्करे 77.75 प्रतिशत, अनन्या टिकाराम नेवारे 77.25 प्रतिशत, एश्वर्य सुनिल सोनवाने 76.75 प्रतिशत, भव्य विजय मस्करे 76.5 प्रतिशत, शौर्य राजु बोपचे 76.25 प्रतिशत,

नंदनी रोशनलाल खोब्रागड़े 76 प्रतिशत, अदिति अरूण सहारे 75.25 प्रतिशत प्राप्त कर विद्यालय एवं अपने परिवार को गौरवान्वित किया छात्र/छात्राओं की सफ्लता पर छात्र/छात्राओं एवं परिजनों को विद्यालय के संचालक संतोष मोरघडे, प्राचार्य महेंद्र दुरूगकर, प्रधान पाठक श्रीमती नेत्रेश्वरी सोनवाने तथा शाला परिवार के समस्त शिक्षक शिक्षिका ने बधाई प्रेषित किया।

## बिहार में स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को शाम पांच से रात 11 बजे तक महंगी बिजली मिलेगी..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***बिहार में एक अप्रैल से बिजली की कीमत 'टाइम ऑफडे' (टीओडी)प्रणाली के आधार पर तय होगी। इसमें स्मार्ट मीटर वाले उपभोक्ताओं को शाम को अधिक मांग के समय महंगी बिजली मिलेगी। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।***

ऊर्जा विभाग के सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि 'टीओडी' व्यवस्था के तहत बिजली की दरें खपत के समय के अनुसार बदलती हैं। अधिक मांग के समय दरें अधिक और कम मांग के समय कम रहती हैं।

आदेश के अनुसार, राज्य के उपभोक्ताओं को दिन के समय बिजली उपयोग पर अधिकतम 20 प्रतिशत तक की छूट मिलेगी। बिहार विद्युत विनियामक आयोग (बीईआरसी) ने बिजली वितरण कंपनियों नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की मांग पर इस योजना को मंजूरी दी है।

बीईआरसी ने दिन को तीन अवधियों में विभाजित किया है। इसके मुताबिक सुबह नौ बजे से शाम पांच बजे तक कम खपत वाला समय तय किया गया है जबकि शाम पांच बजे से रात 11 बजे तक अधिक खपत वाला समय माना जाएगा।

रात 11 बजे से सुबह नौ बजे को सामान्य अवधि माना जाएगा। आदेश के मुताबिक, ग्रामीण (डीएस-1) और शहरी (डीएस-2) श्रेणी के स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले घरेलू उपभोक्ताओं को कम मांग के समय 7.42 रुपये प्रति यूनिट के आधार दर पर 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी, जिससे बिजली की प्रभावी दर 5.94 रुपये प्रति यूनिट हो जाएगी।

वहीं, अधिक मांग अवधि में 10 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क के साथ दर 8.16 रुपये प्रति यूनिट हो जाएगी, जबकि सामान्य अवधि में 7.42 रुपये प्रति यूनिट की दर लागू रहेगी। राज्य में लगभग 87 लाख उपभोक्ता स्मार्ट प्रीपेड मीटर का उपयोग कर रहे हैं।

## सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी का रहा शतप्रतिशत परीक्षा परिणाम...




जगप्रेरणा लांजी।

***राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा 25 मार्च को कक्षा पांचवी एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी के सभी छात्र शतप्रतिशत उत्तीर्ण हुए।***

कक्षा पांचवी का परीक्षा परिणाम - कुल छात्र - 37, प्रथम श्रेणी - 27 एवं द्वितीय श्रेणी - 10 विद्यार्थी रहें। जिनमें अव्वल आने वालों में तोषी येड़े पिता देवेश येड़े - 89.75 प्रतिशत, सौरभ महोबिया पिता संतोष महोबिया - 88.5 प्रतिशत, श्रेया बड़मे पिता सुनील बड़मे - 83 प्रतिशत, मोहन रहमतकर पिता विनोद रहमतकर - 80.75 प्रतिशत, काव्या महोबिया पिता धनेश महोबिया - 79.25 प्रतिशत रहा। इसी तरह कक्षा आठवीं में कुल छात्र दर्ज 45, प्रथम श्रेणी - 31, द्वितीय श्रेणी - 13 विद्यार्थी रहें। अव्वल आने वालों में मोहित दमाहे पिता विजय दमाहे - 87.66 प्रतिशत, चिराग अगासे पिता रंजीत अगासे - 86.83 प्रतिशत, विनय कुशले पिता सतीश कुशले - 85.83 प्रतिशत, दीपेश दोडके पिता भाऊलाल - 83 प्रतिशत, मृणाली डेकाते पिता राजेंद्र डेकाते - 81.83 प्रतिशत रहा। विद्यालय के अध्यक्ष बारेलाल बड़गैया, सचिव विजय रामटेकर, सहसचिव श्रीमती दुर्गा रामटेकर, सदस्य टी. डी. लिल्हारे, प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी, प्रधानाचार्य सदरूलाल बोहने एवं समस्त शिक्षकों ने सभी उत्तीर्ण भैया-बहनों एवं उनके माता-पिता को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

## अधिकारी आत्महत्या की जांच सीबीआई से नहीं बल्कि न्यायाधीश से कराये सरकार : वडिंग..




जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***कांग्रेस की पंजाब इकाई के प्रमुख अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने बुधवार को अमृतसर में वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के एक अधिकारी की आत्महत्या की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा नहीं बल्कि उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश द्वारा कराने की मांग की।***

वडिंग ने आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के तहत सीबीआई ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है। वडिंग का रुख कांग्रेस के चार अन्य सांसदों (गुरजीत सिंह औजला, चरणजीत सिंह चन्नी, सुखजिंदर सिंह रंधावा और धर्मवीर गांधी) से भिन्न है,

जिन्होंने अमृतसर में पंजाब स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा की मौत की सीबीआई जांच की मांग की थी। रंधावा ने कथित तौर पर 21 मार्च को जहर खाकर आत्महत्या कर ली।

उसी दिन एक वीडियो सामने आया जिसमें रंधावा ने कथित तौर पर लालजीत सिंह भुल्लर द्वारा उत्पीड़न का आरोप लगाया। भुल्लर ने मु ख्य म ं त्री भगवंत मान के निर्देश पर उसी दिन मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। दो दिन बाद पट्टी से आम आदमी पार्टी के विधायक भुल्लर को गिरफ्तार कर लिया गया।

लुधियाना से लोकसभा सदस्य वाड़िंग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ÷मैं अपने इस रुख को दोहराता हूं कि वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के जिला प्रबंधक डॉ. गगनदीप सिंह रंधावा की दुखद आत्महत्या की जांच उच्च न्यायालय के मौजूदा न्यायाधीश की देखरेख में होनी चाहिए। सीबीआई जांच का पिछला अनुभव बहुत सकारात्मक और उत्साहजनक नहीं रहा है। भाजपा के शासन में जांच एजेंसी ने अपनी विश्वसनीयता खो दी है।'

उन्होंने कहा, 'ऐसे कई उदाहरण हैं जहां सीबीआई जांच से कोई नतीजा नहीं निकला है। इसीलिए मैं इस बात पर जोर दे रहा हूं कि मामले की जांच उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की देखरेख में होनी चाहिए।' हालांकि, वडिंग ने कहा कि वह परिवार की इच्छा का समर्थन करते हैं।

उन्होंने कहा, 'अगर परिवार सीबीआई जांच चाहता है तो वह भी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की देखरेख में ही होनी चाहिए।'

## 'बारामती विमान दुर्घटना मामले में बेंगलुरु में प्राथमिकी दर्ज होने का मकसद महाराष्ट्र को बदनाम करना'..



जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि विमान दुर्घटना में पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मृत्यु होने के मामले में बेंगलुरु में 'जीरो एफआईआर' दर्ज की जाना राज्य की छवि धूमिल करने की एक 'रणनीतिक कोशिश' है।***

विधानसभा में विपक्ष द्वारा लाए गए प्रस्ताव और राकांपा(एसपी) के विधायक रोहित पवार द्वारा उठाए गए मुद्दों का जवाब देते हुए फडणवीस ने कर्नाटक में दर्ज प्राथमिकी को राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया।

उन्होंने कहा कि 'जीरो एफआईआर' केवल तब दर्ज की जा सकती है जब पीड़ित स्थानीय थाने तक नहीं पहुंच सकता हो या यह स्पष्ट न हो कि अपराध किस थानाक्षेत्र में हुआ।

गृह विभाग का प्रभार संभाल रहे फडणवीस ने कहा, 'अगर ऐसा होता रहा, तो महाराष्ट्र के नेता भी मुंबई के थानों में कर्नाटक के अधिकारियों के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज करा सकते हैं।'

अजित पवार के भतीजे रोहित पवार ने मंगलवार को कहा था कि कथित लापरवाही के संबंध में महाराष्ट्र पुलिस द्वारा उनकी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज न किए जाने के कारण उन्होंने बेंगलुरु में 'जीरो एफआईआर' दर्ज कराई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मामला फिलहाल आकस्मिक मृत्यु रिपोर्ट (एडीआर) के रूप में दर्ज है। उन्होंने कहा, 'यदि जांच में लापरवाही या किसी साजिश का पता चलता है, तो आरोप पत्र दाखिल करने के समय एडीआर को प्राथमिकी में बदला जाएगा।'

जांच की जानकारी देते हुए फडणवीस ने कहा कि मुंबई और बारामती के सीसीटीवी फुटेज से अजित पवार के विमान में सवार होने की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि डीएनए और विसरा जांच समेत फॉरेंसिक रिपोर्ट में शराब के सेवन, जहर के संबंध में सबूत नहीं मिले।

मराठा स्पोर्ट्स
9284744867
9112026507
7006748047
T-shirt
Lower
Short
Shoes etc.
All Sports Items Available
नारायण लॉन के सामने क्रिडा संकुलन मरारटोली, गोंदिया





दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
भुमेश्वर धमगाये गोरेगांव
मो. 9637631171

# मांडोदेवी देवस्थान में 34 वां सर्वजातीय सामूहिक विवाह भव्य आयोजन 27 मार्च को..

## रामनवमी के पावन अवसर पर अबतक 186 जोड़ों का पंजीकरण..

## विधायक विनोद अग्रवाल की ओर से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का निवेदन..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***श्री सूर्यादेव मांडोबाई देवस्थान समिति, बघेडा (तेढा), तहसील आमगांव, जिला गोंदिया द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 27 मार्च 2026 को रामनवमी के पावन***

अवसर पर 34वां सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष संस्था ने 111 जोड़ों का लक्ष्य रखा था, परंतु श्रद्धालुओं व समाजजन के उत्साह के कारण अब तक 186 जोड़ों का पंजीकरण पूर्ण हो चुका है। सभी नवयुगल माँ मांडोदेवी के आशीर्वाद से बिना किसी शुल्क के परिणय सूत्र में बंधेंगे।

संस्था के अध्यक्ष एवं विधायक विनोद अग्रवाल ने बताया कि यह आयोजन वर्ष 1993 से निरंतर चल रहा है, और सामूहिक विवाह के माध्यम से समाज में आर्थिक, समयबद्ध और संस्कारयुक्त वैवाहिक व्यवस्था को बढ़ावा दिया जाता है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वरवधू दंपतियों को विवाहोपरांत जीवनोपयोगी सामग्री, वस्त्र तथा सोने का मंगलसूत्र प्रदान किया जाएगा। संस्था अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष भैयालाल सिंदराम, सचिव डॉ. लक्ष्मण भगत, सहसचिव कुशन घासले, कोषाध्यक्ष विश्वनाथ असाटी, तथा सभी पदाधिकारियों ने समाज के अधिक से अधिक लोगों को इस आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की है। मंदिर के पुजारी पंडित अयोध्यादास जी महाराज ने भी सभी भक्तों को रामनवमी पर्व पर आशीर्वाद लेने का आग्रह किया है।

### मध्य भारत का प्रमुख धार्मिक पर्यटन स्थल – सूर्यादेव मांडोबाई देवस्थान..

सूर्यादेव मांडोदेवी देवस्थान को धार्मिक व सामाजिक कार्यों हेतु महाराष्ट्र सरकार के सामाजिक न्याय विभाग का सर्वोच्च फूले-शाहू-आंबेडकर पुरस्कार प्राप्त हो चुका है। संस्था द्वारा सर्वधर्म समभाव, मानव कल्याण और विश्व कल्याण की संकल्पना को साकार किया जा रहा है, जिसके कारण यह स्थल मध्य भारत का प्रमुख तीर्थ-पर्यटन केंद्र बन चुका है। यहां प्रतिदिन 3 से 4 हजार श्रद्धालु व पर्यटक दर्शन के लिए पहुंचते हैं। प्राकृतिक सुंदरता, शांत वातावरण और देवी के प्राचीन मंदिर के कारण यह स्थल विशेष आकर्षण का केंद्र है। भक्तों हेतु लगभग 50 से अधिक दुकानें व होटल उपलब्ध हैं। संस्था द्वारा निरंतर आरोग्य शिविर, सामाजिक सेवा कार्यक्रम, तथा प्रतिदिन विवाह सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। अब तक हजारों विवाह, जिनमें बड़ी संख्या में अंतरजातीय विवाह, संपन्न करवाए जा चुके हैं–जो सामाजिक न्याय और समानता की दिशा में उल्लेखनीय उदाहरण हैं। विवाह पंजीकरण व जानकारी हेतु संस्था के सदस्य किशोर शेंडे से मो. 7887691504 एवं अमोल भारती से मो. 9284437157 पर संपर्क किया जा सकता है।

# जेतवन बुध्द विहार गोरेगांव में डॉ. बाबासाहब भीमराव अम्बेडकरजी की 135 वी जयंती कार्यानुभव

जगप्रेरणा गोरेगांव।

***डॉ. बाबासाहब भीमराव अम्बेडकरजी की 135वी जयंती का कार्यानुभव कार्यक्रम जेतवन बुध्द विहार गोरेगाव में सभी पदाधिकारी और समाज बांधवों के समक्ष लिया गया।***

कार्यक्रम की रूपरेखा कमेटी के अध्यक्ष श्री लेहनदास गोविंदराव शहारे साहब इनके मार्गदर्शन में कमेटी गठीत की गयी, तथा उपाध्यक्ष श्री मनोजकुमार सेवकराम चौधरी साहब के मार्गदर्शन मे कार्यक्रम की योजना तयार की गयी। कमेटी के सचिव श्री घनश्याम राजाराम धमगाये साहब, सहसचिव इंजी. स्मित कामेश सांगोळे, कोषाध्यक्ष इंजी. मनिषकुमार घनश्याम धमगाये, संघटक श्री सुभाष भिलन टेंभूर्णिकरजी साथ ही कमेटी के सदस्य श्री रणधीर मधुकरजी नंदेश्वर, आकाश भुमेश्वरजी धमगाये, इंजी. सुमेध सिद्धार्थ भौतमांगे, श्री घनश्याम लालाजी वाघमारे, श्री दिनेश रामप्रसादजी साखरे, कु. हर्षलताताई सेवकजी साखरे, श्री राजेश रविंद्रजी टेंभूर्णिकर, श्री सुधीर रमेशजी टेंभूर्णिकर, श्री डी. डी. रामटेके सर, श्री धीरज गजाननजी राऊत तथा वकील डी. पी. खोब्रागडे साहब, आदी उपस्थित थे। सभी पदाधिकारी को अवगत कराया गया की सभी समय का विशेष ध्यान रखते हुये, कार्यक्रम को हर्षोउल्लास से मनाया जाये तथा डॉ. बाबासाहब के विचारो से प्रेरणा ले जो की सभी समाज बांधवो के हितोकी रक्षा करते है और समसमान अधिकार देते है।

विशेषकर, डॉ. बाबासाहब अम्बेडकरजी किसी एक वर्ग विशेष के नहोकर वह सभी पिढ़ित और शोषित वर्ग के है, आज उनके विचार सभी समाजके हितो की रक्षा करते है, वैज्ञानिक दृष्टिकोन, कठिन परिक्षम, जिज्ञासू वृत्ती आज के यूवा पिढी की जरूरत है। सब्बभवतूमंगलम।

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एव विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### मजदूरी के पैसे मांगने की बात पर हुई मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के डुग्गीपार पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 24/3/2026 के सुबह 7 बजे के दरम्यान ग्राम घटेगाव मे फर्यादी कैलास लहु गोंडाने उम्र 52 वर्ष निवासी घटेगाव और आरोपी रिश्तेदार होकर घटना के समय आरोपी ने फर्यादी से कहा तु वासनिक के पास काम पर जाता है, उससे मेरे पैसे क्यो नही मांगता। फर्यादी ने कहा काम तुने किया है तु खुद क्यो नही बोलता इस बात पर आरोपी ने कुल्हाडी के डंडे से फर्यादी के सरपर मारकर जख्मी कर जान से मारने की धमकी देने से दिये शिकायत पर पोस्टे डुग्गीपार मे अपराध क्रमांक 146/2026 धारा 118,1,351,2,352, भान्यास 2023 के तहत दर्ज कर जॉच पोहवा कोटांगले 1394 पोस्टे डुग्गीपार कर रहे है।

### नौकरी लगा देने के नाम पर की ठगी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत धोखाधडी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 15/2/2026 से दिनांक 23/3/2026 के दरम्यान अज्ञात पुरुष ने फर्यादी और उनके दोस्तो को मै इनस्पेक्टर हु, तुमको पुलिस मे भर्ती करा देता हु बोलकर गाव के नर्सरी मे बुलाकर उनसे सोने के गहने दे ढ तोले का मंगलसुत्र किमत 45 हजार, 10 ग्राम सोने की चैन किमत 54 हजार रुपये,6 ग्राम सोने की चैन किमत 18 हजार, 2 ग्राम सोने की नथ किमत 10 हजार रुपये, कुल 1 लाख 27 हजार रुपये का माल लेकर धोखाधडी करने से फर्यादी की शिकायत पर पोस्टे गोरेगाव मे अपराध क्रमांक 177/2026 धारा 318,2,318,4,319,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोऊपनी सुजित घोलप पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।

### रोड के निर्माणकार्य से 2 डामर ड्रम चोरी मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के ग्रामीण पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 17/2/2026 के सुबह 6 बजे से दिनांक 24(3/2026 के दरम्यान फर्यादी सुमित चिंतामण बघेले उम्र 23 वर्ष का रोड निर्माण कार्य आसोली नवरगाव मे चालु है, उन्होंने काम के लिये 8 ड्रम डांबर लाया हुवा था। घटना के दरम्यान 2 ड्रम किमत 24 हजार रुपये का माल अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ पोस्टे गोंदिया ग्रामीण मे अपराध क्रमांक 169/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत दर्ज कर जॉच पोहवा सोनटक्के 1571 पोस्टे गोंदिया ग्रामीण कर रहे है।

### बेटी को देखने ससुराल गये जवाई से की मारपीट मामला दर्ज..

जगप्रेरणा गोंदिया।

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 23/3/22026 के 4 बजे के दरम्यान सिंगलटोली गोंदिया मे फर्यादी कुणाल वसंत वालदे उम्र 25 वर्ष निवासी हिवरा अपने ससुराल बेटी को देखने गया था। वहा आरोपियो ने गालीगलौच की और आरोपी क्रमांक 1 ने कहा मेरे घर क्यो आया बोलकर मारपीट की आरोपी क्रमांक 2 ने लकडी से हाथ पैर पर मारकर जख्मी किया और आगे से आया तो देख लूंगा धमकी देने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 261/2026 धारा 118, 1, 352, 351, 2, 3, 5, भान्यास 2023 के तहत दर्ज कर जॉच पोहवा देवानंद पारधी 1506 पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

# आमगांव में श्रीराम जन्मोत्सव की भव्य शोभायात्रा..





## श्रद्धा, भक्ति और उत्साह का महोत्सव –28 मार्च को झांकियां..

जगप्रेरणा आमगांव।

***श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर श्रीराम जन्मोत्सव समिति और सकल समाज, आमगांव की ओर से 28 मार्च 2026 को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया है।***

खास बात यह है कि इस शोभायात्रा का मुख्य आकर्षण सभी समाज के महिला मंडलों द्वारा प्रस्तुत की जाने वाली भव्य और आकर्षक झांकियां होंगी।

भव्य शोभायात्रा का मार्ग और समापन- यह शोभायात्रा शाम 4 बजे साहित्य मंडल, रिसामा से प्रारंभ होगी। शोभायात्रा का मार्ग इस प्रकार रहेगाः

आंबेडकर चौक ➡, अष्टविनायक चौक, गांधी चौक, ➡ छत्रपति शिवाजी महाराष्ट्र चौक ( कामठा चौक) ➡ पुनः गांधी चौक ➡ महाकाली मंदिर ➡ बनिया मोहल्ला मार्ग होते हुए प्राचीन राजा रामलला सरकार मंदिर में समाप्त होगी। समापन स्थल पर महाआरती और महाप्रसाद का आयोजन किया गया है।

### महिला मंडलों द्वारा भव्य झांकियां..

शोभायात्रा में प्रमुख आकर्षण होंगे महिला मंडलों द्वारा सजे भक्तिमय झांकियों के दृश्य। विभिन्न समाज की महिला मंडल, सुरभि गौशाला समिति, शक्ति ग्रुप आदि की झांकियां रहेगी।

### विशेष आकर्षण : भव्य झांकियां और दृश्य..

श्रीराम जन्मोत्सव समिति और सकल समाज, आमगांव की ओर से विशेष झांकियां प्रस्तुत की जाएंगीः

श्रीराम-जानकी (मूर्तिस्वरूप)। बाहुबली महाबली हनुमान। वानरसेना। महाकाली, महाकाल। आदियोगी। कृष्ण-सुदामा-हनुमान। श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था : शोभायात्रा में भाग लेने वाले श्रद्धालुओं के लिए विभिन्न स्थानों पर पेयजल, शरबत, मठ्ठा और आइसक्रीम की निःशुल्क व्यवस्था की गई है। श्रीराम जन्मोत्सव समिति और सकल समाज, आमगांव की ओर से सभी नागरिकों से इस ऐतिहासिक शोभायात्रा में शामिल होकर भक्तिमय वातावरण का आनंद लेने की अपील की गई है।

# प्रिंसिपल जी. जे. परदेशी की कोशिशों से ज़िला परिषद हाई स्कूल साकरीटोला स्कूल की सूरत बदल जाएगी




जगप्रेरणा सालेकसा।

ज़िला परिषद हाई स्कूल साकरीटोला में आज 600 स्टूडेंट्स हैं और स्कूल एकेडमिक क्वालिटी के आधार पर आगे बढ़ रहा है। साकरीटोला और आस-पास के इलाकों से सभी स्टूडेंट्स इसी स्कूल में आते हैं और यह सबसे ज़्यादा स्टूडेंट्स वाला स्कूल है। इन स्कूलों में टीचर्स स्कॉलरशिप क्लास, नवोदय क्लास, **M. N. S** क्लास के लिए कोशिश करते हैं, इसलिए मैं सभी पेरेंट्स को विनंती कर रहा हूँ कि वे अपने बच्चों की तरक्की पक्का करने के लिए इस स्कूल में एडमिशन लें। ज़िला परिषद मेंबर श्रीमती वंदनाताई काले, सरपंच श्री नरेशजी कावरे ने स्कूल की तरक्की और डेवलपमेंट में कीमती योगदान दिया है, लेकिन फिजिकल सुविधाओं और दूसरी चीज़ों की कमी के कारण स्कूल कहीं पीछे रह गया था, इसलिए **NGOs** के ज़रिए स्कूल की मदद करने की कोशिश की जाएगी। क्लासरूम और फर्नीचर की बहुत कमी थी, लेकिन **HDFC** बैंक 'युवा अनस्टॉपेबल अहमदाबाद गुजरात' **NGO** के ज़रिए स्कूल में ये काम किए जा रहे हैं। इस **NGO** के कोऑर्डिनेटर श्री संदीप हांडे हैं, जिन्होंने इस काम में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने स्कूल की मदद की है

**NGO के संदीप हांडे द्वारा की गई मदत–**

1 लड़कों का टॉयलेट - **CWSN** 1। 2 लड़कियों का टॉयलेट - **CWSN** । 3 पीने के पानी की जगह। 4 बर्तन धोने की जगह। 5 **MDM** शेड (फर्श के साथ)। 6 नए क्लासरूम का कंस्ट्रक्शन 2। 7 प्लेग्राउंड। 8 **बिल्डिंग में इलेक्ट्रिकल काम–** 1 बेंच 200। 2 स्मार्ट बोर्ड 5। 3 सोलर पैनल। 4 ओपन एयर जिम। 6 लाइब्रेरी का कंस्ट्रक्शन। 7 एजुकेशनल म्यूरल। 8 अलमारी 5। 9 ब्रांडिंग। 10 गार्डनिंग। 11आर ओ वॉटर प्यूरिफिकेशन मशीन।12 वाटर कूलर वगैरह।

**NGO** इस स्कूल में यह काम कर रहा है जिससे स्कूल को फिजिकल और एजुकेशनल कामों में बहुत मदद मिलेगी। जिला परिषद गोंदिया हमेशा स्कूल में अहम भूमिका निभाता है। जब से जिला परिषद के चीफ एग्जीक्यूटिव श्री एम मुरुगनंथम गोंदिया आए तब से गोंदिया में एजुकेशन की क्वालिटी में बहुत बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने स्कूल में स्टूडेंट्स की संख्या को देखते हुए तीन नए एजुकेशन वर्कर अपॉइंट किए। जब भी जिले में कोई समस्या होती है, तो वह उसे हल करने की पूरी कोशिश करते हैं।

जिला परिषद लेवल पर फंड की कमी के कारण हर स्कूल में ज़्यादा काम नहीं कर सकते, इसलिए स्कूल को डेवलप करने और बदलने के लिए **NGOs** की मदद लेना ज़रूरी है। माननीय चीफएग्जीक्यूटिव ने **NGOs** के ज़रिए स्कूल में हो रहे डेवलपमेंट के काम पर खुशी जताई है।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



**शांति मार्च**

श्रीराम नवमी के अवसर पर मंदिर परिसर, शोभायात्रा के मार्ग पर शांति बहाली के लिए आमगांव पुलिस प्रशासन द्वारा थानाधिकारी तिरुपति राणे के मार्गदर्शन में पुलिस स्टेशन से मुख्य मार्गों पर शांति मार्च निकाला गया।

# नकली जेवर थमाकर ज्वेलर्स को चूना लगाने वाली महिला गिरफ्तार, व्हाट्सएप ग्रुप की सतर्कता आई काम..

जगप्रेरणा तिरोड़ा।

***तिरोड़ा शहर के सराफा बाजार में नकली आभूषणों के जरिए ठगी करने वाली एक शातिर महिला को पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी महिला ने शहर के कई प्रतिष्ठित ज्वेलर्स को अपना निशाना बनाया था।***

पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता **(BNS)** की धारा 318(4) के तहत मामला दर्ज किया है।



### ऐसे दिया वारदात को अंजाम..

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार 25 मार्च 2026 को दोपहर करीब 3:30 बजे रूपा सतीश पवार (36) नामक महिला 'तारसेवाला ज्वेलर्स' पहुंची। उसने पुराने सोने के आभूषण बेचने और नई सोने की चेन खरीदने का नाटक किया। इस दौरान महिला ने असली बताकर पॉलिश किए हुए नकली आभूषण दुकानदार को थमा दिए और करीब 30,500 रुपये की ठगी कर रफूचक्कर हो गई।

### व्हाट्सएप ग्रुप और सीसीटीवी ने बिछाया जाल..

ठगी का अहसास होते ही घटना की जानकारी और संदिग्ध महिला के सीसीटीवी फुटेज 'तिरोड़ा न्यूज़ (ताजी बातमी)' व्हाट्सएप ग्रुप पर साझा किए गए। इसी बीच, महिला अगली ठगी की नियत से 'पटले ज्वेलर्स' पहुंची। वहां के संचालकों ने व्हाट्सएप पर वायरल फोटो और हुलिए के आधार पर महिला को तुरंत पहचान लिया और पुलिस को सूचना दी।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई..

सूचना मिलते ही पुलिस उप निरीक्षक प्रियंका बैंस और हवलदार नितेश बावने की टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी रूपा पवार को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि पकड़ी गई महिला ने उसी दिन कुंभारे ज्वेलर्स और भरने ज्वेलर्स में भी इसी तरह की ठगी को अंजाम दिया था।

### बोले पुलिस निरीक्षक अमित वानखेड़े..

'महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है और उससे सघन पूछताछ जारी है। प्राथमिक जांच में कई ज्वेलर्स के साथ ठगी की बात सामने आई है। दुकानदार किसी भी अनजान व्यक्ति से पुराने जेवर खरीदते समय पूरी सावधानी बरतें।'

यह पूरी कार्रवाई थाना प्रभारी अमित वानखेड़े के मार्गदर्शन में पीएसआई प्रियंका बैंस, पीएसआई कोंडे, हवलदार नितेश बावने और कांस्टेबल शैलेश दमाहे द्वारा की गई। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि क्या इस गिरोह में अन्य लोग भी शामिल हैं।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145


जग प्रेरणा
# गोंदिया भंडारा

● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टैंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर

## श्रीराम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में रामनगर श्रीराम मंदिर से आज निकलेगी भव्य शोभायात्रा..

### श्रीराम जन्मोत्सव समिति अध्यक्ष हेमेन्द्र पोद्दार ने की सकल हिन्दु समाज से भव्य उपस्थिति की अपील..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***सांसारिक जीवन में मानव स्वरुप में जन्म लेकर भगवान श्री राम के स्वरुप में भगवान विष्णु ने जीवन के आदर्श और मर्यादा का पाठ धरती पर जीवन जीने वाले मनुष्यों को सिखाया। रावण का वध कर संसार***

को अन्याय और अत्याचार से मुक्त कर इस धरती को सतयुग के रुप में स्थापित करने में भगवान श्रीराम का बड़ा योगदान था, जिसके चलते आज भी भगवान श्री राम के युग और रामराज्य का उदाहरण दिया जाता है। भारत का बच्चा बच्चा स्वयं को राम का मानता है। जीवन में आदर्श और मर्यादा का पाठ पढ़ाने वाले ऐसे ही मर्यादापुरुषोत्तम भगवान श्री राम का जन्मोत्सव आज 26 मार्च को चैत्र माह की नवमी को धुमधाम से मनाया जायेगा। भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के अवसर पर आज 26 मार्च को सर्वप्रमि रामनगर स्थित श्रीराम मंदिर में दोपहर 12 बजे भगवान श्री राम जी का जन्मोत्सव धुमधाम से मनाया जायेगा। इसके उपरांत दोपहर 3 बजे से भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा रामनगर राम मंदिर से निकाली जायेगी, जो कि नगर भ्रमण करते हुए झिरिया मंदिर में शोभायात्रा का समापन होगा।

### भव्य उपस्थिति की अपील..

भगवान श्री राम जी की भव्य शोभायात्रा की संपूर्ण तैयारियो को अंजाम देते हुए श्रीराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष हेमेन्द्र पोद्दार एवं सचिव नितिन जिंदल ने समस्त नगरवासियों से बड़ी संख्या में शोभायात्रा में शामिल होने का आहवान किया है।

### सुंदर रथ पर विराजेंगे प्रभुश्री राम..

गौरतलब है कि आज 26 मार्च को भगवान श्री राम के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा में हजारों की संख्या में हिन्दु धर्म के लोग शामिल होंगे। इस शोभायात्रा में सबसे आगे भगवान श्री राम की आकर्षक झांकी होगी, इसके साथ ही आकर्षक अन्य देवी देवताओं की झांकियां, बैंड बाजों के साथ युवकों की टोली झुमते नाचते नजर आयेगी, वहीं नगर में अनेक सामाजिक, धार्मिक व राजनीतिक संगठनों के द्वारा शोभायात्रा का फल, शरबत आदि से स्वागत किया जायेगा।


### इन मार्गो से होकर गुजरेगी शोभायात्रा..

गौरतलब है कि शोभायात्रा रामनगर श्रीराम मंदिर से शुरु होकर प्रफुलभाई बंगला, रामनगर बाजार चौक, राम द्वार, माल धक्का, कस्तुर होटल, गुजराती स्कूल, पाल चौक, एन.एम.डी. कॉलेज, गायत्री मंदिर, रानी अवंतीबाई चौक, बड़ी जेम स्कूल, छोटा पाल चौक, विशाल मेगामार्ट, बस स्टैंड, केसर होटल से होते हुए बड़े पुल, आंबेडकर चौक, सुभाष गार्डन, आर.टी.ओ. ऑफीस, काका चौक, इंगले चौक, हनुमान चौक, नेहरु चौक, खोजा मस्जिद, जैन मंदिर, श्री टॉकीज चौक, गजानन फार्मेसी, शनि मंदिर, विकास मेडिकल, दुर्गा चौक, गोरेलाल चौक, गांधी प्रतिमा, प्रभात टॉकीज, गौरक्षण मार्केट, पानी टंकी से मेठाराम की दुकान से चांदनी चौक, ईसरका मार्केट, बापूजी व्यायाम शाला, यादव चौक, शंकर चौक होते हुए झिरिया मंदिर पहुंचेगी, जहां पर श्री मारवाडी युवक मंडल के अध्यक्ष महेश गोयल के प्रतिनिधित्व में भगवान श्री राम की महाआरती एवं महाप्रसाद वितरण के साथ शोभायात्रा का समापन होगा।

दो दोस्तों के बीच आपसी लेन देन में विवाद के बाद

## चेक बाउंस मामले में गोंदिया की अदालत ने आरोपी दोस्त को सुनाई 6 महीने की जेल की सजा..

### 2 लाख का जुर्माना भी लगाया तथा जुर्माना अदा नही करने पर दो माह अतिरिक्त जेल की भी दी सजा..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, गोंदिया न्यायालय ने चेक अनादरण के एक मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी रोशन नामदेव किरनापुरे को दोषी करार दिया है। पीठासीन अधिकारी कमल एम. जयसिंघानी ने आरोपी को 6 महीने के साधारण कारावास की सजा***

सुनाई और 2 लाख रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता दीपक रमेश टेम्भुर्णे और आरोपी रोशन किरनापुरे पुराने सहपाठी थे। जून 2020 में, आरोपी की वित्तीय आवश्यकता को देखते हुए शिकायतकर्ता ने उसे 2,80,000 रुपये का मैत्रीपूर्ण ऋण दिया था। इस ऋण की अदायगी के लिए आरोपी ने दो पोस्ट-डेटेड चेक जारी किए थे। इनमें से एक लाख रुपये का पहला चेक भुना लिया गया, लेकिन दूसरा चेक (नंबर 000020), जिसकी राशि 1,80,000 रुपये थी, बैंक में प्रस्तुत करने पर 'स्टॉप पेमेंट कर भुगतान को रोका गया' की टिप्पणी के साथ वापस आ गया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने कानूनी नोटिस भेजा, जिसका पालन न होने पर अदालत में मामला दर्ज किया गया। मामले की सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों के वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने अपनी दलीलें पेश की। शिकायतकर्ता का प्रतिनिधित्वः अधिवक्ता अनिता आर. दास एवं अधिवक्ता संदीप खातेड ने किया। उन्होंने तर्क दिया कि चेक एक कानूनी ऋण चुकाने के लिए जारी किया गया था और सभी वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन किया गया है। अधिवक्ता मयंक एम. गुप्ता ने बचाव पक्ष की ओर से शिकायतकर्ता की वित्तीय क्षमता पर सवाल उठाए और तर्क दिया कि चेक का दुरुपयोग किया गया है। न्यायालय ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद पाया कि शिकायतकर्ता यह साबित करने में सफल रहा कि चेक वैध ऋण के बदले दिया गया था। मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश में कहा कि आरोपी ने लगभग 6 वर्षो तक शिकायतकर्ता की राशि को रोके रखा, जिससे उसे वित्तीय नुकसान हुआ तथा इस मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को 6 महीने की साधारण जेल और 2 लाख रुपये का जुर्माना, जिसे वसूलने के बाद शिकायतकर्ता को मुआवजे के रूप में दिया जाएगा। जुर्माना न भरने पर आरोपी को 2 महीने की अतिरिक्त जेल काटनी होगी। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि आयकर रिटर्न में लेनदेन का उल्लेख न होना एक अलग प्रशासनिक मामला है और यह चेक बाउंस के मामले में आरोपी को दोषमुक्त करने का आधार नहीं हो सकता।

## जय जय श्रीराम से गूंजा गोंदिया

### श्रीराम जन्मोत्सव के पूर्व दिवस गोंदिया नगर में निकली भव्य भगवा मोटर सायकिल रैली..

### हजारों की संख्या मे जोश और उत्साह के साथ शामिल हुए हिन्दु धर्मी..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गोंदिया शहर में श्रीराम जन्मोत्सव के पूर्व दिवस आज 25 मार्च को श्री राम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में रामनगर राम मंदिर से***

भव्य भगवा मोटर सायकिल रैली निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में शामिल होकर युवाओं ने जोश और उत्साह के साथ जय जय श्रीराम के नारों से नगर को गुंजायमान कर दिया।

### खुली जीप मे सवार होकर निकले हेमेन्द्र पोद्दार..



गौरतलब है कि श्रीराम जन्मोत्सव के अवसर पर पूर्व दिवस आयोजित भगवा मोटर सायकिल रैली का नेतृत्व श्रीराम जन्मोत्सव समिति के अध्यक्ष हेमेन्द्र पोद्दार ने किया। हेमेन्द्र पोद्दार और उनके साथ वरिष्ठ पदाधिकारी खुली जीप में मोटर सायकल रैली की अगुवाई करते हुए शामिल हुए, जबकि वहीं उनके पीछे हजारों की संख्या में युवा भगवा ध्वजों को मोटर सायकिल में लहराते हुए जयश्रीराम के नारे लगाते नजर आए।

### जगह जगह किया गया स्वागत..



गौरतलब है कि मोटर सायकिल भगवा रैली का नगर में अनेक चौक चौराहों पर स्वागत किया गया। अनेक संस्थाओं द्वारा जल, फल, शरबत, छाछ आदि पेय पदार्थ की व्यवस्थाएं की गई, और रामभक्ती में डुबे मोटर सायकिल चालकों का उत्साह बढ़ाया गया।

### नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे ने की मोटर सायकिल रैली पर जेसीबी से फुल वर्षा..

गौरतलब है कि भगवा मोटर सायकिल रैली में शामिल युवाओं का उत्साह बढ़ाते हुए नगर परिषद अध्यक्ष सचिन शेंडे भी मोटर सायकिल रैली में शामिल हुए। इससे पहले सचिन शेंडे ने जेसीबी मशीन में चढ़कर स्वयं अपने हाथों से राम भक्त युवाओं का जोश बढ़ाते हुए उन पर फुलों की वर्षा की।

### इन मार्गो से निकली मोटर सायकिल रैली..

गौरतलब है कि भगवा मोटर सायकिल रैली राममंदिर रामनगर से निकली, जो कि हुए मनोहर कॉलोनी, बाजार चौक, बिरजू चौक, जलाराम किराना, राजलक्ष्मी चौक, गायत्री मंदिर, रिंग रोड, रानी अवंतिबाई चौक, जे.एम. स्कूल, विशाल मेगामार्ट, बड़ा पुल, आम्बेडकर चौक, पुराना आरटीओ ऑफिस, हनुमान मंदिर, मामा चौक, दुर्गा चौक, गोल्ड सिनेमा, मनोहर चौक, निर्मल टॉकीज, फुलचुर नाका, पॉलिटेक्नीकल कॉलेज के पीछे से बस्ती, आरटीओ से यू टर्न फुलचुर नाका, निर्मल टॉकीज, चिटणीस हॉस्पिटल, विद्यानगर, प्रेम जयस्वाल के घर के सामने से एमएलए ऑफिस के सामने से, डॉ. गुप्ता के बाजु से, जग्नाथ मंदिर, पानी टंकी, जैन कुशल भवन, गांधी प्रतिमा, जयस्तंभ चौक, नेहरू चौक, गोरेलाल चौक, जैन मंदिर के सामने से बजरंग दल कार्यालय, श्री टॉकीज, लक्ष्मी स्टोर्स के सामने से शनि मंदिर, विकास मेडिकल, दुर्गा चौक, गोरेलाल चौक, गांधी प्रतिमा, चांदनी चौक, ईसरका मार्केट, बापूजी व्यायाम शाला, यादव चौक, शंकर चौक, माता मंदिर चौक, मुर्री रोड, गौशाला रोड, गौतम नगर, पोस्टमेन चौक, बब्बाभवन, हरिकाशी नगर, नाला से पंकज यादव के मकान से अंडर ग्राऊंड से राईट, सीजे कंपनी होते हुए रेस्ट हाऊस पहुंची, जहां पर फलाहार के साथ मोटर सायकिल रैली का समापन किया गया।

## प्रशासन और पेट्रोल पंप संचालक कहते रहे स्टॉक बहुत, फिर भी उमड़ी पेट्रोल पम्पों पर भारी भीड़..

### जरुरत के अनुरुप फुलटैंक की होड़ मे नजर आए वाहन चालक..



**जगप्रेरणा गोंदिया।**

अमेरिका और ईजरायल दो देशों के द्वारा विश्व के सबसे बड़े ईंधन आपूर्तिकर्ता देश ईरान पर हमला कर दिया गया है, तथा दो तरफ मार झेलने का असर ईरान की ओर से पेट्रोलियम पदार्थों की सप्लाई पर भी हो रहा है। देश में कॉमर्शियल एवं इंडस्ट्रीय गैस की कमी तो साफ दिखाई दे रही है, वहीं घरेलु गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में भी दिक्कतें बताई जा रही है, जबकि इस स्थिति में गोंदिया जिला प्रशासन की ओर से जिलाधिकारी प्रजीत नायर द्वारा जिले में पर्याप्त रसोई गैस एवं पेट्रोल डीजल के स्टॉक की जानकारी भी प्रसारित की गई। इसी के साथ गोंदिया शहर के मोदी पेट्रोप पंप के संचालक पुरुषोत्तम मोदी ने भी पेट्रोल के पर्याप्त स्टॉक का मैसेज बनाकर विभिन्न सोशल मीडया ग्रुप में प्रसारित किया, लेकिन इस स्थिति में भी पेट्रोल संकट को महसुस करने वालों की कमी नहीं रही।

गोंदिया शहर में आज 25 मार्च दिन बुधवार को सुबह से लेकर रात तक विभिन्न पेट्रोप पंपों में सैकड़ों की संख्या में लोग मोटर सायकिलें और कार आदि चौपहिया वाहन लेकर भी पहुंचे, और बड़ी देर तक कतार में लगकर पेट्रोल डीजल प्राप्त किया। अनेक लोगों ने कहा कि एक बार कि कोशिश करके फुलटैंक करा लेते हैं, ताकि यदि कोई दिक्कत भी हो तो वे ऐसी दिक्कतों से बच सके, और यही कारण रहा कि पेट्रोल पंपों पर घंटों कतार में लगकर भी अधिक से अधिक पेट्रोल भरवाने की कोशिश में लोग लगे रहे।

### कलेक्टर प्रजीत नायर ने पेट्रोल पंपों पर ईंधन संबंधी स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश



गोंदिया जिले के कलेक्टर प्रजीत नायर ने जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को ईंधन की उपलब्धता संबंधी स्पष्ट सूचना बोर्ड लगाने के निर्देश दिए हैं। मंगलवार रात पेट्रोल पंपों पर लंबी कतारें देखी गईं, जिससे आम नागरिकों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस संबंध में इंडियन ऑयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम कंपनियों के बिक्री अधिकारियों के साथ हुई चर्चा के अनुसार जिले में ईंधन का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

नागरिकों में किसी प्रकार का भ्रम न फैले, इसके लिए निर्देश जारी करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी पेट्रोल पंप पर ईंधन उपलब्ध नहीं है, तो इसकी स्पष्ट जानकारी सूचना बोर्ड पर प्रदर्शित की जाए। साथ ही, ईंधन कब तक उपलब्ध होगा, यह भी बोर्ड पर उल्लेखित होना चाहिए। इसके अलावा, यदि तकनीकी कारणों से पेट्रोल या डीजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है या पंप बंद है, तो संबंधित कारणों को भी स्पष्ट रूप से दर्शाना अनिवार्य किया गया है। जिलाधिकारी ने जिले के सभी पेट्रोल पंप संचालकों को इन निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता
रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस
मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 441601 मो. 9890696200

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com